३३. ...सावत्थियं विहरति। "पुब्बेव मे, भिक्खवे, सम्बोधा [N.144, R.170] अनभिसम्बुद्धस्स बोधिसत्तस्सेव सतो एतदहोसि—'को नु खो पठवीधातुया [B.380] अस्सादो, को आदीनवो, किं निस्सरणं; को आपोधातुया अस्सादो, को आदीनवो, किं निस्सरणं; को तेजोधातुया अस्सादो, को आदीनवो, किं निस्सरणं; को वायोधातुया अस्सादो, को आदीनवो, किं निस्सरणं' ति?

"तस्स मय्हं, भिक्खवे, एतदहोसि—'यं खो पठवीधातुं पटिच्च उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं, अयं पठवीधातुया अस्सादो; यं पठवीधातु अनिच्चा दुक्खा विपरिणामधम्मा, अयं पठवीधातुया आदीनवो; यो पठवीधातुया छन्दरागविनयो छन्दरागप्पहानं, इदं पठवीधातुया निस्सरणं। यं आपोधातुं पटिच्च...पे०...यं तेजोधातुं पटिच्च...पे०...यं

चतुर्थ वर्ग

३०. चतुर्धातुसूत्र : : चार धातु

३२. एक समय भगवान् (बुद्ध) **श्रावस्ती में** अनाथपिण्डिक द्वारा निर्मापित जेतवनाराम में साधनाहेतु विराजमान थे।....

भिक्षुओ! ये चार धातु होती हैं; जैसे—१. पृथ्वीधातु, २. अब्धातु, ३. तेजोधातु एवं ४. वायुधातु। भिक्षुओ! ये चार धातु होती हैं॥ •

३१. पूर्वसम्बोधिसूत्र : : पूर्वज्ञान, धातुओं का आस्वाद, दुष्परिणाम

३३. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ! मुझे सम्बोधि से पूर्व ही बोधिसत्त्वावस्था में कभी यह विचार हुआ—"पृथ्वीधातु का आस्वाद (स्थायी रस), दोष, नि:सरण (त्याग) क्या है? अब्धातु का....तेजोधातु का....वायुधातु का....नि:सरण क्या है?

तब मुझ को यह ध्यान में आया—"पृथ्वीधातु के कारण जो सुख सौमनस्य उत्पन्न होता है वही इस धातु का आस्वाद है। पृथ्वीधातु की अनित्यता, दु:खता एवं विनाशधर्मिता—वही उस के आदीनव हैं। तथा इस धातु का जो छन्दरागविनय या छन्दरागप्रहाण है वही इसका नि:सरण (त्याग) है। इसी तरह, अब्धातु के कारण जो सुख...तेजोधातु के

वायोधातुं पटिच्च उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं, अयं वायोधातुया अस्सादो; यं वायोधातुं पटिच्च उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं, अयं वायोधातुया अस्सादो; यं वायोधातु अनिच्चा दुक्खा विपरिणामधम्मा, अयं वायोधातुया आदीनवो; यो वायोधातुया छन्दरागविनयो छन्दरागप्पहानं, इदं वायोधातुया निस्सरणं'।

''यावकीवञ्चाहं, भिक्खवे, इमासं चतुन्नं धातूनं एवं अस्सादं च अस्सादतो आदीनवं च आदीनवतो निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं न अब्भञ्ञासिं, नेव तावाहं, भिक्खवे, सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो ति पच्चञ्ञासिं।

''यतो च ख्वाहं, भिक्खवे, इमासं चतुन्नं धातूनं एवं अस्सादं च अस्सादतो आदीनवं च आदीनवतो निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं अब्भञ्ञासिं, अथाहं, भिक्खवे, सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय [R.171] अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो ति पच्चञ्ञासिं। ञाणं च पन मे दस्सनं उदपादि—'अकुप्पा मे विमुत्ति, अयमन्तिमा जाति, नत्थि दानि पुनब्भवो''' ति।

३२. अचरिंसुत्तं

[N.145] ३४. ...सावत्थियं विहरति। ''पठवीधातुयाहं, भिक्खवे, अस्सादपरियेसनं अचरिं, यो पठवीधातुया अस्सादो तदज्झगमं, यावता पठवीधातुया अस्सादो पञ्ञाय मे [B.381] सो सुदिट्ठो। पठवीधातुयाहं, भिक्खवे, आदीनवपरियेसनं अचरिं, यो पठवी-

---

कारण....वायुधातु के कारण जो सुख सौमनस्य है वही वायुधातु का आस्वाद है....वही इस वायुधातु का नि:सरण है।

''भिक्षुओ! जब तक मुझे इन चारों धातुओं के आस्वाद, आदीनव एवं नि:सरण का यथाभूत (वास्तविक) ज्ञान नहीं हुआ, तब तक मैने देवता, मार एवं ब्रह्मा सहित इस लोक में देवमनुष्यों सहित श्रमण एवं ब्राह्मणों के मध्य यह गर्वोक्ति (दावा) नहीं की कि मुझे अनुत्तर सम्यक्सम्बुद्धत्व प्राप्त कर लिया है।

''तथा अन्त में, चिन्तन करते करते जब मुझे इन धातुओं के आस्वाद, आदीनव एवं नि:सरण का यथाभूत ज्ञान हो गया तब मैंने देवता....पूर्ववत्....सम्यक्सम्बुद्धत्व प्राप्त कर लिया है। उसी समय मुझे यह ज्ञानदर्शन भी हो गया कि मेरे चित्त की विमुक्ति स्थायी (अकोप्य) हो गयी। अब मेरा पुनर्जन्म नहीं होगा॥ •

३२. अचरिं-सूत्र : : धातुओं के आस्वादन में विचरण

३४. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।''भिक्षुओ! मैंने पृथ्वीधातु के आस्वाद की खोज में विचरण किया। मैं पृथ्वीधातु के आस्वाद की अन्तिम सीमा तक पहुँच गया। इस

धातुया आदीनवो तदज्झगमं, यावता पठवीधातुया आदीनवो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। पठवीधातुयाहं, भिक्खवे, निस्सरणपरियेसनं अचरिं, यं पठवीधातुया निस्सरणं तदज्झगमं, यावता पठवीधातुया निस्सरणं पञ्ञाय मे तं सुदिट्ठं।

"आपोधातुयाहं, भिक्खवे...पे०...तेजोधातुयाहं, भिक्खवे...वायोधातुयाहं, भिक्खवे, अस्सादपरियेसनं अचरिं, यो वायोधातुया अस्सादो तदज्झगमं, यावता वायोधातुया अस्सादो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। वायोधातुयाहं, भिक्खवे, आदीनव-परियेसनं अचरिं, यो वायोधातुया आदीनवो तदज्झगमं, यावता वायोधातुया आदीनवो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। वायोधातुयाहं, भिक्खवे, निस्सरणपरियेसनं अचरिं, यं वायोधातुया निस्सरणं तदज्झगमं, यावता वायोधातुया निस्सरणं पञ्ञाय मे तं सुदिट्ठं।

"यावकीवञ्चाहं, भिक्खवे, इमासं चतुन्नं धातूनं अस्सादं च अस्सादतो आदीनवं च आदीनवतो निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं न अब्भञ्ञासिं, नेव तावाहं, भिक्खवे, सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय [R.172] अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो ति पच्चञ्ञासिं।

"यतो च ख्वाहं, भिक्खवे, इमासं चतुन्नं धातूनं अस्सादं च अस्सादतो आदीनवं च आदीनवतो निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं अब्भञ्ञासिं, अथाहं, भिक्खवे, सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो ति पच्चञ्ञासिं। ञाणं च पन मे दस्सनं उदपादि— 'अकुप्पा मे विमुत्ति, अयमन्तिमा जाति, नत्थि दानि पुनब्भवो''' ति॥ •

३३. नोचेदंसुत्तं

३५. ...सावत्थियं विहरति। "नो चेदं, भिक्खवे, पठवीधातुया अस्सादो अभविस्स, नयिदं सत्ता पठवीधातुया सारज्जेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि

धातु के आस्वाद को मैंने प्रज्ञा से जान लिया। इसी तरह इस धातु के आदीनव तथा निःसरण की....प्रज्ञा से जान लिया।

"अब्धातु के....तेजोधातु के....वायुधातु के आस्वाद की खोज में विचरण किया। ....प्रज्ञा से जान लिया।

"भिक्षुओ! जब तक मुझे....उपरि सूत्रवत्....मैंने सम्यक्सम्बुद्धत्व प्राप्त कर लिया।

"तथा अन्त में, चिन्तन करते करते....पूर्ववत्....पुनर्जन्म नहीं होगा"॥ •

३३. नोचेदं-सूत्र : : धातुओं के यथार्थ ज्ञान से ही मुक्ति

३५. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ! यदि इस पृथ्वीधातु का आस्वाद न होता तो यहाँ के ये प्राणी इस पृथ्वी में कोई आसक्ति न रखते। क्योंकि, भिक्षुओ!

[B.382, N.146] पठवीधातुया अस्सादो, तस्मा सत्ता पठवीधातुया सारज्जन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, पठवीधातुया आदीनवो अभविस्स, नयिदं सत्ता पठवीधातुया निब्बिन्देय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि पठवीधातुया आदीनवो, तस्मा सत्ता पठवीधातुया निब्बिन्दन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, पठवीधातुया निस्सरणं अभविस्स, नयिदं सत्ता पठवीधातुया निस्सरेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि पठवीधातुया निस्सरणं, तस्मा सत्ता पठवीधातुया निस्सरन्ति।

''नो चेदं, भिक्खवे, आपोधातुया अस्सादो अभविस्स...पे०...नो चेदं, भिक्खवे, तेजोधातुया...नो चेदं, भिक्खवे, वायोधातुया अस्सादो अभविस्स, नयिदं सत्ता वायोधातुया सारज्जेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि वायोधातुया अस्सादो, तस्मा सत्ता वायोधातुया सारज्जन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, वायोधातुया आदीनवो [R.173] अभविस्स, नयिदं सत्ता वायोधातुया निब्बिन्देय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि वायोधातुया आदीनवो, तस्मा सत्ता वायोधातुया निब्बिन्दन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, वायोधातुया निस्सरणं अभविस्स, नयिदं सत्ता वायोधातुया निस्सरेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि वायोधातुया निस्सरणं, तस्मा सत्ता वायोधातुया निस्सरन्ति।

''यावकीवञ्चिमे, भिक्खवे, सत्ता इमासं चतुन्नं धातूनं अस्सादं च अस्सादतो आदीनवं च आदीनवतो निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं न अब्भञ्ञंसु, नेव ताविमे भिक्खवे, सत्ता सदेवका लोका समारका सब्रह्मका सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय निस्सटा विसंयुत्ता विप्पमुत्ता विमरियादिकतेन चेतसा विहरिंसु।

''यतो च खो, भिक्खवे, सत्ता इमासं चतुन्नं धातूनं अस्सादं च अस्सादतो आदीनवं च आदीनवतो निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं अब्भञ्ञंसु, अथ, भिक्खवे,

---

पृथ्वीधातु में आस्वाद है अतः वे इस में आसक्त हैं। भिक्षुओ! यदि पृथ्वीधातु में आदीनव न होता तो प्राणी इससे निर्विण्ण (विरक्त) न होते। क्योंकि, भिक्षुओ! पृथ्वीधातु में आदीनव है अतः प्राणी इस धातु से निर्वेद (ग्लानि=वैराग्य) मानते रहते हैं। इसी तरह, यदि इस धातु में निःसरण (त्याग) न होता तो प्राणी इस का त्याग न करते। क्योंकि इसमें त्याग है अतः प्राणी इस का त्याग करते रहते हैं।

''इसी तरह, भिक्षुओ! अब्धातु में....तेजोधातु में....वायोधातु में....आस्वाद.... पूर्ववत्....आदीनव....निःसरण न होता तो....पूर्ववत्....प्राणी इस वायुधातु का त्याग करते रहते हैं।

''भिक्षुओ! जब तक मुझे इन चारों धातुओं में....पूर्ववत्....मैंने सम्यक्सम्बुद्धत्व प्राप्त कर लिया।

सत्ता सदेवका लोका समारका सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय निस्सटा विसंयुत्ता विमुत्ता विमरियादिकतेन चेतसा विहरन्ती'' ति॥ ●

३४. एकन्तदुक्खसुत्तं

३६. सावत्थियं विहरति। ''पठवीधातु चे हिदं, भिक्खवे, [N.147, B.383] एकन्तदुक्खा अभविस्स दुक्खानुपतिता दुक्खावक्कन्ता अनवक्कन्ता सुखेन, नयिदं सत्ता पठवीधातुया सारज्जेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, पठवीधातु सुखा सुखानुपतिता सुखावक्कन्ता अनवक्कन्ता दुक्खेन, तस्मा सत्ता पठवीधातुया सारज्जन्ति।

''आपोधातु चे हिदं, भिक्खवे...पे०...तेजोधातु चे हिदं, भिक्खवे...वायोधातु चे हिदं, भिक्खवे, एकन्तदुक्खा अभविस्स दुक्खानुपतिता दुक्खावक्कन्ता अनवक्कन्ता सुखेन, नयिदं सत्ता वायोधातुया सारज्जेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, वायोधातु सुखा सुखानुपतिता सुखावक्कन्ता अनवक्कन्ता दुक्खेन, तस्मा सत्ता वायोधातुया सारज्जन्ति।

''पठवीधातु चे हिदं, भिक्खवे, एकन्तसुखा अभविस्स सुखानुपतिता सुखावक्कन्ता अनवक्कन्ता दुक्खेन, नयिदं सत्ता पठवीधातुया निब्बिन्देय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, पठवीधातु दुक्खा दुक्खानुपतिता दुक्खावक्कन्ता अनवक्कन्ता सुखेन, तस्मा सत्ता पठवीधातुया निब्बिन्दन्ति।

''आपोधातु चे हिदं, भिक्खवे...पे०...तेजोधातु चे हिदं, भिक्खवे...वायोधातु चे हिदं, भिक्खवे, एकन्तसुखा अभविस्स सुखानुपतिता सुखावक्कन्ता अनवक्कन्ता दुक्खेन,

---

''तथा अन्त में, चिन्तन करते करते....पूर्ववत्....पुनर्जन्म नहीं होगा''॥ ●

३४. एकान्तदुःखसूत्र : : धातुओं के यथार्थ ज्ञान से मुक्ति

३६. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! यह पृथ्वीधातु यदि एकान्ततः दुःखमय ही होती तो यहाँ के समस्त प्राणी निरन्तर दुःख में पड़े हुए, दुःख से घिरे हुए, सुख से सदा दूर रहते! क्योंकि, भिक्षुओ! यह पृथ्वीधातु सुखमय भी है, यहाँ के प्राणी सुख का भी अनुभव करते रहते हैं, सुख से घिरे रहते हैं, दुःख से दूर भी रहते हैं अतः ये प्राणी इस पृथ्वीधातु में आसक्त रहते हैं।

''इस तरह, भिक्षुओ! अब्धातु....तेजोधातु....वायुधातु यदि एकान्ततः दुःखमय.... पूर्ववत्....अतः ये प्राणी वायुधातु में आसक्त रहते हैं।

''परन्तु, भिक्षुओ! यदि यह पृथ्वीधातु एकान्ततः सुखमय ही होती तो यहाँ के प्राणी सदा सुख से घिरे रहते, सुखमग्न रहते; ऐसी स्थिति में ये प्राणी इस धातु से कभी निर्विण्ण न होते। क्योंकि, भिक्षु, यह धातु दुःखमय भी है, दुःखाक्रान्त भी है अतः प्राणी इस पृथ्वीधातु से निर्विण्ण होते रहते हैं।

नयिदं सत्ता वायोधातुया निब्बिन्देय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, वायोधातु दुक्खा दुक्खानुपतिता दुक्खावक्कन्ता अनवक्कन्ता सुखेन, तस्मा सत्ता वायोधातुया निब्बिन्दन्ती'' ति ॥

३५. अभिनन्दसुत्तं

३७. ...सावत्थियं विहरति। ''यो, भिक्खवे, पठवीधातुं अभिनन्दति, दुक्खं सो अभिनन्दति। यो दुक्खं अभिनन्दति, अपरिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि। यो आपोधातुं अभिनन्दति...पे०...यो तेजोधातुं...यो वायोधातुं अभिनन्दति, दुक्खं सो अभिनन्दति। यो दुक्खं अभिनन्दति, अपरिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि।

[N.148, B.384, R.175] ''यो च खो, भिक्खवे, पठवीधातुं नाभिनन्दति, दुक्खं सो नाभिनन्दति। यो दुक्खं नाभिनन्दति, परिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि। यो आपोधातुं...पे०... यो तेजोधातुं...यो वायोधातुं नाभिनन्दति, दुक्खं सो नाभिनन्दति। यो दुक्खं नाभिनन्दति, परिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामी'' ति ॥

३६. उप्पादसुत्तं

३८. ...सावत्थियं विहरति। ''यो, भिक्खवे, पठवीधातुया उप्पादो ठिति

''इसी तरह, भिक्षुओ ! अब्धातु....तेजोधातु....वायुधातु एकान्ततः सुखमय ही होती तो ये प्राणी सदा सुख से घिरे रहते....। क्योंकि यह वायुधातु दुःखमय भी है, अतः ये प्राणी इस वायुधातु से निर्विण्ण भी होते रहते हैं'' ॥

३५. अभिनन्दनसूत्र : : धातुओं में विरक्ति से दुःखमुक्ति

३७. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ ! जो प्राणी इस पृथ्वीधातु का अभिनन्दन करता है (इस में सुख मानता है) वह एक प्रकार से दुःख का ही अभिनन्दन करता है। इस तरह जो दुःख का अभिनन्दन करता है वह इस दुःख से मुक्ति कभी नहीं पा सकता। जो अब्धातु का अभिनन्दन....तेजोधातु का अभिनन्दन....वायुधातु का अभिनन्दन करता है वह इस दुःख से कभी मुक्ति नहीं पा सकता—यह समझ लो।

''इसके विपरीत—जो इस पृथ्वीधातु का अभिनन्दन नहीं करता, उस को दुःख से मुक्त हुआ ही समझ लो। जो इस अब्धातु का....तेजोधातु का....वायुधातु का अभिनन्दन नहीं करता, वह वस्तुतः दुःख का ही अभिनन्दन नहीं करता। जो दुःख का अभिनन्दन नहीं करता उसे दुःख से पूर्णतः मुक्त (परिमुक्त) हुआ ही समझो। —ऐसा मैं कहता हूँ'' ॥

३६. उत्पादसूत्र : : धातुनिरोध से दुःखनिरोध

३८. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ ! यह जो पृथ्वीधातु की उत्पत्ति,

अभिनिब्बत्ति पातुभावो, दुक्खस्सेसो उप्पादो रोगानं ठिति जरामरणस्स पातुभावो। यो आपोधातुया...पे०...यो तेजोधातुया...यो वायोधातुया उप्पादो ठिति अभिनिब्बत्ति पातुभावो, दुक्खस्सेसो उप्पादो रोगानं ठिति जरामरणस्स पातुभावो।

"यो च खो, भिक्खवे, पठवीधातुया निरोधो वूपसमो अत्थङ्गमो, दुक्खस्सेसो निरोधो रोगानं वूपसमो जरामरणस्स अत्थङ्गमो। यो आपोधातुया...पे०...यो तेजोधातुया...यो वायोधातुया निरोधो वूपसमो अत्थङ्गमो, दुक्खस्सेसो निरोधो रोगानं वूपसमो जरामरणस्स अत्थङ्गमो" ति॥ •

३७. समणब्राह्मणसुत्तं

३९. ...सावत्थियं विहरति। "चतस्सो इमा, भिक्खवे, धातुयो। कतमा चतस्सो? पठवीधातु, आपोधातु, तेजोधातु, वायोधातु। ये हि केचि, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा इमासं चतुन्नं धातूनं अस्सादं च आदीनवं च निस्सरणं च यथाभूतं नप्पजानन्ति, न मे ते, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा समणेसु वा समण- [R.176] सम्मता ब्राह्मणेसु वा ब्राह्मणसम्मता; न च पन ते आयस्मन्तो सामञ्ञत्थं वा ब्रह्मञ्ञत्थं वा दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ति।

"ये च खो केचि, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा इमासं चतुन्नं धातूनं अस्सादं च आदीनवं च निस्सरणं च यथाभूतं पजानन्ति, ते च खो मे, भिक्खवे, समणा वा

स्थिति, अभिनिर्वृत्ति एवं प्रादुर्भाव है यह वस्तुतः दुःख एवं रोगों की उत्पत्ति, स्थिति, अभिनिर्वृत्ति एवं जरामरण का प्रादुर्भाव है। यह जो अब्धातु का....तेजोधातु का....वायुधातु का उत्पाद, स्थिति....है वही वस्तुतः दुःख का उत्पाद, स्थिति एवं जरामरण का उत्पाद है....।

"इसके विपरीत—भिक्षुओ! यह जो पृथ्वीधातु का निरोध, व्युपशम एवं अस्त होना है वही दुःखों का निरोध रोगों का व्युपशम एवं जरामरण का निरोध है। जो अब्धातु का....तेजोधातु का....वायुधातु का....पूर्ववत्....जरामरण का नाश है"॥ •

३७. श्रमणब्राह्मणसूत्र : : चार धातु

३९. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ! ये चार धातु हैं। कौन सी चार? पृथ्वीधातु, अब्धातु, तेजोधातु एवं वायोधातु। भिक्षुओ! जो श्रमण ब्राह्मण इन चारों धातुओं के आस्वाद, आदीनव एवं निःसरण को यथार्थतः नहीं जानते, भिक्षुओ! वे श्रमण न श्रमणों में प्रतिष्ठा प्राप्त कर पाते हैं न ब्राह्मण ब्राह्मणों में। तथा न वे श्रामण्य तथा ब्राह्मण्य के विषय में वास्तविकता जान कर तद्विषयक साधना ही कर पाते हैं।

"अथ च, भिक्षुओ! जो श्रमण ब्राह्मण इन चारों धातुओं के आस्वाद, आदीनव एवं

[B.385] ब्राह्मणा वा समणेसु चेव समणसम्मता ब्राह्मणेसु च ब्राह्मणसम्मता; ते च [N.149] पनायस्मन्तो सामञ्ञत्थं च ब्रह्मञ्ञत्थं च दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ती'' ति॥ •

३८. दुतियसमणब्राह्मणसुत्तं

४०. ...सावत्थियं विहरति। ''चतस्सो इमा, भिक्खवे, धातुयो। कतमा चतस्सो? पठवीधातु, आपोधातु, तेजोधातु, वायोधातु। ये हि केचि, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा इमासं चतुन्नं धातूनं समुदयं च अत्थङ्गमं च अस्सादं च आदीनवं च निस्सरणं च यथाभूतं नप्पजानन्ति...पे०...(वित्थारेतब्बं)।

पटिजानन्ति...पे०...सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ती'' ति॥ •

३९. ततियसमणब्राह्मणसुत्तं

४१. ...सावत्थियं विहरति। ये हि केचि, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा पठवीधातुं नप्पजानन्ति, पठवीधातुसमुदयं नप्पजानन्ति, पठवीधातुनिरोधं नप्पजानन्ति, पठवीधातुनिरोधगामिनिं पटिपदं नप्पजानन्ति...पे०...आपोधातुं नप्पजानन्ति...तेजोधातुं नप्पजानन्ति... वायोधातुं नप्पजानन्ति, वायोधातुसमुदयं नप्पजानन्ति, वायोधातुनिरोधं नप्पजानन्ति, वायोधातुनिरोधगामिनिं पटिपदं नप्पजानन्ति, न मे ते, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा समणेसु वा समणसम्मता ब्राह्मणेसु वा ब्राह्मणसम्मता; न च पन ते आयस्मन्तो सामञ्ञत्थं वा ब्रह्मञ्ञत्थं वा दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ति।

निःसरण के विषय में यथार्थतः जानते हैं ऐसे श्रमण ब्राह्मण हो श्रमण एवं ब्राह्मणों के समूह में प्रतिष्ठा प्राप्त कर पाते हैं एवं वैसे ही श्रमण ब्राह्मण श्रामण्य एवं ब्राह्मण्य के विषय में यथार्थतः जान कर तद्विषयक साधना करने में समर्थ होते हैं''॥ •

३८. द्वितीयश्रमणब्राह्मणसूत्र : : चार धातु

४०. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! ये चार धातु होती हैं—१. पृथ्वीधातु, २. अब्धातु, ३. तेजोधातु एवं ४. वायुधातु। भिक्षुओ! जो श्रमण ब्राह्मण इन चारों धातुओं का उत्पाद, विनाश, आस्वाद, आदीनव एवं निःसरण नहीं जानते....पूर्ववत्....॥

[पूर्वसूत्रवत् विस्तार कर लें।] •

३९. तृतीयश्रमणब्राह्मणसूत्र : : चार धातु

४१. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।''भिक्षुओ! जो श्रमण ब्राह्मण पृथ्वीधातु को, पृथ्वीधातु के समुदय को, पृथ्वीधातु के निरोध को एवं पृथ्वीधातुनिरोधगामी मार्ग को नहीं जानते; अब्धातु को नहीं जानते....तेजोधातु को नहीं जानते....वायुधातु को नहीं जानते....ऐसे

"ये च खो केचि, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा पठवीधातुं पजानन्ति, पठवीधातुसमुदयं पजानन्ति, पठवीधातुनिरोधं पजानन्ति, पठवीधातुनिरोधगामिनिं पटिपदं पजानन्ति...ये च खो केचि, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा...पे०...आपोधातुं पजानन्ति... तेजोधातुं पजानन्ति...वायोधातुं पजानन्ति, वायोधातुसमुदयं पजानन्ति, वायोधातुनिरोधं पजानन्ति, वायोधातुनिरोधगामिनिं पटिपदं पजानन्ति, ते च खो मे, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा समणेसु चेव समणसम्मता ब्राह्मणेसु [B.386, N.150] च ब्राह्मणसम्मता; ते च पनायस्मन्तो सामञ्ञत्थं च ब्रह्मञ्ञत्थं च दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ती" ति॥ •

चतुत्थो वग्गो॥

तस्सुद्दानं

चतस्सो पुब्बे अचरिं, नोचेदं च दुक्खेन च।
अभिनन्दं च उप्पादो, तयो समणब्राह्मणा ति॥

धातुसंयुत्तं समत्तं॥

श्रमण ब्राह्मण श्रमण ब्राह्मणों में कोई प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं कर पाते, न वे श्रामण्य एवं ब्राह्मण्य के विषय में यथार्थत: जान कर इस जन्म में कोई विशिष्ट साधना ही कर पाते हैं।

"परन्तु, भिक्षुओ! जो श्रमण ब्राह्मण पृथ्वीधातु के विषय में यथार्थत: जानते हैं....अब्धातु के विषय में यथार्थत: जानते हैं....तेजोधातु के विषय में यथार्थत: जानते हैं....वायुधातु के विषय में यथार्थत: जानते हैं, वायुधातु के समुदय....वायुधातु के निरोध....तथा वायुधातुनिरोधगामी मार्ग के विषय में यथार्थत: जानते हैं, भिक्षुओ! वे श्रमण ब्राह्मण श्रमणों तथा ब्राह्मणों में प्रतिष्ठा प्राप्त कर श्रामण्य एवं ब्राह्मण्य के विषय में इसी जन्म में विशिष्ट साधना (ज्ञान एवं साक्षात्कार) करने में समर्थ होते हैं॥ •

चतुर्थ वर्ग समाप्त॥

इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. चतुर्धातुसूत्र, २. पूर्वसम्बोधिसूत्र, ३. अचरिं सूत्र, ४. नोचेदं सूत्र, ५. एकान्तदु:ख सूत्र, ६. अभिनन्दन सूत्र, ७. उत्पादसूत्र, ८. प्रथम श्रमणब्राह्मणसूत्र, ९. द्वितीय श्रमणब्राह्मणसूत्र, एवं १०. तृतीय श्रमणब्राह्मणसूत्र॥ •

धातुसंयुक्त समाप्त॥

१५. अनमतग्गसंयुत्तं

१. पठमो वग्गो

१. तिणकट्ठसुत्तं

[N.151,B.387, R.178] १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"अनमतग्गोयं भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो यं इमस्मिं जम्बुदीपे तिणकट्ठसाखापलासं तं छेत्वा एकज्झं संहरित्वा चतुरङ्गुलं घटिकं कत्वा निक्खिपेय्य—'अयं मे माता, तस्सा मे मातु अयं माता' ति, अपरियादिन्ना व, भिक्खवे, तस्स पुरिसस्स मातुमातरो अस्सु, अथ इमस्मिं जम्बुदीपे तिणकट्ठसाखापलासं परिक्खयं परियादानं गच्छेय्य। तं किस्स हेतु? अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। एवं दीघरत्तं वो,

---

१५. अनमृताग्रसंयुक्त

१. प्रथम वर्ग

१. तृणकाष्ठसूत्र : : संसार के अनादित्व में तृणकाष्ठ की उपमा

१. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) **श्रावस्ती में** अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवनविहार में साधनाहेतु विराजमान थे। वहाँ कभी भगवान् ने भिक्षुओं को यह उपदेश किया—

"भिक्षुओ! यह संसार अनमृताग्र (=अनादि) है। इस के आदि (आरम्भ) के किनारे का ज्ञान अविद्याबन्धन से बद्ध एवं तृष्णासंयोजनों के पीछे दौड़ने वाले प्राणियों को नहीं है। भिक्षुओ! जैसे कोई पुरुष अपने पूर्वजों (माता आदि) के बोधनहेतु जम्वुद्वीप के समस्त तृण काष्ठ शाखा एवं पत्रों को एकत्र कर 'यह मेरी माता है', 'यह मेरी माता की माता है'—ऐसा सङ्केत करते हुए उन तृष्ण काष्ठों की एक एक राशि बनावे तो एक दिन समग्र जम्बुद्वीप का समस्त तृण काष्ठ शाखा पलाश समाप्त हो जायगा, परन्तु वह तब भी अपने समस्त परिवार की गणना नहीं कर पायगा। वह किस कारण? वह इसलिये कि अविद्याबन्धन से बद्ध तृष्णा में जकड़े हुए प्राणियों के लिये इस संसार के आदि के किनारे

भिक्खवे, दुक्खं पच्चनुभूतं तिब्बं पच्चनुभूतं ब्यसनं पच्चनुभूतं, कटसी वड्ढिता। यावञ्चिदं, भिक्खवे, अलमेव सब्बसङ्खारेसु निब्बिन्दितुं अलं विरज्जितुं अलं विमुच्चितुं'' ति॥ ●

२. पठवीसुत्तं

२. ...सावत्थियं विहरति। ''अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न [R.179] पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो इमं महापठविं कोलट्ठिमत्तं कोलट्ठिमत्तं मत्तिकागुळिकं करित्वा निक्खिपेय्य—'अयं मे पिता, तस्स मे पितु अयं पिता' ति, अपरियादिन्ना व, भिक्खवे, तस्स पुरिसस्स पितुपितरो अस्सु, अथायं महापठवी परिक्खयं परियादानं गच्छेय्य। तं किस्स हेतु? अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न [B.388] पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। एवं [N.152] दीघरत्तं वो, भिक्खवे, दुक्खं पच्चनुभूतं तिब्बं पच्चनुभूतं ब्यसनं पच्चनुभूतं, कटसी वड्ढिता। यावञ्चिदं, भिक्खवे, अलमेव सब्बसङ्खारेसु निब्बिन्दितुं, अलं विरज्जितुं, अलं विमुच्चितुं'' ति॥ ●

३. अस्सुसुत्तं

३. ...सावत्थियं विहरति। ''अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न

का ज्ञान असम्भव है। भिक्षुओ! यों यह पुरुष इस कार्य के करने में दीर्घ काल तक दु:ख का ही अनुभव करेगा, व्यसन को प्राप्त होगा; परन्तु श्मशानभूमि (कटसी) इस गणना को पूर्ण नहीं होने देगी। अत: उचित यही होगा कि विवेकशील पुरुष इन संस्कारों से विरक्त हो जाय, इन में किसी प्रकार की आसक्ति न रखे, उनसे मुक्त होने का प्रयास करे॥ ●

२. पृथ्वीसूत्र : :संसार के अनादित्व में पृथ्वी की उपमा

२. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! यह संसार अनादि है, इसका आरम्भ अविद्याग्रस्त प्राणियों के लिये अज्ञात है। भिक्षुओ! जैसे कोई पुरुष अपने पूर्वजों (पिता आदि) के प्रज्ञापन हेतु इस पृथ्वी की मिट्टी से छोटी छोटी, बेर के बराबर गोली बना कर 'यह मेरे पिता हैं', 'यह मेरे पिता के पिता हैं'—यों सङ्केत कर रखता चले तो एक दिन इस समस्त पृथ्वी की मिट्टी समाप्त हो जायगी, परन्तु वह अपने पूर्व पिताओं की गणना का समस्त प्रज्ञापन नहीं कर पायगा; क्योंकि यह संसार अनादि है। ये अविद्याग्रस्त प्राणी इस संसार का आरम्भ नहीं जान सकते।....अत: विवेकशील प्राणी के लिये यही उचित होगा कि वह इन संस्कारों से विरक्त हो जाय। इन में किसी प्रकार की आसक्ति न रखे, उन से सर्वथा मुक्त होने का प्रयास करे॥ ●

पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। तं किं मञ्ञथ, भिक्खवे, कतमं नु खो बहुतरं, यं वा वो इमिना दीघेन अद्धुना सन्धावतं संसरतं अमनापसम्पयोगा मनापविप्पयोगा कन्दन्तानं रोदन्तानं अस्सु पस्सन्नं पग्घरितं, यं वा चतूसु महासमुद्देसु उदकं'' ति?

''यथा खो मयं, भन्ते, भगवता धम्मं देसितं आजानाम, एतदेव, भन्ते, बहुतरं यं नो इमिना दीघेन अद्धुना सन्धावतं संसरतं अमनापसम्पयोगा मनापविप्पयोगा कन्दन्तानं [R.180] रोदन्तानं अस्सु पस्सन्नं पग्घरितं, न त्वेव चतूसु महासमुद्देसु उदकं'' ति।

''साधु साधु, भिक्खवे, साधु खो मे तुम्हे, भिक्खवे, एवं धम्मं देसितं आजानाथ। एतदेव, भिक्खवे, बहुतरं यं वो इमिना दीघेन अद्धुना सन्धावतं संसरतं अमनापसम्पयोगा मनापविप्पयोगा कन्दन्तानं रोदन्तानं अस्सु पस्सन्नं पग्घरितं, न त्वेव चतूसु महासमुद्देसु उदकं। दीघरत्तं वो, भिक्खवे, मातुमरणं पच्चनुभूतं; तेसं वा मातुमरणं पच्चनुभोन्तानं अमनापसम्पयोगा मनापविप्पयोगा कन्दन्तानं रोदन्तानं अस्सु पस्सन्नं पग्घरितं, न त्वेव चतूसु महासमुद्देसु उदकं। दीघरत्तं वो, भिक्खवे, पितुमरणं पच्चनुभूतं ...पे०...भातुमरणं पच्चनुभूतं...भगिनिमरणं पच्चनुभूतं...पुत्तमरणं पच्चनुभूतं...धीतुमरणं पच्चनुभूतं...ञातिब्यसनं पच्चनुभूतं...भोगब्यसनं पच्चनुभूतं। दीघरत्तं वो, भिक्खवे,

---

३. अश्रुसूत्र : संसार के अनादित्व की आँसुओं से उपमा

३. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।''भिक्षुओ! यह संसार अनादि है। अविद्याग्रस्त एवं तृष्णा से आबद्ध प्राणियों के लिये इस संसार का आरम्भ अज्ञात ही रह जाता है। तो क्या मानते हो, भिक्षुओ! इन दोनों में कौन अधिक है? दीर्घकाल से इस संसार में दौड़ते, प्रिय से वियोग एवं अप्रिय से संयोग के कारण रोते कलपते प्राणियों के आँसू या इन चारों महासमुद्रों का जल?''

''भन्ते! हम तो आप के द्वारा बतायी बात ही जानते हैं। दीर्घकाल से इस संसार में....पूर्ववत्....आँसू ही इन चारों महासमुद्रों के जल से अधिक है।''

''भिक्षुओ! तुमने बहुत उचित कहा। मेरे बताये धर्म को तुमने उचित तरह से ही जाना है। भिक्षुओ! दीर्घ काल से इस संसार में....पूर्ववत्....न कि महासमुद्रों का जल। भिक्षुओ! इस संसार में आने वाले प्राणियों ने माताओं का मरण अनुभूत किया है। इस मातृमरण का अनुभव करने वाले प्राणियों के इस प्रियवियोग एवं अप्रियसंयोग से रोने कलपने के कारण बहते आँसू ही मात्रा (परिमाण) में अधिक हैं न कि इन चारों महासमुद्रों का जल। दीर्घकाल से इस संसार में प्राणियों ने अपने पिताओं का मरण अनुभूत किया है....भाई का मरण....बहन का मरण....पुत्र का मरण....पुत्री का मरण....अन्य

रोगब्यसनं पच्चनुभूतं, तेसं वो रोगब्यसनं पच्चनुभोन्तानं अमनापसम्पयोगा मना
विप्पयोगा कन्दन्तानं रोदन्तानं अस्सु पस्सन्नं पग्घरितं, न त्वेव चतूसु महासमुद्देसु उद
तं किस्स हेतु? अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो...पे०...यावञ्चिदं, भिक्खवे, अलं
सब्बसङ्खारेसु निब्बिन्दितुं, अलं विरज्जितुं, अलं विमुच्चितुं'' ति॥ [N.153, B.389

४. खीरसुत्तं

४. ...सावत्थियं विहरति। ''अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। तं किं मञ्ञ भिक्खवे, कतमं नु खो बहुतरं, यं वा वो इमिना दीघेन अद्धुना सन्धावतं संसरतं [R.1 मातुथञ्ञं पीतं, यं वा चतूसु महासमुद्देसु उदकं'' ति?

''यथा खो मयं, भन्ते, भगवता धम्मं देसितं आजानाम, एतदेव, भन्ते, बहुतरं नो इमिना दीघेन अद्धुना सन्धावतं संसरतं मातुथञ्ञं पीतं, न त्वेव चतूसु महासमु उदकं'' ति।

''साधु साधु, भिक्खवे, साधु खो मे तुम्हे, भिक्खवे, एवं धम्मं देसि आजानाथ। एतदेव, भिक्खवे, बहुतरं यं वो इमिना दीघेन अद्धुना सन्धावतं संस मातुथञ्ञं पीतं, न त्वेव चतूसु महासमुद्देसु उदकं। तं किस्स हेतु? अनमतग्गो भिक्खवे, संसारो...पे०...अलं विमुच्चितुं'' ति॥

सम्बन्धि जनों का मरण, वियोग बार बार अनुभव किया है नानाविध रोग तथा अनुभव किये हैं वैसा अनुभव करते हुए प्रियवियोग एवं अप्रियसंयोग के कारण उन आँखों से जो आँसू बहे हैं वे इन चारों महासमुद्रों के जल से परिमाण में अधिक ही वह किस कारण? वह इस कारण, भिक्षुओ! कि, यह संसार अनादि है। अत: विवे पुरुष के लिये यही उचित होगा कि वह इस संसार से....मुक्त होने का प्रयास करे॥

४. क्षीरसूत्र : : संसार के अनादित्व में दूध की उप

४. **श्रावस्ती में** साधना करते समय....। ''यह संसार अनादि है। इसका आर जानना अविद्याग्रस्त अतएव सांसारिक बन्धनों से आबद्ध पृथग्जनों के लिये असम्भव तुम्ही बताओ, भिक्षुओ! इन दोनों में कौन अधिक है—उन के द्वारा इतने समय तक ब बार इस संसार में आ कर पीया हुआ माता के स्तनों का दूध? या इन चारों महासमुद्रों जल?

''भन्ते! हम तो आपके द्वारा बताये....पूर्ववत्....महासमुद्रों का जल।''

''....माता के स्तन से पीया हुआ दूध ही अधिक है, न कि इन चारों महासमुद्रों जल। अत: विवेकी पुरुष के लिये यही उचित है कि....मुक्त होने का प्रयास करे''॥

५. पब्बतसुत्तं

५. ...सावत्थियं विहरति...पे०...आरामे। अथ खो अञ्ञतरो भिक्खु येन भगवा सङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो सो भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—''कीवदीघो नु खो, भन्ते, कप्पो'' ति?

''दीघो खो, भिक्खु, कप्पो। सो न सुकरो सङ्खातुं एत्तकानि वस्सानि इति वा, कानि वस्ससतानि इति वा, एत्तकानि वस्ससहस्सानि इति वा, एत्तकानि ससतसहस्सानि इति वा'' ति।

''सक्का पन, भन्ते, उपमं कातुं'' ति?

''सक्का, भिक्खू'', ति भगवा अवोच, ''सेय्यथापि, भिक्खु, महासेलो पब्बतो नं आयामेन योजनं वित्थारेन योजनं उब्बेधेन अच्छिन्नो असुसिरो एकग्घनो। तमेनं 54, B.390] पुरिसो वस्ससतस्स वस्ससतस्स अच्चयेन कासिकेन वत्थेन सकिं क परिमज्जेय्य। खिप्पतरं खो सो, भिक्खु, महासेलो पब्बतो इमिना उपक्कमेन खयं परियादानं गच्छेय्य, न त्वेव कप्पो। एवं दीघो, भिक्खु, कप्पो। एवं दीघानं 82] खो, भिक्खु, कप्पानं नेको कप्पो संसितो, नेकं कप्पसतं संसितं, नेकं कप्प- स्सं संसितं, नेकं कप्पसतसहस्सं संसितं। तं किस्स हेतु? अनमतग्गोयं, भिक्खु,

---

र्वतसूत्र : : कल्प की दीर्घता

५. **श्रावस्ती में साधना के समय....**। उस समय कोई भिक्षु, जहाँ भगवान् विराजमान हाँ पहुँच कर उन्हें प्रणाम कर, एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे उसने भगवान् से —''भन्ते! यह कल्प कितना दीर्घ (लम्बा) होता है?''

''भिक्षु! कल्प तो बहुत लम्बा होता है। वह गणनापूर्वक नहीं समझाया जा सकता इसमें इतने वर्ष होते हैं, या इतने सौ वर्ष, हजार वर्ष, या लाख वर्ष होते हैं।''

''भन्ते! इस बात को किसी उपमा (तुलनात्मक दृष्टान्त) द्वारा समझाया जा सकता ''

भगवान् बोले— '' हाँ, भिक्षु, समझाया जा सकता है। जैसे कोई विशाल पर्वत हो, सका विस्तार (लम्बाई-चौड़ाई) एक योजन हो, ऊँचाई भी एक योजन हो। उस के त्र में कोई रिक्त स्थान (=असुसिर) न हो, मानो एक ही पत्थर से उसका निर्माण हुआ । उसको कोई पुरुष सैंकड़ों वर्षों तक काशी में बने किसी चिकने वस्त्र से बार बार । हो सकता है कभी वह पर्वत इस तरह घिसते घिसते समाप्त हो जाय; परन्तु कल्प भी समाप्त नहीं होगा। भिक्षु! इतना लम्बा (दीर्घकाल वाला) होता है कल्प। यह प इतनी लम्बी प्रतीक्षा कराता है। उसे सौ वर्ष, हजार वर्ष या लाख वर्षों से परिगणित

संसारो। पुब्बा कोटि...पे०...यावञ्चिदं, भिक्खु, अलमेव सब्बसङ्खारेसु निब्बिन्दितुं, विरज्जितुं, अलं विमुच्चितुं'' ति॥

६. सासपसुत्तं

६. ...सावत्थियं विहरति। अथ खो अञ्ञतरो भिक्खु येन भगवा...पे एकमन्तं निसिन्नो खो सो भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—''कीवदीघो, नु खो, कप्पो'' ति?

''दीघो खो, भिक्खु, कप्पो। सो न सुकरो सङ्खातुं एत्तकानि वस्सानि वा...पे०...एत्तकानि वस्ससतसहस्सानि इति वा'' ति।

''सक्का पन, भन्ते, उपमं कातुं ति''?

''सक्का, भिक्खू,'' ति भगवा अवोच, ''सेय्यथापि, भिक्खु, आयसं नगरं य आयामेन योजनं वित्थारेन योजनं उब्बेधेन, पुण्णं सासपानं गुळिकाबद्धं। ततो पु वस्ससतस्स वस्ससतस्स अच्चयेन एकमेकं सासपं उद्धरेय्य। खिप्पतरं खो सो, भि महासासपरासि इमिना उपक्कमेन परिक्खयं परियादानं गच्छेय्य, न त्वेव कप्पो। दीघो खो, भिक्खु, कप्पो। एवं दीघानं खो, भिक्खु, कप्पानं नेको कप्पो संसितो, कप्पसतं संसितं, नेकं कप्पसहस्सं संसितं, नेकं कप्पसतसहस्सं संसितं। तं किस्स हे अनमतग्गोयं, भिक्खु, संसारो...पे०...अलं विमुच्चितुं'' ति॥

नहीं किया जा सकता। वह क्यों? वह इसलिये कि यह संसार अनादि है। इस आरम्भ-समय....नहीं बताया जा सकता। अत: विवेकी पुरुष को चाहिये कि वह संस्कारों से विरत रहे, इन की उपेक्षा करे तथा इन से मुक्त होने का प्रयास करे॥

६. सर्षपसूत्र : : **कल्प की दी**

६. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''कोई अन्य भिक्षु....पूर्ववत्....भगवा पूछने लगा—''भन्ते! कल्प कितने लम्बे दीर्घ काल का होता है?''

''भिक्षु! कल्प में इतना लम्बा समय होता है कि उसे वर्षों की गणना में नहीं जा सकता कि इस में इतने वर्ष इतने सौ वर्ष या इतने हजार या लाख वर्ष होते हैं!

''भन्ते! क्या इस बात को किसी उपमा से समझाया जा सकता है?''

''हाँ, भिक्षु! कोई एक योजन लम्बा चौड़ा ऊँचा लौहनगर हो, उस में सरसों हुई हो। कोई पुरुष सौ सौ वर्ष के बाद उस में से एक एक सरसों निकाले। यों निक निकालते वह सर्षपराशि एक दिन समाप्त हो सकती है, परन्तु यह एक कल्प तब भी नहीं हो पाता। इतना दीर्घकाल वाला कल्प होता है। इसे एक वर्ष, सौ वर्ष, हजार वर्ष लाख वर्ष की गणना से नहीं नापा जा सकता। ....पूर्ववत्....इन से मुक्त होने का प्र करे॥

७. सावकसुत्तं

183] ७. सावत्थियं विहरति। अथ खो सम्बहुला भिक्खू येन भगवा... ...एकमन्तं निसिन्ना खो ते भिक्खू भगवन्तं एतदवोचुं—

"कीवबहुका नु खो, भन्ते, कप्पा अब्भतीता अतिक्कन्ता" ति?

155, B.391] "बहुका खो, भिक्खवे, कप्पा अब्भतीता अतिक्कन्ता। ते न सुकरा ङ्ख्रातुं—'एत्तका कप्पा इति वा, एत्तकानि कप्पसतानि इति वा, एत्तकानि प्पसहस्सानि इति वा, एत्तकानि कप्पसतसहस्सानि इति वा''' ति? "सक्का पन, न्ते, उपमं कातुं''' ति?

"सक्का, भिक्खवे," ति भगवा अवोच, "इधस्सु, भिक्खवे, चत्तारो सावका ससतायुका वस्ससतजीविनो। ते दिवसे दिवसे कप्पसतसहस्सं कप्पसतसहस्सं नुस्सरेय्युं। अननुस्सरिता व, भिक्खवे, तेहि कप्पा अस्सु, अथ खो ते चत्तारो सावका ससतायुका वस्ससतजीविनो वस्ससतस्स अच्चयेन कालं करेय्युं। एवं बहुका खो, क्खवे, कप्पा अब्भतीता अतिक्कन्ता। ते न सुकरा सङ्ख्रातुं—'एत्तका कप्पा इति वा, त्तकानि कप्पसतानि इति वा, एत्तकानि कप्पसहस्सानि इति वा, एत्तकानि कप्पसत-हस्सानि इति वा' ति। तं किस्स हेतु? अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो...पे०...अलं मुच्चितुं" ति॥ •

८. गङ्गासुत्तं

८. ...राजगहे विहरति वेळुवने। अथ खो अञ्ञतरो ब्राह्मणो येन भगवा

श्रावकसूत्र : : **बीते हुए कल्प अगणनीय**

७. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। कभी बहुत से भिक्षु....पूर्ववत्....।

"भन्ते! आज तक कितने कल्प बीत चुके हैं, समाप्त हो चुके हैं?"

"भिक्षुओ! आज तक बहुत से कल्प बीत चुके हैं, समाप्त हो चुके हैं। इन्हें वर्षों की ाना से नहीं नापा जा सकता।

"भन्ते! इस बात को किसी उपमा से समझाया जा सकता है?"

"हाँ, भिक्षुओ! समझाया जा सकता है। भिक्षुओ! यहाँ कोई चार श्रावक सौ वर्ष ायु वाले हों। वे प्रतिदिन एक लाख कल्पों का स्मरण करें। यों वे चारों श्रावक इस तरह रण करते करते एक दिन मर जायँगें; परन्तु उस कल्प की गणना तब भी पूर्ण न होगी। नी वर्ष संख्या वाले कल्प बीत चुके हैं, उन्हें सङ्ख्यापूर्वक गणना से नहीं समझाया जा कता; क्योंकि यह संसार अनादि है। अतः विवेकी पुरुष को चाहिये....पूर्ववत्....मुक्त ने का प्रयास करे॥ •

तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच— ''कीवबहुका नु खो, भो गोतम, कप्पा अब्भतीता अतिक्कन्ता'' ति?

''बहुका खो, ब्राह्मण, कप्पा अब्भतीता अतिक्कन्ता। ते न सुकरा सङ्खातुं— 'एत्तका कप्पा इति वा, एत्तकानि कप्पसतानि इति वा, एत्तकानि कप्पसहस्सानि इति वा, एत्तकानि कप्पसतसहस्सानि इति वा''' ति।

''सक्का पन, भो गोतम, उपमं कातुं'' ति? [R.184]

''सक्का, ब्राह्मणा,'' ति भगवा अवोच, ''सेय्यथापि, ब्राह्मण, यतो चायं गङ्गा नदी पभवति यत्थ च महासमुद्दं अप्पेति, या एतस्मिं अन्तरे वालिका सा न सुकरा सङ्खातुं—'एत्तका वालिका इति वा, एत्तकानि वालिकसतानि इति वा, एत्तकानि वालिकसहस्सानि इति वा, एत्तकानि वालिकसतसहस्सानि इति वा' ति। ततो बहुतरा खो, ब्राह्मण, कप्पा अब्भतीता अतिक्कन्ता। ते न सुकरा सङ्खातुं—'एत्तका कप्पा इति वा, एत्तकानि कप्पसतानि इति वा, एत्तकानि कप्पसहस्सानि इति वा, एत्तकानि कप्पसत-सहस्सानि इति वा' ति। तं किस्स हेतु? अनमतग्गोयं, ब्राह्मण, [N.156, B.392] संसारो। पुब्बा कोटि न पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। एवं दीघरत्तं खो, ब्राह्मण, दुक्खं पच्चनुभूतं तिब्बं पच्चनुभूतं ब्यसनं पच्चनुभूतं, कटसी वड्ढिता। यावञ्चिदं, ब्राह्मण, अलमेव सब्बसङ्खारेसु निब्बिन्दितुं, अलं विरज्जितुं, अलं विमुच्चितुं'' ति।

---

८. गङ्गासूत्र : : व्यतीत कल्प सङ्ख्या से अगणनीय

८. **राजगृह के** वेणुवन में साधना के समय....। तब कोई ब्राह्मण....भगवान् से यों पूछने लगा—''भो गौतम! कितने कल्प, अब तक, बीत चुके हैं?''

''ब्राह्मण! बहुत से कल्प बीत चुके हैं। उन्हें सङ्ख्या से गिनना सरल नहीं है।''

''भो गौतम! क्या यह बात आप किसी उपमा द्वारा मुझे समझा सकते हैं?''

''हाँ, अवश्य, ब्राह्मण! जैसे, ब्राह्मण! जहाँ से यह गङ्गा नदी निकली है और जहाँ यह समुद्र में जा कर मिली है, इस अन्तराल में इस नदी में जितनी बालू (रेत) है, वह गिनी नहीं जा सकती कि इस में सौ हजार लाख या इससे कितने अधिक बालुका कण हैं। उन बालुकाकणों से भी अधिक संसार के कल्प बीत चुके हैं, उन्हें हजार या लाख की सङ्ख्या में गिन कर नहीं समझाया जा सकता; क्योंकि यह संसार अनादि है।....अतः विवेकी पुरुष को....पूर्ववत्....मुक्त होने का प्रयास करना चाहिये''।

एवं वुत्ते, सो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—"अभिक्कन्तं, भो गोतम, अभिक्कन्तं, भो गोतम...पे०...उपासकं मं भवं गोतमो धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं" ति ॥●

९. दण्डसुत्तं

९. ...सावत्थियं विहरति। "अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। सेय्यथापि, भिक्खवे, दण्डो उपरिवेहासं खित्तो सकिं पि मूलेन निपतति, सकिं पि मज्झेन निपतति, [R.185] सकिं पि अन्तेन निपतति; एवमेव खो, भिक्खवे, अविज्जानीवरणा सत्ता तण्हासंयोजना सन्धावन्ता संसरन्ता सकिं पि अस्मा लोका परं लोकं गच्छन्ति, सकिं पि परस्मा लोका इमं लोकं आगच्छन्ति। तं किस्स हेतु? अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो...पे०...अलं विमुच्चितुं" ति ॥ ●

१०. पुग्गलसुत्तं

१०. एकं समयं भगवा राजगहे विहरति गिज्झकूटे पब्बते। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो...पे०...एकपुग्गलस्स, भिक्खवे, कप्पं सन्धावतो संसरतो सिया एवं महा अट्ठिकङ्कलो अट्ठिपुञ्जो अट्ठिरासि यथायं वेपुल्लो

तब ब्राह्मण ने कहा—"बहुत अच्छा कहा, भो गौतम! ....पूर्ववत्....मैं अपने समस्त जीवनपर्यन्त आपकी शरण में रहूँगा ॥ ●

९. दण्डसूत्र : : संसार के आरम्भ का ज्ञान नहीं

९. एक समय भगवान् (बुद्ध) **राजगृह के** गृध्रकूट पर्वत पर साधनाहेतु विराजमान थे। वहाँ उन्होंने भिक्षुओं को यों उपदेश किया—

"भिक्षुओ! यह संसार अनादि है। ....पूर्ववत्....जैसे आकाश में फेंका हुआ डण्डा कभी मूल से, कभी मध्य भाग से, कभी अग्रभाग से नीचे पृथ्वी पर आ कर गिरता है; वैसे ही अविद्याग्रस्त, तृष्णा से बद्ध संसार में जीते मरते ये प्राणी कभी इस लोक से उस लोक में या कभी उस लोक से इस लोक में आते जाते रहते हैं। वह क्यों? वह इसलिये कि यह संसार अनादि है।....अत: विवेकी पुरुष को....विमुक्त होने का प्रयास करना चाहिये ॥ ●

१०. पुद्गलसूत्र : : संसार के आरम्भ का ज्ञान नहीं

१०. **राजगृह के** गृध्रकूट पर्वत पर....। भिक्षुओं को भगवान् ने यह देशना की—"भिक्षुओ! कल्पपर्यन्त भिन्न भिन्न योनियों में उत्पन्न होने वाले एक ही पुरुष की उस उस जन्म की अस्थियाँ एकत्र कर ली जायँ तो उन की वह राशि वैपुल्य पर्वत जितनी ऊँची हो

पब्बतो, सचे [B.393] संहारको अस्स, सम्भतं च न विनस्सेय्य। तं किस्स हेतु? अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो...पे०...अलं विमुच्चितुं'' ति।

११. इदमवोच भगवा। इदं वत्वान सुगतो अथापरं एतदवोच सत्था—

''एकस्सेकेन कप्पेन, पुग्गलस्सट्ठिसञ्चयो। [N.157]
सिया पब्बतसमो रासि, इति वुत्तं महेसिना॥
''सो खो पनायं अक्खातो, वेपुल्लो पब्बतो महा।
उत्तरो गिज्झकूटस्स, मगधानं गिरिब्बजे॥
''यतो च अरियसच्चानि, सम्मप्पञ्ञाय पस्सति।
दुक्खं दुक्खसमुप्पादं, दुक्खस्स च अतिक्कमं।
अरियं चट्ठङ्गिकं मग्गं, दुक्खूपसमगामिनं॥
''स सत्तक्खत्तुंपरमं, सन्धावित्वान पुग्गलो।
दुक्खस्सन्तकरो होति, सब्बसंयोजनक्खया''ति॥ [R.186]●

पठमो वग्गो॥

तस्सुद्दानं

तिणकट्ठं च पठवी, अस्सु खीरं च पब्बतं।
सासपा सावका गङ्गा, दण्डो च पुग्गलेन चा ति॥ ●

जाय। वह क्यों? इस लिये कि यह संसार अनादि है। ....पूर्ववत्....अत: विवेकी पुरुष को इस संसार से विरक्त एवं विमुक्त होने का प्रयास करना चाहिये।''

११. इतना कह कर पुन: भगवान् यों बोले—

''इस संसार में जनमने मरने वाले एक ही पुरुष के शरीरों की अस्थियों का सञ्चय किया जाय तो वह राशि एक कल्प में वैपुल्य पर्वत से ऊँची हो जायगी'—ऐसा महर्षि ने कहा।

''यह वैपुल्य पर्वत मगध राज्य के गिरव्रज जनपद में गृध्रकूट पर्वत के उत्तर में स्थित है॥

''जो (साधक) दु:ख, दु:खसमुदय, दु:खनिरोध एवं दु:खनिरोधगामिनी प्रतिपदा— इस आर्यसत्यचतुष्टय को प्रज्ञा द्वारा सम्यक् प्रकार से जान लेता है॥

''इस संसार में तदनन्तर, वह अधिक से अधिक सात वार जन्म ले कर, आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग द्वारा सभी बन्धन क्षीण कर दु:ख से मुक्त हो जाता है॥ ●

प्रथम वर्ग समाप्त॥

इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. तृणकाष्ठ, २. पृथ्वी, ३. अश्रु, ४. क्षीर, ५. पर्वत, ६. सर्षप, ७. श्रावक, ८. गङ्गा, ९. दण्ड एवं १०. पुद्गल सूत्र॥ ●

२. दुतियो वग्गो

११. दुग्गतसुत्तं

१२. एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति। तत्र खो...पे०...अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। यं, भिक्खवे, पस्सेय्याथ दुग्गतं दुरूपेतं निट्ठमेत्थ गन्तब्बं—अम्हेहि पि एवरूपं पच्चनुभूतं इमिना दीघेन अद्धुना' ति। तं किस्स हेतु...पे०...यावञ्चिदं, भिक्खवे, अलमेव सब्बसङ्खारेसु निब्बिन्दितुं अलं विरज्जितुं अलं विमुच्चितुं ति॥ ●

१२. सुखितसुत्तं

१३. ...सावत्थियं विहरति। "अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो...पे०...यं, [B.394] भिक्खवे, पस्सेय्याथ सुखितं सुसज्जितं, निट्ठमेत्थ गन्तब्बं—'अम्हेहि पि [R.187] एवरूपं पच्चनुभूतं इमिना दीघेन अद्धुना' ति। तं किस्स हेतु? अनमतग्गोयं, [N.158] भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न पञ्ञायति...पे०...अलं विमुच्चितुं" ति॥●

१३. तिंसमत्तसुत्तं

१४. ...राजगहे विहरति वेळुवने। अथ खो तिंसमत्ता पावेय्यका भिक्खू सब्बे

द्वितीय वर्ग

११. दुर्गतसूत्र : : दु:खी के प्रति सहानुभूति

१२. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "यह संसार अनादि है। इस का आरम्भ साधारण जन के लिये जानना सरल नहीं है....। भिक्षुओ! जब तुम लोक में किसी दुर्गत (धनाभाव से दु:खी) किसी मनुष्य को देखो तो कल्पना कर लो कि किसी जन्म में ऐसी स्थिति तुम्हारे सामने भी आयी होगी। वह किस कारण? क्योंकि यह संसार अनादि है। अत: विवेकी पुरुष के लिये यही उचित है कि वह इस संसार से विरक्त एवं विमुक्त होने का प्रयास करे॥ ●

१२. सुखितसूत्र : : सुखी के प्रति सहानुभूति

१३. श्रावस्ती में साधना के समय....। "भिक्षुओ! यह संसार अनादि है। ....पूर्ववत्....। भिक्षुओ! जब तुम इस लोक में सुखी देखो तो समझ लो कि ऐसी स्थिति कभी तुम्हारे सामने भी आयी होगी। वह क्यों? क्योंकि यह संसार अनादि है। अत: विवेकी पुरुष के लिये उचित है....विमुक्त होने का प्रयास करे॥ ●

१३. त्रिंशन्मात्रसूत्र : : समुद्रजल से मानव रक्त का आधिक्य

१४. **राजगृह के** वेणुवन में साधना के समय....। उस समय पावा नगरी के रहने

आरञ्ञिका सब्बे पिण्डपातिका सब्बे पंसुकूलिका सब्बे तेचीवरिका सब्बे ससंयोजना येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। अथ खो भगवतो एतदहोसि—"इमे खो तिंसमत्ता पावेय्यका भिक्खू सब्बे आरञ्ञिका सब्बे पिण्डपातिका सब्बे पंसुकूलिका सब्बे तेचीवरिका सब्बे ससंयोजना। यन्नूनाहं इमेसं तथा धम्मं देसेय्यं यथा नेसं इमस्मिं येव आसने अनुपादाय आसवेहि चित्तानि विमुच्चेय्युं" ति। अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। तं किं मञ्ञथ, भिक्खवे, कतमं नु खो बहुतरं, यं वा वो इमिना दीघेन अद्धुना सन्धावतं संसरतं सीसच्छिन्नानं लोहितं पस्सन्नं पग्घरितं, यं वा चतूसु महासमुद्देसु उदकं" ति?

"यथा खो मयं, भन्ते, भगवता धम्मं देसितं आजानाम, एतदेव, भन्ते, बहुतरं, यं नो इमिना दीघेन अद्धुना सन्धावतं संसरतं सीसच्छिन्नानं लोहितं पस्सन्नं [R.188] पग्घरितं, न त्वेव चतूसु महासमुद्देसु उदकं" ति।

"साधु साधु, भिक्खवे, साधु खो मे तुम्हे, भिक्खवे, एवं धम्मं देसितं आजानाथ। एतदेव, भिक्खवे, बहुतरं, यं वो इमिना दीघेन अद्धुना सन्धावतं संसरतं सीसच्छिन्नानं लोहितं पस्सन्नं पग्घरितं, न त्वेव चतूसु महासमुद्देसु उदकं। दीघरत्तं वो,

---

वाले तीस भिक्षु, जो कि सभी आरण्यक, पिण्डपातिक, पांशुकूलिक एवं त्रैचीवरिक परन्तु संयोजनों से आबद्ध थे, भगवान् के दर्शनार्थ वहाँ आये। आकर भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ बैठ गये। एक तरफ बैठे उन भिक्षुओं को देख कर भगवान् के ध्यान में यह आया कि इन भिक्षुओं को ऐसी देशना की जाय कि इस आसन पर बैठे ही बैठे इन का चित्त निर्विकार हो जाय। तब भगवान् ने उन को यों उपदेश किया—

"भिक्षुओ! यह संसार अनादि है। साधारण जन अविद्याग्रस्त होने के कारण इस संसार का आरम्भ नहीं जानते। तो क्या मानते हो भिक्षुओ! इस संसार में परस्पर कलह या युद्ध करने पर मनुष्यों के कटे हुए शिरों से निकल कर बहा हुआ रक्त अधिक है या इन चारों महासमुद्रों का जल?"

"भन्ते! हम तो आप के बताये....पूर्ववत्....चारों महासमुद्रों का जल ही अधिक है।"

"भिक्षुओ! तुम उचित ही कह रहे हो। धर्मज्ञान का एकमात्र यही उपाय है।....पुरुषों के मस्तक कटने से बहा हुआ रक्त....चिरकाल से हजारों गायों के....भैंसों के....भेड़ों

[B.395] भिक्खवे, गुन्नं सत्तं गोभूतानं सीसच्छिन्नानं लोहितं पस्सन्नं पग्घरितं, न त्वेव चतूसु महासमुद्देसु उदकं। दीघरत्तं वो, भिक्खवे, महिंसानं सतं महिंसभूतानं सीसच्छिन्नानं लोहितं पस्सन्नं पग्घरितं...पे०...दीघरत्तं वो, भिक्खवे, उरब्भानं सतं उरब्भभूतानं...पे०...अजानं सतं अजभूतानं...मिगानं सतं मिगभूतानं... कुक्कुटानं सतं [N.159] कुक्कुटभूतानं...सूकरानं सतं सूकरभूतानं...दीघरत्तं वो, भिक्खवे, चोरा गामघातका ति गहेत्वा सीसच्छिन्नानं लोहितं पस्सन्नं पग्घरितं। दीघरत्तं वो, भिक्खवे, चोरा पारिपन्थिका ति गहेत्वा सीसच्छिन्नानं लोहितं पस्सन्नं पग्घरितं। दीघरत्तं वो, भिक्खवे, चोरा पारदारिका ति गहेत्वा सीसच्छिन्नानं लोहितं पस्सन्नं पग्घरितं, न त्वेव चतूसु महासमुद्देसु उदकं। तं किस्स हेतु? अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो...पे०...अलं विमुच्चितुं'' ति।

१५. इदमवोच भगवा। अत्तमना ते भिक्खू भगवतो भासितं अभिनन्दुं ति। [R.189] इमस्मिं च पन वेय्याकरणस्मिं भञ्ञमाने तिंसमत्तानं पावेय्यकानं भिक्खूनं अनुपादाय आसवेहि चित्तानि विमुच्चिंसू'' ति॥ •

१४. मातुसुत्तं

१६. ...सावत्थियं विहरति। ''अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो...पे०...न सो, भिक्खवे, सत्तो सुलभरूपो यो नमाताभूतपुब्बो इमिना दीघेन अद्धुना। तं किस्स हेतु? अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो...पे०...अलं विमुच्चितुं'' ति॥ •

के....बकरियों के....मृगों के....मुर्गों के....सूअरों के....अपराधी के रूप में पकड़े गये चोरों के कटे हुए....व्यभिचारियों के मस्तकों से बहा हुआ रक्त ही अधिक है, न कि इन चारों महासमुद्रों का जल। इस में कारण यही है कि यह संसार अनादि है, अत: कह नहीं सकते कि कितने असंख्य प्राणियों के कटे मस्तकों से कितना रक्त बह चुका है। अत: विवेकी पुरुष के लिये यही उचित है कि वह इस संसार से विरक्त एवं विमुक्त होने का प्रयास करे।''

१५. भगवान् ने यह कहा। प्रसन्न होकर भिक्षुओं ने भगवान् के कथन का अभिनन्दन किया। इस उपदेश को सुनते ही उन पावावासी भिक्षुओं का चित्त आश्रवों से विमुक्त हो गया॥ •

१४. मातृसूत्र : :जो माता न बना हो-ऐसा प्राणी असम्भव

१६. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! यह संसार अनादि है।....भिक्षुओ! यह सम्भव नहीं है कि इस संसार में जन्म ले कर कोई प्राणी कभी माता न बना हो। ....पूर्ववत्....विमुक्त होने का प्रयास करे''॥

१५. पितुसुत्तं

१७. ...सावत्थियं विहरति। "अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो...पे०...न सो, भिक्खवे, सत्तो सुलभरूपो यो नपिताभूतपुब्बो...पे०...अलं विमुच्चितुं" ति॥ ●

१६. भातुसुत्तं

१८. ...सावत्थियं विहरति...पे०...न सो, भिक्खवे, सत्तो सुलभरूपो यो नभाताभूतपुब्बो...पे०...अलं विमुच्चितुं ति॥ ●

१७. भगिनिसुत्तं

१९. ...सावत्थियं विहरति...पे०...न सो, भिक्खवे, सत्तो सुलभरूपो यो [B.396] नभगिनिभूतपुब्बो...पे०...अलं विमुच्चितुं ति॥ ●

१८. पुत्तसुत्तं

२०. ...सावत्थियं विहरति ...पे०... न सो, भिक्खवे, सत्तो [N.160,R.190] सुलभरूपो यो नपुत्तभूतपुब्बो ...पे०... अलं विमुच्चितुं ति॥ ●

१९. धीतुसुत्तं

२१. ...सावत्थियं विहरति। "अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। न सो, भिक्खवे, सत्तो सुलभरूपो यो न धीताभूतपुब्बो इमिना दीघेन अद्धुना। तं किस्स हेतु?

---

१५. पितृसूत्र : :जो पिता न बना हो-ऐसा प्राणी असम्भव

१७. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। भिक्षुओ! यह संसार अनादि है।....भिक्षुओ! यह सम्भव नहीं है कि इस संसार में जन्म ले कर कोई प्राणी कभी पिता न बना हो। ....पूर्ववत्....। विमुक्त होने का प्रयास करे॥ ●

१६. भ्रातृसूत्र : :जो भ्राता न बना हो-ऐसा प्राणी असम्भव

१८. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।....कोई प्राणी कभी भ्राता न बना हो.... ॥ ●

१७. भगिनिसूत्र : :जो बहन न बना हो-ऐसा प्राणी असम्भव

१९. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।....कोई प्राणी कभी बहन न बना हो.... ॥ ●

१८. पुत्रसूत्र : :जो पुत्र न बना हो-ऐसा प्राणी असम्भव

२०. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।....कोई प्राणी पुत्र न बना हो.... ॥ ●

१९. धीता(पुत्री)सूत्र : : जो कभी पुत्री न बना हो-यह असम्भव है

२१. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। यह संसार अनादि है। अविद्याग्रस्त पुरुषों के

अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। एवं दीघरत्तं वो, भिक्खवे, दुक्खं पच्चनुभूतं तिब्बं पच्चनुभूतं ब्यसनं पच्चनुभूतं, कटसी वड्ढिता। यावञ्चिदं, भिक्खवे, अलमेव सब्बसङ्खारेसु निब्बिन्दितुं, अलं विरज्जितुं, अलं विमुच्चितुं'' ति॥

२०. वेपुल्लपब्बतसुत्तं

२२. एकं समयं भगवा राजगहे विहरति गिज्झकूटे पब्बते। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''भिक्खवो'' ति। ''भदन्ते'' ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

''अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। भूतपुब्बं, भिक्खवे, इमस्स वेपुल्लस्स पब्बतस्स 'पाचीनवंसो' त्वेव समञ्ञा उदपादि। तेन खो पन, भिक्खवे, समयेन [R.191] मनुस्सानं 'तिवरा' त्वेव समञ्ञा उदपादि। तिवरानं, भिक्खवे, मनुस्सानं चत्तारीस वस्ससहस्सानि आयुप्पमाणं अहोसि। तिवरा, भिक्खवे, मनुस्सा पाचीनवंसं पब्बतं चतूहेन आरोहन्ति, चतूहेन ओरोहन्ति। तेन खो पन, भिक्खवे, समयेन ककुसन्धो [B.397] भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो लोके उप्पन्नो होति। ककुसन्धस्स, भिक्खवे, भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स विधुरसञ्जीवं नाम सावकयुगं अहोसि अग्गं भद्दयुगं। [N.161] पस्सथ, भिक्खवे, सा चेविमस्स पब्बतस्स समञ्ञा अन्तरहिता, ते च मनुस्सा

लिये इस का आरम्भ जानना सरल नहीं है। भिक्षुओ! ऐसा प्राणी मिलना बहुत कठिन है जो कभी किसी जन्म में किसी की पुत्री न बना हो। वह क्यों? वह इस लिये कि यह संसार अनादि है। इस का आरम्भ जानना....पूर्ववत्....। अतः विवेकी पुरुष को इन संस्कारों से विरक्त एवं विमुक्त होने का प्रयास करना चाहिये॥ ●

२०. वैपुल्यपर्वत : : वैपुल्य पर्वत की प्राचीनता

२२. एक समय भगवान् (बुद्ध) **राजगृह के** गृध्रकूट पर्वत पर साधनाहेतु विराजमान थे। वहाँ भगवान् ने उपस्थित भिक्षुओं को यह उपदेश किया था—

''यह संसार अनादि है। इस का आरम्भ साधारण जनों के लिये, जो कि अविद्याग्रस्त एवं तृष्णासक्त हैं, जानना असम्भव है। भिक्षुओ! पहले कभी इस वैपुल्य पर्वत की 'प्राचीनवंश' इस नाम से प्रसिद्धि थी। उस समय मनुष्य 'तिवर' कहे जाते थे। भिक्षुओ! इन तिवरों की आयु चालीस हजार वर्ष मानी जाती थी। वे तिवर इस प्राचीनवंश पर्वत पर चार दिन में चढ पाते थे तथा चार दिन में उतरते थे। भिक्षुओ! उस समय ककुसन्ध भगवान् (बुद्ध) इस लोक में अवतरित हुए थे। उन भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध ककुसन्ध

कालङ्कता, सो च भगवा परिनिब्बुतो। एवं अनिच्चा, भिक्खवे, सङ्खारा; एवं अद्धुवा, भिक्खवे, सङ्खारा; एवं अनस्सासिका, भिक्खवे, सङ्खारा। यावञ्चिदं, भिक्खवे, अलमेव सब्बसङ्खारेसु निब्बिन्दितुं, अलं विरज्जितुं, अलं विमुच्चितुं। (१)

"भूतपुब्बं, भिक्खवे, इमस्स वेपुल्लस्स पब्बतस्स 'वङ्कको' त्वेव समञ्ञा उदपादि। तेन खो पन, भिक्खवे, समयेन मनुस्सानं 'रोहितस्सा' त्वेव समञ्ञा उदपादि। रोहितस्सानं, भिक्खवे, मनुस्सानं तिंसवस्ससहस्सानि आयुप्पमाणं अहोसि। रोहितस्सा, भिक्खवे, मनुस्सा वङ्ककं पब्बतं तीहेन आरोहन्ति, तीहेन ओरोहन्ति। तेन खो पन, भिक्खवे, समयेन कोणागमनो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो लोके उप्पन्नो होति। कोणागमनस्स, भिक्खवे, भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स भिय्योसुत्तरं नाम सावकयुगं अहोसि अग्गं भद्दयुगं। पस्सथ, भिक्खवे, सा चेविमस्स पब्बतस्स समञ्ञा अन्तरहिता, ते च मनुस्सा कालङ्कता, सो च भगवा परिनिब्बुतो। एवं अनिच्चा [R.192] भिक्खवे सङ्खारा...पे०...अलं विमुच्चितुं। (२)

"भूतपुब्बं, भिक्खवे, इमस्स वेपुल्लस्स पब्बतस्स 'सुपस्सो' त्वेव समञ्ञा उदपादि। तेन खो पन, भिक्खवे, समयेन मनुस्सानं 'सुप्पिया' त्वेव समञ्ञा उदपादि। सुप्पियानं, भिक्खवे, मनुस्सानं वीसतिवस्ससहस्सानि आयुप्पमाणं अहोसि। सुप्पिया,

---

के विधुर एवं सञ्जीव नामक दो अग्रश्रावक थे। भिक्षुओ! देखो, उस समय का इस पर्वत नाम भी विलुप्त हो गया, उस समय के मनुष्य भी कालकवलित हो गये। वे भगवान् (ककुसन्ध) भी परिनिर्वृत हो गये। भिक्षुओ! देखा! ये संस्कार कितने अनित्य हैं, कितने विनाशशील (अध्रुव) तथा आश्वासरहित हैं। अत: विवेकी पुरुष को चाहिये कि वह सभी संस्कारों के प्रति उपेक्षा एवं वैराग्य अपने मन में लावे तथा इन से विमुक्त होने का प्रयास करे। (१)

भिक्षुओ! उस के बाद, पहले कभी इसी वैपुल्य पर्वत का नाम 'वङ्कक' प्रसिद्ध हुआ। उस समय मनुष्य 'रोहिताश्व' कहलाते थे। इन रोहिताश्व मनुष्यों की आयु तीस हजार वर्ष होती थी। ये मनुष्य उस वङ्कक पर्वत पर तीन दिन में चढते थे तथा तीन दिन में ही उतरते थे। उस समय कोणागमन नामक भगवान् बुद्ध इस लोक में अवतरित हुए थे। इनके अग्रश्रावकयुगल का नाम भिय्यो और सूत्तर था। देखो, भिक्षुओ! उस पर्वत का वह नाम भी समय पा कर विलुप्त हो गया, उस समय के लोग भी कालकवलित हो गये, यहाँ तक कि भगवान् कोणागमन सम्यक्सम्बुद्ध का भी परिनिर्वाण हो गया। भिक्षुओ! यह सब संस्कारों की अनित्यता की महिमा है....पूर्ववत्....विमुक्त होने का प्रयास करे। (२)

"भिक्षुओ! पहले कभी इसी वैपुल्य पर्वत का नाम 'सुपार्श्व' भी था। उस समय के

भिक्खवे, मनुस्सा सुपस्सं पब्बतं द्वीहेन आरोहन्ति, द्वीहेन ओरोहन्ति। तेन खो पन, भिक्खवे, समयेन कस्सपो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो लोके उप्पन्नो होति। कस्सपस्स, भिक्खवे, भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स तिस्सभारद्वाजं नाम सावकयुगं अहोसि अग्गं भद्दयुगं। पस्सथ, भिक्खवे, सा चेविमस्स पब्बतस्स समञ्ञा अन्तरहिता, ते च मनुस्सा कालङ्कता, सो च भगवा परिनिब्बुतो। एवं अनिच्चा भिक्खवे सङ्खारा; एवं अद्धुवा, भिक्खवे, सङ्खारा...पे०...अलं विमुच्चितुं। (३)

[B.398, N.162] ''एतरहि खो पन, भिक्खवे, इमस्स वेपुल्लस्स पब्बतस्स 'वेपुल्लो' त्वेव समञ्ञा उदपादि। एतरहि खो पन, भिक्खवे, इमेसं मनुस्सानं 'मागधका' त्वेव समञ्ञा उदपादि। मागधकानं, भिक्खवे, मनुस्सानं अप्पकं आयुप्पमाणं परित्तं लहुकं; यो चिरं जीवति सो वस्ससतं अप्पं वा भिय्यो। मागधका, भिक्खवे, मनुस्सा वेपुल्लं पब्बतं मुहुत्तेन आरोहन्ति मुहुत्तेन ओरोहन्ति। एतरहि खो पनाहं, भिक्खवे, अरहं सम्मासम्बुद्धो लोके उप्पन्नो। मय्हं खो पन, भिक्खवे, सारिपुत्तमोग्गल्लानं नाम सावकयुगं अग्गं भद्दयुगं। भविस्सति, भिक्खवे, सो समयो या अयञ्चेविमस्स पब्बतस्स समञ्ञा [R.193] अन्तरधायिस्सति, इमे च मनुस्सा कालं करिस्सन्ति, अहं च परिनिब्बायिस्सामि। एवं अनिच्चा, भिक्खवे, सङ्खारा; एवं अद्धुवा, भिक्खवे, सङ्खारा; एवं

मनुष्य 'सुप्रिय' कहलाते थे। भिक्षुओ! इन सुप्रिय मनुष्यों की आयु बीस हजार वर्ष होती थी। भिक्षुओ! ये सुप्रिय मनुष्य इस सुपार्श्व पर्वत पर दो दिन में चढते थे, तथा दो दिन में ही उतर पाते थे। उस समय भगवान् काश्यप सम्यक्सम्बुद्ध थे, तथा इन के अग्रश्रावकयुगल तिष्य एवं भारद्वाज नाम से प्रसिद्ध थे। देखो, भिक्षुओ! इन संस्कारों के अनित्यत्व एवं अध्रुवत्व की महिमा कि इस पर्वत का वह सुपार्श्व नाम भी विलुप्त हो गया, वे सुप्रिय मनुष्य भी काल के गाल में समा गये, वे भगवान् काश्यप सम्यक्सम्बुद्ध भी समय आने पर परिनिर्वृत हो गये। ये संस्कार ऐसे अनित्य हैं! अध्रुव हैं! अतः विवेकी पुरुष को चाहिये वह इन संस्कारों के प्रति ग्लानि तथा वैराग्य युक्त रहे तथा वह इन से स्वयं को विमुक्त करने का सतत प्रयास करे। (३)

''यदि, भिक्षुओ! वेदना में...पूर्ववत्...संज्ञा में...संस्कारों में...विज्ञान में आस्वाद न होता तो प्राणी इस में आसक्त न होते। ...पूर्ववत्...इसीलिये मुमुक्षु प्राणी इस से नि:सरणोपाय की गवेषणा करते रहते हैं।

''भिक्षुओ! जब तक प्राणी इन पाँचों रूप आदि उपादानस्कन्धों के आस्वाद, आदीनव एवं नि:सरण के विषय में यथार्थत: नहीं जान लेते, भिक्षुओ! तब तक इन लोकधातुओं की देवताओं सहित समस्त प्रजा न इन से दूर हो पायी, न इन से मुक्त हो पायी तथा यों ही मर्यादारहित चित्त से इस संसार में विचरण करती रही। हाँ, भिक्षुओ! जब इन में से कुछ प्राणियों ने इन पाँचों उपादानस्कन्धों के आस्वाद, आदीनव एवं नि:सरण के विषय में प्रज्ञापूर्वक यथार्थत: जान लिया तब देवताओं सहित इन लोकधातुओं के वे प्राणी भवबन्धन से मुक्त हो गये तथा निर्मर्याद चित्त से यहाँ साधना करते रहे॥'' ●

यो दुक्खं अभिनन्दति, अपरिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि। यो वेदनं अभिनन्दति...यो सञ्ञं अभिनन्दति...यो सङ्खारे अभिनन्दति...यो विञ्ञाणं अभिनन्दति, दुक्खं सो अभिनन्दति। यो दुक्खं अभिनन्दति, अपरिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि। यो च खो, भिक्खवे, रूपं नाभि-नन्दति, दुक्खं सो नाभिनन्दति। यो दुक्खं नाभिनन्दति, परिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि। यो वेदनं नाभिनन्दति...यो सञ्ञं नाभिनन्दति...यो सङ्खारे नाभिनन्दति...यो विञ्ञाणं नाभिनन्दति, दुक्खं सो नाभिनन्दति। यो दुक्खं नाभिनन्दति, परिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामी'' ति॥ •

३०. उप्पादसुत्तं

३३. सावत्थिनिदानं। ''यो, भिक्खवे, रूपस्स उप्पादो ठिति अभिनिब्बत्ति पातुभावो, दुक्खस्सेसो उप्पादो रोगानं ठिति जरामरणस्स पातुभावो। यो [R.32] वेदनाय...पे०...यो सञ्ञाय...यो सङ्खारानं...यो विञ्ञाणस्स उप्पादो ठिति [B.27] अभिनिब्बत्ति पातुभावो, दुक्खस्सेसो उप्पादो रोगानं ठिति जरामरणस्स पातुभावो। यो च खो, भिक्खवे, रूपस्स निरोधो वूपसमो अत्थङ्गमो, दुक्खस्सेसो निरोधो रोगानं वूपसमो

---

२९. अभिनन्दनसूत्र : : अभिनन्दन से दुःख की उत्पत्ति

३२. ...**श्रावस्ती में** ही...। ''भिक्षुओ! जो रूप का अभिनन्दन करता है, उसके कारण आनन्दित होता है, वह एक तरह से दुःख का ही अभिनन्दन करता है। जो दुःख में आनन्द मानता है वह दुःख से कभी मुक्त नहीं हो सकता—ऐसा मेरा मानना है। जो वेदना का...विज्ञान का अभिनन्दन करता है, वह दुःख में ही लिप्त है—ऐसा मेरा कहना है।

हाँ, जो रूप का अभिनन्दन नहीं करता, वह दुःख का अभिनन्दन नहीं करता। जो दुःख का अभिनन्दन नहीं करता, उसे दुःख से मुक्त हुआ ही समझो—ऐसी मेरी मान्यता है। जो वेदना का...संज्ञा का...संस्कारों का...विज्ञान का अभिनन्दन नहीं करता वह दुःख का ही अभिनन्दन नहीं करता। जो दुःख का अभिनन्दन नहीं करता, वह एक न एक दिन दुःख से छुटकारा पा ही जाता है—ऐसा मैं कहता हूँ॥ •

३०. उत्पादसूत्र : : रूप के उत्पाद आदि

३३. ...**श्रावस्ती में** ही...। ''भिक्षुओ! रूप का जो उत्पाद, स्थिति, उद्भव या प्रादुर्भाव है वह वस्तुतः दुःख का ही उत्पाद, रोगों की स्थिति तथा जरामरण का ही प्रादुर्भाव है। जो वेदना का...जो संज्ञा का...जो संस्कारों का...जो विज्ञान का उत्पाद, स्थिति, उद्भव या प्रादुर्भाव है वह वस्तुतः दुःख का उत्पाद, रोगों की स्थिति तथा जरामरण का ही प्रादुर्भाव है।

जरामरणस्स अत्थङ्गमो। यो वेदनाय...पे०...यो सञ्ञाय...यो सङ्खारानं...यो विञ्ञाणस्स निरोधो वूपसमो अत्थङ्गमो, दुक्खस्सेसो निरोधो रोगानं वूपसमो जरामरणस्स अत्थङ्गमो'' ति॥ •

३१. अघमूलसुत्तं

३४. सावत्थिनिदानं। ''अघं च, भिक्खवे, देसेस्सामि अघमूलं च। तं सुणाथ। कतमं च भिक्खवे अघं? रूपं, भिक्खवे, अघं वेदना अघं सञ्ञा अघं सङ्खारा अघं विञ्ञाणं अघं। इदं वुच्चति, भिक्खवे, अघं। कतमं च, भिक्खवे, अघमूलं? यायं तण्हा पोनोभविका नन्दीराग-सहगता तत्र तत्राभिनन्दिनी, सेय्यथीदं—कामतण्हा भवतण्हा विभवतण्हा। इदं वुच्चति, भिक्खवे, अघमूलं'' ति॥ •

३२. पभङ्गुसुत्तं

३५. सावत्थिनिदानं। ''पभङ्गुं च, भिक्खवे, देसेस्सामि अप्पभङ्गुं च। तं [R.33] सुणाथ। किञ्च, भिक्खवे, पभङ्गु किं अप्पभङ्गुं? रूपं, भिक्खवे, पभङ्गु। यो

तथा जो, भिक्षुओ! रूप का निरोध है, व्युपशम (शान्ति) है, अस्त होना है, यह वस्तुतः दुःख का ही निरोध, रोगों का व्युपशम एवं जरामरण का अस्त होना है। जो वेदना का...संज्ञा का...संस्कारों का...विज्ञान का उत्पाद...पूर्ववत्...जरामरण का ही अस्तगमन है॥'' •

३१. अघमूलसूत्र : : दुःख का मूल

३४. ...**श्रावस्ती में** ही...।''भिक्षुओ! अब मैं तुम्हें अघ (=दुःख, पाप) के विषय में देशना करूँगा, साथ ही अघमूल (दुःखमूल, पापमूल) के विषय में भी बताऊँगा। उसे ध्यानपूर्वक सुनो।

''भिक्षुओ! अघ किसे कहते हैं? तथा अघमूल किसे कहते हैं? भिक्षुओ! यह दृश्यमान समस्त रूप ही 'अघ' है, वेदना 'अघ' है, संज्ञा 'अघ' है, संस्कार 'अघ' हैं, विज्ञान 'अघ' है। भिक्षुओ! यों यह (पञ्चस्कन्ध) 'अघ' है।

''भिक्षुओ! यह 'अघमूल' क्या है? यह जो पुनः पुनः उत्पन्न होने वाली अनुरागसहगत वहाँ वहाँ (विषयों में) आनन्द मानने वाली तृष्णा है; जैसे—कामतृष्णा, भवतृष्णा एवं विभवतृष्णा। भिक्षुओ! इस (तृष्णा) को कहते हैं—अघमूल॥ •

३२. प्रभङ्गुरसूत्र : : क्षणभङ्गुरता

३५. ...**श्रावस्ती में** ही...।''भिक्षुओ! अब मैं तुम्हें प्रभङ्गुर (विनाशशील) पदार्थों के विषय में बताऊँगा, साथ ही अप्रभङ्गुर (नित्य, अविनाशी) पदार्थों के विषय में भी। उसे ध्यानपूर्वक सुनो।

तस्स निरोधो वूपसमो अत्थङ्गमो इदं अप्पभङ्गु। वेदना पभङ्गु। यो तस्सा निरोधो वूपसमो अत्थङ्गमो इदं अप्पभङ्गु सञ्ञा पभङ्गु...सङ्खारा पभङ्गु। यो तेसं निरोधो वूपसमो अत्थङ्गमो इदं अप्पभङ्गु। विञ्ञाणं पभङ्गु। यो तस्स निरोधो वूपसमो अत्थङ्गमो इदं अप्पभङ्गू'' ति॥

भारवग्गो ततियो॥

तस्सुद्दानं

भारं परिञ्ञं अभिजानं, छन्दरागं चतुत्थकं।
अस्सादा च तयो वुत्ता, अभिनन्दनमट्ठमं।
उप्पादं अघमूलं च, एकादसमो पभङ्गू ति॥

''भिक्षुओ! यहाँ विनाशशील पदार्थ क्या है? भिक्षुओ! रूप विनाशशील है तथा उस का निरोध, व्युपशम एवं अस्त होना—यही अविनाशी है। वेदना... संज्ञा... संस्कार... विज्ञान विनाशशील है तथा उस का निरोध, व्युपशमन एवं अस्तगमन ही अविनाशी है''॥

भारवर्ग तृतीय सम्पन्न॥

इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची

इस वर्ग में इन ११ सूत्रों का व्याख्यान हुआ है—१. भारसूत्र, २. परिज्ञासूत्र, ३. अभिजानसूत्र, ४. छन्दरागसूत्र, ५-६-७. तीन आस्वादसूत्र, ८. अभिनन्दनसूत्र, ९. उत्पादसूत्र, १०. अघमूल एवं ११. प्रभङ्गुरसूत्र॥

४. नतुम्हाकवग्गो चतुत्थो

३३. नतुम्हाकसुत्तं

[B.28] ३६. सावत्थिनिदानं। "यं, भिक्खवे, न तुम्हाकं, तं पजहथ। तं वो पहीनं हिताय सुखाय भविस्सति। किञ्च, भिक्खवे, न तुम्हाकं? रूपं, भिक्खवे, न तुम्हाकं, तं पजहथ। तं वो पहीनं हिताय सुखाय भविस्सति। वेदना, न तुम्हाकं, तं पजहथ। सा वो पहीना हिताय सुखाय भविस्सति। सञ्ञा न तुम्हाकं...सङ्खारा न तुम्हाकं, ते पजहथ। ते [R.34] वो पहीना हिताय सुखाय भविस्सन्ति। विञ्ञाणं न तुम्हाकं, तं पजहथ। तं वो पहीनं हिताय सुखाय भविस्सति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, यं इमस्मिं जेतवने तिणकट्ठसाखापलासं तं जनो हरेय्य वा डहेय्य वा यथापच्चयं वा करेय्य। अपि नु तुम्हाकं एवमस्स–'अम्हं जनो हरति वा डहति वा यथापच्चयं वा करोती''' ति?

[N.268] "नो हेतं, भन्ते"।

"तं किस्स हेतु"?

"न हि नो एतं, भन्ते, अत्ता वा अत्तनियं वा" ति।

---

४. नयुष्माकंवर्ग

३३. नयुष्माकंसूत्र : : जो तुम्हारा नहीं है उस का त्याग

३६. ...**श्रावस्ती में** ही...। "भिक्षुओ! जो तुम्हारा नहीं है, उस को त्याग दो। उस के प्रहाण से तुम्हारा हित ही होगा, वह (प्रहाण) तुम्हारे लिये सुखदायक भी होगा। यहाँ भिक्षुओ! तुम्हारा क्या नहीं है? भिक्षुओ! (यहाँ) रूप तुम्हारा नहीं है, इस का परित्याग कर दो। उस के प्रहाण से तुम्हारा हित ही होगा, वह प्रहाण तुम्हारे लिये सुखदायी भी होगा। वेदना...संज्ञा... संस्कार...विज्ञान तुम्हारा नहीं है उसको त्याग दो। उस का त्याग तुम्हारे लिये हितकर तथा सुखकर ही होगा।

"जैसे, भिक्षुओ! कोई आदमी इस जेतवन से मनचाहा तृण, वृक्षों की शाखाएँ या पत्ते ले जाय, ले जा कर उन्हें जला दे या उस के मन में उस के प्रति जो हो वह करे। तो क्या उस समय तुम्हारे मन में यह विचार होगा—यह आदमी हमें ले जा रहा है या जला रहा है या यथेच्छ कर रहा है?"

"नहीं, भन्ते!"

"वह क्यों?"

"क्यों कि, भन्ते! वह तृण, शाखा या पलाश हमारा अपना या अपना कहने योग्य नहीं है।"

"एवमेव खो, भिक्खवे, रूपं न तुम्हाकं, तं पजहथ। तं वो पहीनं हिताय सुखाय भविस्सति। वेदना, न तुम्हाकं, तं पजहथ। सा वो पहीना हिताय सुखाय भविस्सति। सञ्ञा न तुम्हाकं...सङ्खारा न तुम्हाकं...विञ्ञाणं न तुम्हाकं, तं पजहथ। तं वो पहीनं हिताय सुखाय भविस्सती" ति॥

●

३४. दुतियनतुम्हाकसुत्तं

३७. सावत्थिनिदानं। "यं, भिक्खवे, न तुम्हाकं, तं पजहथ। तं वो पहीनं हिताय सुखाय भविस्सति। किञ्च, भिक्खवे, न तुम्हाकं? रूपं, भिक्खवे, न तुम्हाकं, तं पजहथ। तं वो पहीनं हिताय सुखाय भविस्सति। वेदना न तुम्हाकं...सञ्ञा न तुम्हाकं...सङ्खारा न तुम्हाकं...विञ्ञाणं न तुम्हाकं, तं पजहथ। तं वो पहीनं हिताय सुखाय भविस्सति। यं, भिक्खवे, न तुम्हाकं तं पजहथ। तं वो पहीनं हिताय सुखाय भविस्सती" ति॥

●

३५. अञ्ञतरभिक्खुसुत्तं

३८. सावत्थिनिदानं। अथ खो अञ्ञतरो भिक्खु येन भगवा तेनुपसङ्कमि; [R.35] उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो [B.29] सो भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—"साधु मे, भन्ते, भगवा सङ्खित्तेन धम्मं देसेतु; यमहं भगवतो धम्मं सुत्वा एको वूपकट्ठो, अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरेय्यं" ति।

"यं खो, भिक्खु, अनुसेति तेन सङ्खं गच्छति; यं नानुसेति न तेन सङ्खं गच्छती" ति।

"इसी तरह, भिक्षुओ! रूप तुम्हारा नहीं है...वेदना...संज्ञा...संस्कार...विज्ञान तुम्हारा नहीं है, इस का त्याग कर दो। इस का त्याग तुम्हारे लिये हितकर एवं सुखकर ही होगा॥"

●

३४. द्वितीय नयुष्माकंसूत्र : : जो तुम्हारा नहीं है उसका त्याग

३७. ...**श्रावस्ती में** ही...। "भिक्षुओ! यहाँ जो तुम्हारा नहीं है उस का परित्याग कर दो। यह त्याग ही तुम्हारे लिये हितकर एवं सुखकर होगा। ...पूर्वसूत्रवत्...। *(केवल पिछले सूत्र में वर्णित जेतवन का दृष्टान्त यहाँ न पढ़ें।)*

●

३५. अन्यतर भिक्षुसूत्र : : अनुशय के अनुसार समझा जाना

३८. ...**श्रावस्ती में** ही...। तब कोई भिक्षु जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ आया। आ कर, भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे हुए उस ने भगवान् से यों निवेदन किया—"अच्छा हो, भन्ते! कि आप मुझे ऐसा कुछ संक्षेप में धर्मोपदेश करें, जिसे मैं अपने मन में भली भाँति बैठा कर एकाकी, सावधान हो कर एकान्त में विचरण करता हुआ उस के आधार पर इस धर्म साधना में सोत्साह लग सकूँ।"

"अञ्ञातं, भगवा; अञ्ञातं, सुगता" ति। "यथा कथं पन त्वं, भिक्खु, मया सङ्खित्तेन भासितस्स वित्थारेन अत्थं आजानासी" ति?

"रूपं चे, भन्ते, अनुसेति तेन सङ्खं गच्छति। वेदनं चे अनुसेति तेन सङ्खं गच्छति। [N.269] सञ्ञं चे अनुसेति तेन सङ्खं गच्छति। सङ्खारे चे अनुसेति तेन सङ्खं गच्छति। विञ्ञाणं चे अनुसेति तेन सङ्खं गच्छति। रूपं चे, भन्ते, नानुसेति न तेन सङ्खं गच्छति। वेदनं चे...सञ्ञं चे...सङ्खारे चे...विञ्ञाणं चे नानुसेति न तेन सङ्खं गच्छति। इमस्स ख्वाहं, भन्ते, भगवता सङ्खित्तेन भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थं आजानामी" ति।

"साधु साधु, भिक्खु! साधु खो त्वं, भिक्खु, मया सङ्खित्तेन भासितस्स वित्थारेन अत्थं आजानासि। रूपं चे, भिक्खु, अनुसेति तेन सङ्खं गच्छति। वेदनं चे...सञ्ञं चे. .सङ्खारे चे...विञ्ञाणं चे अनुसेति तेन सङ्खं गच्छति। रूपं चे, भिक्खु, नानुसेति न तेन सङ्खं गच्छति। वेदनं चे...सञ्ञं चे...सङ्खारे चे...विञ्ञाणं चे नानुसेति न तेन सङ्खं गच्छति। इमस्स खो, भिक्खु, मया सङ्खित्तेन, भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थो दट्ठब्बो" ति।

(भगवान् बोले—) "भिक्षु! भिक्षु (साधक) के चित्त का जिधर प्रवृत्ति (झुकाव) होता है वह (साधक) वैसा ही कहलाता है। जिधर उस के चित्त का झुकाव नहीं रहता तो वह वैसा नहीं कहलाता।"

(भिक्षु—) "मैं समझ गया, भन्ते! आप के उपदेश का सार समझ गया, सुगत!"

(भगवान्—) "तुम मेरे इस संक्षिप्त कथन का क्या तात्पर्य समझे?"

(भिक्षु—) "किसी साधक के चित्त का, भन्ते! रूप की ओर होगा तो वह रूपासक्त कहलायगा। किसी के चित्त का वेदना के प्रति...संज्ञा के प्रति...संस्कारों के प्रति...विज्ञान के प्रति झुकाव होगा तो वह विज्ञानासक्त कहलायगा। इसी प्रकार, भन्ते! जिस के चित्त का झुकाव रूप के प्रति नहीं होगा तो वह रूपासक्त नहीं कहला सकता। जिसके चित्त का झुकाव वेदना के प्रति...पूर्ववत्...संज्ञा के प्रति...संस्कारों के प्रति...विज्ञान के प्रति न होगा तो वह विज्ञानासक्त कथमपि नहीं कहलायगा। भन्ते! मैं आप के इस संक्षिप्त धर्मोपदेश का यही तात्पर्य समझ पाया हूँ।"

(भगवान्—) "साधु, भिक्षु! साधु,! तुमने मेरी उक्त संक्षिप्त देशना का बहुत उचित अर्थ समझा है। मेरे कथन का तात्पर्य भी यही था कि भिक्षु! यदि किसी का चित्त रूप की तरफ झुका हुआ है तो वह रूपासक्त कहलायगा।...पूर्ववत्...वेदना के प्रति...संज्ञा के प्रति...संस्कारों के प्रति...विज्ञान के प्रति जिसका चित्त नहीं झुका हुआ है वह विज्ञानासक्त नहीं कहलायगा। भिक्षु! मेरे कथन का यही तात्पर्य समझना चाहिये।"

अथ खो सो भिक्खु भगवतो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा उट्ठायासना [R.36] भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि।

अथ खो सो भिक्खु एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो नचिरस्सेव—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहासि। ''खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया'' ति अब्भञ्ञासि। अञ्ञतरो च पन सो भिक्खु अरहतं अहोसी ति॥ •

३६. दुतियअञ्ञतरभिक्खुसुत्तं

३९. सावत्थिनिदानं। अथ खो अञ्ञतरो भिक्खु येन भगवा...पे०...एकमन्तं निसिन्नो खो सो भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—''साधु मे, भन्ते, भगवा सङ्खित्तेन [B.30] धम्मं देसेतु यमहं भगवतो धम्मं सुत्वा एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरेय्यं'' ति।

''यं खो, भिक्खु, अनुसेति तं अनुमीयति; यं अनुमीयति तेन सङ्खं गच्छति; यं नानुसेति न तं अनुमीयति; यं नानुमीयति न तेन सङ्खं गच्छती'' ति।

वह भिक्षु भगवान् के द्वारा उपदिष्ट उन धर्मवचनों का अभिनन्दन, अनुमोदन करता हुआ, आसन से उठ कर, भगवान् को प्रणाम प्रदक्षिणा करता हुआ चला गया।

तब वह भिक्षु एकाकी, एकान्तचारी, सावधान, इन्द्रियों से उत्साहसम्पन्न रहता हुआ शीघ्र ही—जिस प्रयोजनसिद्धि के लिये सद्गृहस्थ जन (कुलपुत्र) भली भाँति घर से बेघर हो कर प्रव्रजित होते हैं उस अद्वितीय (अनुपम)—धर्मसाधना की अन्तिम सीमा इसी जन्म में प्राप्त कर, उस का साक्षात्कार कर, उपसम्पन्न हो कर साधनारत हो गया। अन्त में उस धर्मसाधना के प्रभाव से निश्चय हो गया—'मेरी जन्मपरम्परा क्षीण हो चुकी है, मेरी धर्मसाधना भी पूर्ण हो चुकी है, मेरे सभी करणीय कृत्य भी पूर्ण हो चुके, अब मेरा कोई कर्तव्य अवशिष्ट नहीं है।' यों वह साधारण भिक्षु एक दिन अर्हत्त्व को प्राप्त हो गया॥ •

३६. द्वितीय अन्यतर भिक्षुसूत्र : :व्यक्ति का अनुशय के अनुसार अनुमान

३९. ...**श्रावस्ती में** ही...। तब कोई दूसरा भिक्षु...पूर्ववत्...भगवान् से यों निवेदन करने लगा—''अच्छा होगा, भन्ते! कि आप मुझे संक्षेप में ही ऐसा कुछ धर्मोपदेश करें कि मैं उसे मन में धारण कर उस के आश्रय से एकान्त में जा कर धर्मसाधना में सोत्साह मन लगा सकूँ।''

''भिक्षु! साधक का चित्त जिधर झुका रहता है उसी से उस के व्यक्तित्त्व का अनुमान लगाया जाता है तथा उस को वैसा ही समझा जाता है। जिसका चित्त किसी ओर

[N.270] ''अञ्ञातं, भगवा; अञ्ञातं, सुगता'' ति। ''यथा कथं पन त्वं, भिक्खु, मया सङ्खित्तेन भासितस्स वित्थारेन अत्थं आजानासी'' ति?

''रूपं चे, भन्ते, अनुसेति तं अनुमीयति; यं अनुमीयति तेन सङ्खं गच्छति। वेदनं चे अनुसेति...सञ्ञं चे अनुसेति...सङ्खारे चे अनुसेति...विञ्ञाणं चे अनुसेति तं अनुमीयति; यं अनुमीयति तेन सङ्खं गच्छति। रूपं चे, भन्ते, नानुसेति न तं अनुमीयति; यं नानुमीयति न तेन सङ्खं गच्छति। वेदनं चे नानुसेति...सञ्ञं चे नानुसेति...सङ्खारे चे नानुसेति...विञ्ञाणं चे नानुसेति न तं अनुमीयति। यं नानुमीयति न तेन सङ्खं गच्छति। [R.37] इमस्स ख्वाहं, भन्ते, भगवता सङ्खित्तेन भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थं आजानामी'' ति।

''साधु साधु, भिक्खु! साधु खो त्वं, भिक्खु, मया सङ्खित्तेन भासितस्स वित्थारेन अत्थं आजानासि। रूपं चे, भिक्खु, अनुसेति तं अनुमीयति। यं अनुमीयति तेन सङ्खं गच्छति। वेदनं चे, भिक्खु...सञ्ञं चे, भिक्खु...सङ्खारे चे, भिक्खु...विञ्ञाणं चे, भिक्खु, अनुसेति तं अनुमीयति। यं अनुमीयति तेन सङ्खं गच्छति। रूपं चे, भिक्खु, नानुसेति न तं अनुमीयति, यं नानुमीयति न तेन सङ्खं गच्छति। वेदनं चे नानुसेति...सञ्ञं चे नानुसेति...सङ्खारे चे नानुसेति...विञ्ञाणं चे नानुसेति न तं अनुमीयति। यं नानुमीयति न तेन सङ्खं गच्छति। इमस्स खो, भिक्खु, मया सङ्खित्तेन भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थो दट्ठब्बो'' ति। अञ्ञतरो च पन सो भिक्खु अरहतं अहोसी ति॥ •

नहीं रहता उस के विषय में कोई वैसा अनुमान भी नहीं लगाता, न उस के प्रति वैसे विचार ही बनाता है।''

(यह सुनकर वह भिक्षु बोला—) ''ठीक है, भन्ते! आपने जो यह कहा मैं उस का तात्पर्य समझ गया।''

(भगवान् ने पूछा—) ''मेरे कथन का तुम क्या तात्पर्य समझे, भिक्षु?''

(भिक्षु—) ''भन्ते! जिस का रूप की ओर झुकाव रहता है लोग उस के विषय में उस की रूपानुरागिता का अनुमान लगा लेते हैं तथा उस को वैसा ही समझने लगते हैं। वेदना...संज्ञा...संस्कार...विज्ञान की ओर जिसका झुकाव रहता है...पूर्ववत्...। भन्ते! मैंने आप के उक्त संक्षिप्त कथन का यही भाव समझा है।''

''ठीक है, भिक्षु! ठीक है! तुमने मेरे कथन का उचित अर्थ ही समझा है। रूप की ओर चित्त झुकाने वाले को...पूर्ववत्...। भिक्षु! मेरे कथन का यही भाव था। तुमने ठीक ही समझा है।''

वह भिक्षु कुछ समय साधनारत रह कर ही अर्हत्त्व प्राप्त कर गया॥ •

३७. आनन्दसुत्तं

४०. सावत्थिनिदानं। अथ खो...पे०...एकमन्तं निसिन्नं खो आयस्मन्तं [B.31] आनन्दं भगवा एतदवोच—

"सचे तं, आनन्द, एवं पुच्छेय्युं—'कतमेसं, आवुसो आनन्द, धम्मानं उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायती' ति। एवं पुट्ठो त्वं, आनन्द, किन्ति ब्याकरेय्यासी" ति?

"सचे मं, भन्ते, एवं पुच्छेय्युं—'कतमेसं, आवुसो आनन्द, धम्मानं [R.38] उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायती' ति? एवं पुट्ठोहं, भन्ते, एवं ब्याकरेय्यं—'रूपस्स खो, आवुसो, उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायति। वेदनाय...सञ्ञाय...सङ्खारानं...विञ्ञाणस्स [N.271] उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायति। इमेसं खो, आवुसो, धम्मानं उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायती' ति। एवं पुट्ठोहं, भन्ते, एवं ब्याकरेय्यं" ति।

"साधु साधु, आनन्द! रूपस्स खो, आनन्द, उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायति। वेदनाय...सञ्ञाय...सङ्खारानं...विञ्ञाणस्स उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायति। इमेसं खो, आनन्द, धम्मानं उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायती ति। एवं पुट्ठो त्वं, आनन्द, एवं ब्याकरेय्यासी" ति। ●

---

३७. प्रथम आनन्दसूत्र : : धर्म का उत्पाद, नाश एवं अन्यथाभाव

४०. ...**श्रावस्ती में** ही...। तब...पूर्ववत्...भगवान् आनन्द से यों बोले—"आनन्द! यदि तुम से कुछ लोग यह पूछें—'आयुष्मन् आनन्द! किन धर्मों का उत्पाद, किन धर्मों का विनाश एवं किन धर्मों का उन के स्थिर रहने पर उन का अन्यथाभाव (विपरिणाम) जाना जाता है?'—ऐसा पूछे जाने पर तुम इस प्रश्न का क्या उत्तर दोगे?"

(आनन्द—) "भन्ते! मुझ से कोई यह पूछे—...पूर्ववत्...मैं इस का यह उत्तर दूँगा—'आयुष्मानो! रूप (धर्म) का उत्पाद...विनाश...एवं विपरिणाम जाना जाता है। वेदना का...संज्ञा का...संस्कारों का...विज्ञान का...पूर्ववत्...विपरिणाम जाना जाता है। उक्त प्रश्न का मैं यह उत्तर दूँगा।"

"ठीक है, आनन्द! ठीक है! इस प्रश्न का यही उचित उत्तर होता है कि रूप का उत्पाद ...नाश...एवं विपरिणाम जाना जाता है। वेदना का...संज्ञा का...संस्कारों का...विज्ञान

३८. दुतियआनन्दसुत्तं

४१. सावत्थिनिदानं। एकमन्तं निसिन्नं खो आयस्मन्तं आनन्दं भगवा एतदवोच—

"सचे तं, आनन्द, एवं पुच्छेय्युं—'कतमेसं, आवुसो आनन्द, धम्मानं उप्पादो पञ्ञायित्थ, वयो पञ्ञायित्थ, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायित्थ? कतमेसं धम्मानं उप्पादो पञ्ञायिस्सति, वयो पञ्ञायिस्सति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायिस्सति? कतमेसं धम्मानं उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायती' ति? एवं पुट्ठो त्वं, आनन्द, किन्ति ब्याकरेय्यासी" ति?

"सचे मं, भन्ते, एवं पुच्छेय्युं—'कतमेसं, आवुसो आनन्द, धम्मानं उप्पादो [B.32] पञ्ञायित्थ, वयो पञ्ञायित्थ, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायित्थ? कतमेसं धम्मानं [R.39] उप्पादो पञ्ञायिस्सति, वयो पञ्ञायिस्सति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायिस्सति? कतमेसं धम्मानं उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायती' ति? एवं पुट्ठोहं, भन्ते, एवं ब्याकरेय्यं—'यं खो, आवुसो, रूपं अतीतं निरुद्धं विपरिणतं तस्स उप्पादो पञ्ञायित्थ, वयो पञ्ञायित्थ, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायित्थ। या वेदना अतीता निरुद्धा विपरिणता तस्सा उप्पादो पञ्ञायित्थ, वयो पञ्ञायित्थ, ठिताय [N.272] अञ्ञथत्तं पञ्ञायित्थ। या सञ्ञा...ये सङ्खारा अतीता निरुद्धा विपरिणता तेसं उप्पादो पञ्ञायित्थ, वयो पञ्ञायित्थ, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायित्थ। यं विञ्ञाणं अतीतं निरुद्धं विपरिणतं तस्स उप्पादो पञ्ञायित्थ, वयो पञ्ञायित्थ, ठितस्स अञ्ञथत्तं

का उत्पाद ...नाश...एवं...विपरिणाम जाना जाता है। उक्त प्रश्न किये जाने पर यही उत्तर दिया जाना चाहिये। अत: तुमने उचित उत्तर ही दिया॥ •

३८. द्वितीय आनन्दसूत्र : :धर्मों का उत्पाद, विनाश एवं विपरिणाम

४१. ...**श्रावस्ती में** ही...। तब...एक तरफ बैठे आनन्द से भगवान् यों बोले— "यदि, आनन्द! तुम से कोई यह प्रश्न करे—'आयुष्मान् आनन्द! किन धर्मों का उत्पाद जाना गया, किन का विनाश तथा किन स्थित धर्मों का विपरिणाम जाना गया? या किन धर्मों का उत्पाद, विनाश एवं विपरिणाम जाना जायगा?' तो, आनन्द! इस प्रश्न का तुम क्या उत्तर दोगे?"

(आनन्द—) "भन्ते! मुझ से पूछे गये...पूर्ववत्...प्रश्न का मैं यह उत्तर दूँगा— 'आयुष्मानो! जो भी अतीतकालिक रूप निरुद्ध हो चुका है या अन्यथात्व को प्राप्त हो चुका है उसी का उत्पाद जाना गया, विनाश जाना गया या अन्यथात्व जाना गया'। जो अतीतकालिक वेदना...संज्ञा... संस्कार...विज्ञान निरुद्ध हो चुका है...अन्यथात्व जाना

पञ्ञायित्थ। इमेसं खो, आवुसो, धम्मानं उप्पादो पञ्ञायित्थ, वयो पञ्ञायित्थ, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायित्थ।

'यं खो, आवुसो, रूपं अजातं अपातुभूतं तस्स उप्पादो पञ्ञायिस्सति, वयो पञ्ञायिस्सति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायिस्सति। या वेदना अजाता अपातुभूता तस्सा उप्पादो पञ्ञायिस्सति, वयो पञ्ञायिस्सति, ठिताय अञ्ञथत्तं पञ्ञायिस्सति। या सञ्ञा...पे०...ये सङ्खारा अजाता अपातुभूता तेसं उप्पादो पञ्ञायिस्सति, वयो पञ्ञायिस्सति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायिस्सति। यं विञ्ञाणं अजातं अपातुभूतं तस्स उप्पादो पञ्ञायिस्सति, वयो पञ्ञायिस्सति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायिस्सति। इमेसं खो, आवुसो, धम्मानं उप्पादो पञ्ञायिस्सति, वयो पञ्ञायिस्सति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायिस्सति।

'यं खो, आवुसो, रूपं जातं पातुभूतं तस्स उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायति। या वेदना जाता पातुभूता...पे०...या सञ्ञा...ये सङ्खारा जाता पातुभूता तेसं उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायति। यं विञ्ञाणं जातं पातुभूतं तस्स उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायति। इमेसं खो, आवुसो, धम्मानं उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायती' ति। एवं पुट्ठोहं, भन्ते, एवं ब्याकरेय्यं''' ति।

''साधु, साधु, आनन्द! यं खो, आनन्द, रूपं अतीतं निरुद्धं विपरिणतं [B.33] तस्स उप्पादो पञ्ञायित्थ, वयो पञ्ञायित्थ, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायित्थ। [R.40] या वेदना...या सञ्ञा...ये सङ्खारा...विञ्ञाणं अतीतं निरुद्धं विपरिणतं तस्स उप्पादो पञ्ञायित्थ, वयो पञ्ञायित्थ, ठितस्स 'अञ्ञथत्तं पञ्ञायित्थ। इमेसं खो, आनन्द, धम्मानं उप्पादो पञ्ञायित्थ, वयो पञ्ञायित्थ, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायित्थ।

'यं खो, आनन्द, रूपं अजातं अपातुभूतं तस्स उप्पादो पञ्ञायिस्सति, [N.273] वयो पञ्ञायिस्सति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायिस्सति। या वेदना...या सञ्ञा...ये सङ्खारा...यं विञ्ञाणं अजातं अपातुभूतं तस्स उप्पादो पञ्ञायिस्सति, वयो

गया, विनाश जाना गया या अन्यथात्व जाना गया।''तथा, आयुष्मानो! जो रूपधर्म अजात है, अप्रादुर्भूत है उस का उत्पाद नाश एवं अन्यथात्व जाना जायगा...। जो वेदना...पूर्ववत्...। तथा, आयुष्मानो! जो रूप धर्म उत्पन्न एवं प्रादुर्भूत हो चुका है उस का उत्पाद, विनाश एवं अन्यथात्व जाना जाता है। जो वेदना...पूर्ववत्...। भन्ते! किसी के द्वारा मुझ से उक्त प्रश्न किये जाने पर मैं उस का यही विस्तृत उत्तर दूँगा।''

पञ्ञायिस्सति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायिस्सति। इमेसं खो, आनन्द, धम्मानं उप्पादो पञ्ञायिस्सति, वयो पञ्ञायिस्सति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायिस्सति।

''यं खो, आनन्द, रूपं जातं पातुभूतं तस्स उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायति। या वेदना जाता पातुभूता...या सञ्ञा...ये सङ्खारा...यं विञ्ञाणं जातं पातुभूतं तस्स उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायति। इमेसं खो, आनन्द, धम्मानं उप्पादो पञ्ञायति, वयो पञ्ञायति, ठितस्स अञ्ञथत्तं पञ्ञायती' ति। एवं पुट्ठो त्वं, आनन्द, एवं ब्याकरेय्यासी'' ति॥ •

३९. अनुधम्मसुत्तं

४२. सावत्थिनिदानं। ''धम्मानुधम्मप्पटिपन्नस्स, भिक्खवे, भिक्खुनो अयमनुधम्मो होति यं रूपे निब्बिदाबहुलो विहरेय्य, वेदनाय निब्बिदाबहुलो विहरेय्य, सञ्ञाय निब्बिदाबहुलो विहरेय्य, सङ्खारेसु निब्बिदाबहुलो विहरेय्य, विञ्ञाणे निब्बिदाबहुलो विहरेय्य। यो रूपे निब्बिदाबहुलो विहरन्तो, वेदनाय...सञ्ञाय... सङ्खारेसु निब्बिदाबहुलो विहरन्तो, विञ्ञाणे निब्बिदाबहुलो विहरन्तो रूपं परिजानाति, वेदनं...सञ्ञं...सङ्खारे...विञ्ञाणं परिजानाति, सो रूपं परिजानं वेदनं...सञ्ञं...सङ्खारे... विञ्ञाणं परिजानं परिमुच्चति रूपम्हा, परिमुच्चति वेदनाय, परिमुच्चति सञ्ञाय, [B.34, R.41] परिमुच्चति सङ्खारेहि, परिमुच्चति विञ्ञाणम्हा, परिमुच्चति जातिया जरामरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, परिमुच्चति दुक्खस्मा ति वदामी'' ति॥ •

(भगवान्—) ठीक है, आनन्द! ठीक है! उक्त प्रश्न के उत्तर में...पूर्ववत्...तुम्हारा यह कहना पूर्णत: यथार्थ है। *(पिछले दोनों पैराग्राफों का यहाँ भी विस्तार कर लें।)* •

३९. अनुधर्मसूत्र : : **वैराग्यपूर्वक साधना**

४२. ...**श्रावस्ती में** ही...। ''भिक्षुओ! जो साधक धर्मानुधर्म से युक्त हो कर साधना करना चाहता है उस के लिये यही धर्मोचित है कि वह रूप में वैराग्य की भावना करता हुआ साधना करे; वेदना में...संज्ञा में...संस्कारों में...विज्ञान में वैराग्य की भावना करता हुआ साधना करे। जो साधक वैराग्य की भावना के साथ रूप पर विचार करता है, वेदना पर...संज्ञा पर...संस्कारों पर...विज्ञान पर विचार करता है वह उस विज्ञान से छुटकारा पा कर मुक्त हो जाता है, जाति एवं जरामरण से, शोक से, परिदेव से, दु:ख से, दौर्मनस्य से, उपायास से छुटकारा पाकर मुक्त हो जाता है। इस तरह वह दु:ख से परिमुक्त हो जाता है—मैं ऐसा मानता हूँ॥ •

४०. दुतियअनुधम्मसुत्तं

४३. सावत्थिनिदानं। ''धम्मानुधम्मप्पटिपन्नस्स, भिक्खवे, भिक्खुनो अयमनुधम्मो होति यं रूपे अनिच्चानुपस्सी विहरेय्य...पे०...परिमुच्चति दुक्खस्मा ति वदामी'' ति॥

४१. ततियअनुधम्मसुत्तं

४४. सावत्थिनिदानं। ''धम्मानुधम्मप्पटिपन्नस्स, भिक्खवे, भिक्खुनो [N.274] अयमनुधम्मो होति यं रूपे दुक्खानुपस्सी विहरेय्य...पे०...परिमुच्चति दुक्खस्मा ति वदामी'' ति॥

४२. चतुत्थअनुधम्मसुत्तं

४५. सावत्थिनिदानं। ''धम्मानुधम्मप्पटिपन्नस्स, भिक्खवे, भिक्खुनो अयमनुधम्मो होति यं रूपे अनत्तानुपस्सी विहरेय्य, वेदनाय...सञ्ञाय...सङ्खारेसु...विञ्ञाणे अनत्तानुपस्सी विहरेय्य। यो रूपे अनत्तानुपस्सी विहरन्तो...पे०...रूपं परिजानाति, वेदनं...सञ्ञं...सङ्खारे...विञ्ञाणं परिजानाति, सो रूपं परिजानं वेदनं...सञ्ञं... सङ्खारे...विञ्ञाणं परिजानं परिमुच्चति रूपम्हा, परिमुच्चति वेदनाय, परिमुच्चति सञ्ञाय, परिमुच्चति सङ्खारेहि, परिमुच्चति विञ्ञाणम्हा, परिमुच्चति जातिया जरामरणेन

---

४०. द्वितीय अनुधर्मसूत्र : : अनित्यानुपश्यनापूर्वक साधना

४३. ...**श्रावस्ती में** ही...। ''भिक्षुओ! जो साधक धर्मानुधर्मयुक्त हो कर रूप में अनित्यानु-पश्यना की भावना के साथ साधना करता है, वेदना में...संज्ञा में...संस्कारों में...विज्ञान में अनित्यानुपश्यना की भावना के साथ साधना करता है, 'वह दुःख से परिमुक्त हो गया'—ऐसा मैं मानता हूँ॥

४१. तृतीय अनुधर्मसूत्र : : दुःखानुपश्यनापूर्वक साधना

४४. ...**श्रावस्ती में** ही...। ''भिक्षुओ! जो साधक धर्मानुधर्मयुक्त हो कर रूप में दुःखा-नुपश्यना की भावना के साथ साधना करता है..., 'वह दुःख से सर्वथा परिमुक्त हो जाता है'—ऐसा मैं मानता हूँ''॥

४२. चतुर्थ अनुधर्मसूत्र : : अनात्मानुपश्यनापूर्वक साधना

४५. ...**श्रावस्ती में** ही...। ''भिक्षुओ! जो साधक धर्मानुधर्मयुक्त हो कर रूप में अनात्मानुपश्यना की भावना करे, वेदना में...संज्ञा में...संस्कारों में...विज्ञान में अनात्मानुपश्यना की भावना करता है। ऐसा करता हुआ वह रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार को, विज्ञान को यथार्थतः जान जाता है तथा उस से मुक्त हो जाता है। इस तरह वह जाति, जरामरण,

सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, परिमुच्चति दुक्खस्मा ति वदामी'' ति ॥

नतुम्हाकवग्गो चतुत्थो ॥

तस्सुद्दानं

[R.42] नतुम्हाकेन द्वे वुत्ता, भिक्खूहि अपरे दुवे।
आनन्देन च द्वे वुत्ता, अनुधम्मेहि द्वे दुका ति ॥

शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य एवं उपायास से मुक्त होता हुआ दुःख से सर्वथा परिमुक्त हो जाता है—ऐसा मैं मानता हूँ'' ॥

नयुष्माकं वर्ग चतुर्थ सम्पन्न ॥

इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची

इस वर्ग में ये सूत्र व्याख्यात हुए हैं—१. प्रथम नयुष्माकंसूत्र, २. द्वितीय नयुष्माकंसूत्र, ३. प्रथम अन्यतर भिक्षुसूत्र, ४. द्वितीय अन्यतर भिक्षुसूत्र, ५. प्रथम आनन्दसूत्र, ६. द्वितीय आनन्दसूत्र, ७. प्रथम अनुधर्मसूत्र, ८. द्वितीय अनुधर्मसूत्र, ९. तृतीय अनुधर्मसूत्र एवं १०. चतुर्थ अनुधर्मसूत्र ॥

५. अत्तदीपवग्गो पञ्चमो

४३. अत्तदीपसुत्तं

४६. सावत्थिनिदानं। "अत्तदीपा, भिक्खवे, विहरथ अत्तसरणा अनञ्ञ- [B.35] सरणा, धम्मदीपा धम्मसरणा अनञ्ञसरणा। अत्तदीपानं, भिक्खवे, विहरतं अत्तसरणानं अनञ्ञसरणानं, धम्मदीपानं धम्मसरणानं अनञ्ञसरणानं योनि उपपरिक्खितब्बा। किंजातिका सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा किंपहोतिका ति?

"किंजातिका च, भिक्खवे, सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा किंपहोतिका? इध, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो अरियानं अदस्सावी अरियधम्मस्स अकोविदो अरियधम्मे अविनीतो सप्पुरिसानं अदस्सावी सप्पुरिसधम्मस्स अकोविदो [N.275] सप्पुरिसधम्मे अविनीतो रूपं अत्ततो समनुपस्सति, रूपवन्तं वा अत्तानं; अत्तनि वा रूपं, रूपस्मिं वा अत्तानं। तस्स तं रूपं विपरिणमति अञ्ञथा च होति। तस्स रूपविपरिणामञ्ञथाभावा उप्पज्जन्ति सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा। वेदनं अत्ततो समनुपस्सति वेदनावन्तं वा अत्तानं; अत्तनि वा वेदनं, वेदनाय वा अत्तानं। तस्स सा वेदना विपरिणमति अञ्ञथा च होति। तस्स वेदनाविपरिणमञ्ञथाभावा उप्पज्जन्ति सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा। सञ्ञं अत्ततो समनुपस्सति...सङ्खारे अत्ततो समनुपस्सति...विञ्ञाणं अत्ततो समनुपस्सति, विञ्ञाणवन्तं वा [R.43] अत्तानं; अत्तनि

---

५. आत्मद्वीपवर्ग

१. आत्मद्वीपसूत्र : : अपना आधार स्वयं होना

४६. ...**श्रावस्ती में** ही...। "भिक्षुओ! तुम अपना आधार स्वयं बनो, अपना शरणस्थल स्वयं बनो, किसी दूसरे की शरण में जाने का प्रयास न करो। या फिर धर्म ही तुम्हारा आधार है, धर्म ही तुम्हारा शरणस्थल है, इस के अतिरिक्त कोई दूसरा तुम्हारे लिये शरणस्थल नहीं है। भिक्षुओ! तुम लोग इस तरह आत्मद्वीप, आत्मशरण, धर्मद्वीप एवं धर्मशरण होकर साधना करते हुए इस बात की परीक्षा में तत्पर हो जाओ कि शोक, परिदेव, दु:ख, दौर्मनस्य एवं उपायास (पश्चात्ताप) का जाति एवं प्रभव (=जन्मस्थल) क्या है?

"भिक्षुओ! इन शोक, परिदेव आदि की जाति या प्रभवस्थल क्या है ? यहाँ, भिक्षुओ! कोई अज्ञ पृथग्जन...पूर्ववत्...सद्धर्म की साधना न करने वाला रूप को अपना समझता है, या अपने में रूप को समझता है, या अपने को रूपवान् समझता है, या रूप में अपने को समझता है; उस का वह रूप, समय आने पर विपरिणत तथा अन्यथा हो जाता है। उस के विपरिणत तथा अन्यथा होने से उस अज्ञ के चित्त में शोक, परिदेवादि

वा विञ्ञाणं, विञ्ञाणस्मिं वा अत्तानं। तस्स तं विञ्ञाणं विपरिणमति, अञ्ञथा च होति। तस्स तं रूपं विपरिणमति अञ्ञथा च होति। तस्स विञ्ञाणविपरिणाम-ञ्ञथाभावा उप्पज्जन्ति सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा।

''रूपस्स त्वेव, भिक्खवे, अनिच्चतं विदित्वा विपरिणामं विरागं निरोधं पुब्बे चेव रूपं एतरहि च सब्बं रूपं अनिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सतो ये सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा ते पहीयन्ति। तेसं पहाना न परितस्सति, अपरितस्सं सुखं विहरति, सुखविहारी भिक्खु 'तदङ्गनिब्बुतो' ति वुच्चति। वेदनाय त्वेव, भिक्खवे, अनिच्चतं विदित्वा विपरिणामं विरागं निरोधं पुब्बे चेव वेदना [B.36] एतरहि च सब्बा वेदना अनिच्चा दुक्खा विपरिणामधम्मा ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सतो ये सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा ते पहीयन्ति। तेसं पहाना न परितस्सति, अपरितस्सं सुखं विहरति, सुखविहारी भिक्खु 'तदङ्गनिब्बुतो' ति वुच्चति। सञ्ञाय... सङ्खारानं त्वेव, भिक्खवे, अनिच्चतं विदित्वा विपरिणामं विरागं निरोधं पुब्बे चेव सङ्खारा एतरहि च सब्बे सङ्खारा अनिच्चा दुक्खा विपरिणामधम्मा ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सतो ये सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा ते पहीयन्ति। तेसं पहाना न परितस्सति, अपरितस्सं सुखं विहरति, सुखविहारी भिक्खु 'तदङ्गनिब्बुतो' ति वुच्चति। विञ्ञाणस्स त्वेव, भिक्खवे, अनिच्चतं विदित्वा विपरिणामं विरागं निरोधं पुब्बे चेव विञ्ञाणं एतरहि च सब्बं विञ्ञाणं अनिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं ति एवमेतं [N.276] यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सतो ये सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा ते पहीयन्ति। तेसं पहाना न परितस्सति, अपरितस्सं सुखं विहरति, सुखविहारी भिक्खु 'तदङ्गनिब्बुतो' ति वुच्चती'' ति॥ •

उत्पन्न होते हैं। वेदना को... संज्ञा को... संस्कारों को... विज्ञान को अपना समझता है... पूर्ववत्... शोक, परिदेवादि उत्पन्न होते हैं।

''भिक्षुओ! इस तरह रूप की अनित्यता जान कर उसके अन्यथात्व, त्याग एवं निरोध को अतीत एवं वर्तमान रूपों में भी समझ कर समस्त दुःखों को इसी तरह से अनित्य, दुःखमय एवं विपरिणामधर्मा (विनाशी) समझता हुआ पुरुष उन के कारण अपने में उद्भूयमान शोक परिदेवादि से मुक्त हो जाता है। उन के प्रहाण से उस में उत्तेजना नहीं आती है। इस सात्त्विक उत्तेजना के न होने से वह सुख का अनुभव करता है। ऐसी सुखसाधना वाला भिक्षु 'उतने अङ्ग से मुक्त हुआ' समझा जाता है। वेदना में भी, भिक्षुओ! ... संज्ञा में भी... संस्कारों में भी, भिक्षुओ! ... विज्ञान में भी, भिक्षुओ! अनित्यता जान कर... पूर्ववत्... उसके समस्त शोक, परिदेवादि नष्ट हो जाते हैं। उन के नष्ट हो जाने

४४. पटिपदासुत्तं

४७. सावत्थिनिदानं। ''सक्कायसमुदयगामिनिं च वो, भिक्खवे, पटिपदं [R.44] देसेस्सामि सक्कायनिरोधगामिनिं च पटिपदं। तं सुणाथ। कतमा च, भिक्खवे, सक्कायसमुदयगामिनी पटिपदा? इध, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो अरियानं अदस्सावी अरियधम्मस्स अकोविदो अरियधम्मे अविनीतो, सप्पुरिसानं अदस्सावी सप्पुरिसधम्मस्स अकोविदो सप्पुरिसधम्मे अविनीतो रूपं अत्ततो समनुपस्सति, रूपवन्तं वा अत्तानं; अत्तनि वा रूपं, रूपस्मिं वा अत्तानं। वेदनं अत्ततो...सञ्ञं... सङ्खारे...विञ्ञाणं अत्ततो समनुपस्सति, विञ्ञाणवन्तं वा अत्तानं; अत्तनि वा विञ्ञाणं, विञ्ञाणस्मिं वा अत्तानं। अयं वुच्चति, भिक्खवे, 'सक्कायसमुदयगामिनी पटिपदा, सक्कायसमुदयगामिनी पटिपदा' ति। इति हिदं, भिक्खवे, वुच्चति—'दुक्खसमुदय-गामिनी समनुपस्सना' ति। अयमेवेत्थ अत्थो।

''कतमा च, भिक्खवे, सक्कायनिरोधगामिनी पटिपदा? इध, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अरियानं दस्सावी अरियधम्मस्स कोविदो अरियधम्मे सुविनीतो, सप्पुरिसानं दस्सावी सप्पुरिसधम्मस्स कोविदो सप्पुरिसधम्मे सुविनीतो न रूपं अत्ततो समनुपस्सति, न रूपवन्तं वा अत्तानं; न अत्तनि वा रूपं, न रूपस्मिं वा अत्तानं। न वेदनं

से एतत्सम्बन्धी उत्तेजना भी निवृत्त हो जाती है। इस से वह सुखपूर्वक साधना करता हुआ धर्मसाधना में आगे बढता है। ऐसा सुखविहारी भिक्षु 'उतने अङ्ग से मुक्त हुआ' समझा जाता है''॥

●

४४. प्रतिपदासूत्र : :सत्काय की उत्पत्ति एवं निरोध का मार्ग

४७. ...**श्रावस्ती में** ही...।''भिक्षुओ! अब मैं सत्कायसमुदयगामी मार्ग के दुष्परिणाम समझाऊँगा, साथ ही सत्कायनिरोधगामी मार्ग के गुणों का भी वर्णन करूँगा। उन्हें ध्यान-पूर्वक सुनो।

''भिक्षुओ! यह सत्काय के समुदय (उत्पत्ति) का मार्ग तथा उस के निरोध का मार्ग कौन सा है? भिक्षुओ! कोई अज्ञ, पृथग्जन...रूप को अपना समझ बैठता है, अपने को रूपवान् समझता है, अपने में रूप को समझता है या रूप में अपने को समझता है। वेदना को...संज्ञा को...संस्कारों को...विज्ञान को अपना समझता है...पूर्ववत्। भिक्षुओ! यह कहलाता है सत्कायसमुदयगामी मार्ग। यही मार्ग 'दुःखसमुदयगामी समनुपश्यना' कहलाता है। यही यहाँ निष्कर्ष समझना चाहिये।

''भिक्षुओ! सत्काय के निरोध का मार्ग क्या है? भिक्षुओ! कोई विद्वान् आर्यश्रावक... रूप को अपना नहीं समझता, अपने को रूपवान् नहीं समझता, अपने में रूप को नहीं

[B.37] अत्ततो...न सञ्ञं...न सङ्खारे...न विञ्ञाणं अत्ततो समनुपस्सति, न विञ्ञाणवन्तं वा अत्तानं; न अत्तनि वा विञ्ञाणं, न विञ्ञाणस्मिं वा अत्तानं। अयं वुच्चति, भिक्खवे, 'सक्कायनिरोधगामिनी पटिपदा, सक्कायनिरोधगामिनी पटिपदा' ति। इति हिदं, भिक्खवे, वुच्चति—'दुक्खनिरोधगामिनी समनुपस्सना' ति। अयमेवेत्थ अत्थो'' ति। •

४५. अनिच्चसुत्तं

४८. सावत्थिनिदानं। ''रूपं, भिक्खवे, अनिच्चं। यदनिच्चं तं दुक्खं; यं दुक्खं [R.45] तदनत्ता; यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं [N.277] सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सतो चित्तं विरज्जति विमुच्चति अनुपादाय आसवेहि। वेदना अनिच्चा...सञ्ञा...सङ्खारा...विञ्ञाणं अनिच्चं। यदनिच्चं तं दुक्खं; यं दुक्खं तदनत्ता; यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सतो चित्तं विरज्जति विमुच्चति अनुपादाय आसवेहि। रूपधातुया चे, भिक्खवे, भिक्खुनो चित्तं विरत्तं विमुत्तं होति अनुपादाय आसवेहि, वेदनाधातुया...पे०...सञ्ञाधातुया...सङ्खारधातुया...विञ्ञाणधातुया चे, भिक्खवे, भिक्खुनो चित्तं विरत्तं विमुत्तं होति अनुपादाय आसवेहि। विमुत्तत्ता ठितं। ठितत्ता सन्तुसितं। सन्तुसितत्ता न परितस्सति। अपरितस्सं पच्चत्तञ्ञेव परिनिब्बायति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाती'' ति। •

समझता, रूप में अपने को नहीं समझता। वेदना को...संज्ञा को...संस्कारों को...विज्ञान को अपना नहीं समझता... पूर्ववत्...। भिक्षुओ! इसी को सत्कायनिरोधगामी मार्ग कहते हैं। तथा यही 'दुःखनिरोधगामिसमनुपश्यना' कहलाती है—यही हमारे कथन का निष्कर्ष समझना चाहिये॥ •

४५. प्रथम अनित्यतासूत्र : : अनित्यता

४८. ...**श्रावस्ती में** ही...। ''भिक्षुओ! रूप अनित्य है। जो अनित्य है वह दुःख है। जो दुःख है वह अनात्मा है। जो अनात्मा है वह 'यह मेरा नहीं है, यह मैं नहीं हूँ, या यह मेरा आत्मा नहीं है'—ऐसा यथार्थतः प्रज्ञा द्वारा समझ लेना चाहिये। इस तरह इसे यथार्थतः जान कर साधना करने वाले का चित्त विरक्त हो जाता है, मुक्त हो जाता है, चित्तविकारों का ग्रहण नहीं करता। वेदना अनित्य है...संज्ञा अनित्य है...संस्कार अनित्य है...विज्ञान अनित्य है। जो अनित्य है वह दुःख है...पूर्ववत्...चित्तविकारों का ग्रहण नहीं करता। इस तरह उस के चित्त की चञ्चलता समाप्त हो जाती है। इस से साधक को सन्तोष मिलता है। सन्तोष से परित्रास का उदय नहीं होता। परित्रास के न होने से वह आध्यात्मिक

४६. दुतियअनिच्चसुत्तं

४९. सावत्थिनिदानं। "रूपं, भिक्खवे, अनिच्चं। यदनिच्चं तं दुक्खं; यं दुक्खं तदनत्ता; यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। वेदना अनिच्चा...सञ्ञा अनिच्चा...सङ्खारा अनिच्चा...विञ्ञाणं अनिच्चं। यदनिच्चं तं दुक्खं; यं दुक्खं तदनत्ता; यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं।

"एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सतो पुब्बन्तानुदिट्ठियो न होन्ति। [B.38] पुब्बन्तानुदिट्ठीनं असति, अपरन्तानुदिट्ठियो न होन्ति। अपरन्तानुदिट्ठीनं असति, [R.46] थामसो परामासो न होति। थामसे परामासे असति, रूपस्मि...वेदना...सञ्ञाय... सङ्खारेसु...विञ्ञाणस्मिं चित्तं विरज्जति विमुच्चति अनुपादाय आसवेहि। विमुत्तत्ता ठितं। ठितत्ता सन्तुसितं, सन्तुसितत्ता न परितस्सति। अपरितस्सं पच्चत्तञ्ञेव परिनिब्बायति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाती" ति। ●

४७. समनुपस्सनासुत्तं

५०. सावत्थिनिदानं। "ये हि केचि, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा [N.278] अनेकविहितं अत्तानं समनुपस्समाना समनुपस्सन्ति, सब्बेते पञ्चुपादानक्खन्धे

रूप से परिनिर्वृत (शान्त) हो जाता है। और अन्त में वह समझ जाता है—"मेरी जाति क्षीण हो चुकी है, मेरी धर्मसाधना पूर्ण हो चुकी है, मेरा कर्तव्य भी पूरा हो चुका, अब कोई कर्तव्य शेष नहीं है॥"

●

४६. द्वितीय अनित्यतासूत्र : : अनित्यता

४९. ...**श्रावस्ती में** ही...। "भिक्षुओ! रूप अनित्य है, जो अनित्य है वह दुःख है... पूर्ववत्...यह मेरी आत्मा नहीं है—ऐसा भली भाँति प्रज्ञापूर्वक जान लेना चाहिये। यों, प्रज्ञापूर्वक जानते हुए साधक की पूर्वान्तानुदृष्टि (द्र.दी.नि., ब्र.जा.सु., पृ.) समाप्त हो जाती है। इस पूर्वान्तानुदृष्टि के क्षीण हो जाने पर, अपरान्तानुदृष्टि भी धीरे धीरे क्षीण होने लगती है। इस अपरान्तानुदृष्टियों के न रहने पर (विषयों के साथ) वेगवान् स्पर्श (=परामास) नहीं होता। इस परामास के न होने पर साधक का रूप में, वेदना में, संज्ञा में, संस्कारों में, विज्ञान में चित्त विरक्त होने लगता है। यों चित्त के विरक्त होने से वह विकारों से मुक्त हो जाता है। विकारमुक्त होने पर अचञ्चल (स्थिर) होता हुआ सन्तुष्ट रहता है। सन्तुष्ट रहने से उसे परित्रास नहीं होता। इस तरह, परित्रास के अभाव में वह आध्यात्मिक रूप से परिनिर्वृत हो जाता है। इस प्रकार वह समझ लेता है—'मेरी जातिपरम्परा क्षीण हो चुकी...पूर्ववत्...मेरा कोई करणीय अवशिष्ट नहीं रह गया॥"

●

समनुपस्सन्ति, एतेसं वा अञ्ञतरं। कतमे पञ्च? इध, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो अरियानं अदस्सावी अरियधम्मस्स अकोविदो अरियधम्मे अविनीतो, सप्पुरिसानं अदस्सावी सप्पुरिसधम्मस्स अकोविदो सप्पुरिसधम्मे अविनीतो रूपं अत्ततो समनुपस्सति, रूपवन्तं वा अत्तानं; अत्तनि वा रूपं, रूपस्मिं वा अत्तानं। वेदनं... सञ्ञं... सङ्खारे...विञ्ञाणं अत्ततो समनुपस्सति, विञ्ञाणवन्तं वा अत्तानं; अत्तनि वा विञ्ञाणं, विञ्ञाणस्मिं वा अत्तानं।

"इति अयं चेव समनुपस्सना 'अस्मी' ति चस्स अविगतं होति। 'अस्मी' ति खो पन, भिक्खवे, अविगते पञ्चन्नं इन्द्रियानं अवक्कन्ति होति— चक्खुन्द्रियस्स सोतिन्द्रियस्स घानिन्द्रियस्स जिव्हिन्द्रियस्स कायिन्द्रियस्स। अत्थि, भिक्खवे, मनो, अत्थि धम्मा, अत्थि अविज्जाधातु। अविज्जासम्फस्सजेन, भिक्खवे, वेदयितेन फुट्ठस्स अस्सुतवतो पुथुज्जनस्स 'अस्मी' ति पिस्स होति; 'अयमहमस्मी' ति पिस्स होति; 'भविस्सं' ति पिस्स होति; 'न भविस्सं' ति पिस्स होति; 'रूपी भविस्सं' ति पिस्स होति; 'अरूपी भविस्सं' ति पिस्स होति; 'सञ्ञी भविस्सं' ति पिस्स होति; 'असञ्ञी भविस्सं' ति पिस्स होति; 'नेवसञ्ञीनासञ्ञी भविस्सं' ति पिस्स होति।

---

४७. समनुपश्यनासूत्र : : आत्मा की स्वीकृति से अस्मिता (अविद्या)

५०. ...**श्रावस्ती में** ही...। "भिक्षुओ! यहाँ जो भी कोई श्रमण या ब्राह्मण आत्मा को जितने प्रकारों से जानते समझते हैं, वे केवल इन पाँच (रूप आदि) उपादानस्कन्धों को ही जानते समझते हैं। या उन पाँचों में से किसी एक को। कौन से पाँच? यहाँ, भिक्षुओ! कोई अज्ञ, पृथग्जन...पूर्ववत्...रूप को अपना समझता है, या अपने को रूपवान् समझता है, अपने में रूप को समझता है, या फिर रूप में अपने को समझता है। वेदना को...संज्ञा को...संस्कारों को...विज्ञान को अपना समझता है...पूर्ववत्...विज्ञान में अपने को समझता है।

"इस तरह समझने से उस साधक के चित्त को 'अस्मि' नामक अविद्या आवृत कर लेती है। भिक्षुओ! इस तरह उस अविद्या से आवृत हो जाने पर इस में ये पाँचों इन्द्रियाँ भी सम्मिलित हो जाती हैं—१. चक्षुरिन्द्रिय, २. श्रोत्रेन्द्रिय, ३. घ्राणेन्द्रिय, ४. रसनेन्द्रिय एवं ५. तगिन्द्रिय। ऐसा होने पर, मन, धर्म (विषय) एवं अविद्या भी वहाँ आ पहुँचते हैं। भिक्षुओ! इस अविद्या के स्पर्श से उत्पन्न वेदना से उस अविद्वान् पृथग्जन को 'अस्मिता' होती है। तव उसे 'यह मैं हूँ'—ऐसा होता है, 'होऊँगा'—ऐसा भी होता है, 'नहीं होऊँगा'—ऐसा भी होता है। 'रूपवान् होऊँगा'...'अरूपवान् होऊँगा'...'संज्ञी होऊँगा'...'असंज्ञी होऊँगा'...'नैव संज्ञी न असंज्ञी भी होऊँगा'—ऐसा भी होता है।

''तिट्ठन्तेव खो, भिक्खवे, तत्थेव पञ्चिन्द्रियानि। अत्थेत्थ सुतवतो [B.39, R.47] अरियसावकस्स अविज्जा पहीयति, विज्जा उप्पज्जति। तस्स अविज्जाविरागा विज्जुप्पादा 'अस्मी' ति पिस्स न होति; 'अयमहमस्मी' ति पिस्स न होति; 'भविस्सं' ति...न भविस्सं ति...रूपी...अरूपी...सञ्ञी...असञ्ञी...नेवसञ्ञीनासञ्ञी भविस्सं ति पिस्स न होती'' ति।

•

४८. खन्धसुत्तं

५१. सावत्थिनिदानं।''पञ्च, भिक्खवे, खन्धे देसेस्सामि पञ्चुपादानक्खन्धे च। तं सुणाथ। कतमे च, भिक्खवे, पञ्चक्खन्धा? यं किञ्चि, भिक्खवे, रूपं अतीतानागत-पच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिकं वा सुखुमं वा हीनं वा पणीतं वा [N.279] यं दूरे सन्तिके वा, अयं वुच्चति रूपक्खन्धो। या काचि वेदना...पे०...या काचि सञ्ञा...ये केचि सङ्खारा अतीतानागतपच्चुप्पन्ना अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिका वा सुखुमा वा...पे०...अयं वुच्चति सङ्खारक्खन्धो। यं किञ्चि विञ्ञाणं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिकं वा सुखुमं वा हीनं वा पणीतं वा यं दूरे सन्तिके वा, अयं वुच्चति विञ्ञाणक्खन्धो। इमे वुच्चन्ति, भिक्खवे, पञ्चक्खन्धा।

''कतमे च, भिक्खवे, पञ्चुपादनक्खन्धा? यं किञ्चि, भिक्खवे, रूपं अतीता-नागतपच्चुप्पन्नं...यं दूरे सन्तिके वा, सासवं उपादानियं, अयं वुच्चति रूपुपादानक्खन्धो।

''इस के विपरीत, जब उस साधक की उक्त पाँचों इन्द्रियाँ अचञ्चल (स्थिर) हो जाती हैं तो उस विद्वान् आर्यश्रावक की वह अविद्या (अस्मिता) प्रहीण हो जाती है। अविद्या के प्रहीण होने से विद्या उत्पन्न हो जाती है। तव उसे 'मैं हूँ', 'मैं होऊँगा', ऐसा भी नहीं होता। 'रूपवान्' ...'अरूपवान्' ...'संज्ञी' ...'असंज्ञी' ...'न संज्ञी न असंज्ञी होऊँगा'—ऐसा भी नहीं होता''॥

•

४८. स्कन्धसूत्र : : पाँच स्कन्ध

५१. ...**श्रावस्ती में** ही... ।''भिक्षुओ! अब मैं तुम्हें पाँच उपादानस्कन्धों के विषय में देशना करूँगा। उसे ध्यानपूर्वक सुनो। भिक्षुओ! ये पाँच स्कन्ध कौन कौन हैं? भिक्षुओ! भूत, भविष्य एवं वर्तमान का रूप, फिर भले ही वह आध्यात्मिक हो या बाह्य, स्थूल हो या सूक्ष्म, दूर का हो या समीप का, हीन हो या प्रणीत, यह सब 'रूपस्कन्ध' कहलाता है। जो भी कोई वेदना...जो भी कोई संज्ञा...जो भी कोई संस्कार...जो भी कोई विज्ञान, फिर भले ही वह... पूर्ववत्...'विज्ञानस्कन्ध' कहलाता है। भिक्षुओ! ये होते हैं पाँच स्कन्ध।

''भिक्षुओ! एक दूसरे प्रकार से भी इन पाँच स्कन्धों की गणना की जा सकती है।

या काचि वेदना...पे०...या दूरे सन्तिके वा, सासवा उपादानिया, अयं वुच्चति वेदनुपादानक्खन्धो। या काचि सञ्ञा...पे०...या दूरे सन्तिके वा, सासवा उपादानिया, अयं वुच्चति सञ्ञुपादानक्खन्धो। ये केचि सङ्खारा...पे०...सासवा उपादानिया, अयं वुच्चति [R.48] सङ्खारुपादानक्खन्धो। यं किञ्चि विञ्ञाणं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं...पे०...यं दूरे सन्तिके वा, सासवं उपादानियं, अयं वुच्चति विञ्ञाणुपादानक्खन्धो। इमे वुच्चन्ति, भिक्खवे, पञ्चुपादानक्खन्धा'' ति।

●

४९. सोणसुत्तं

५२. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा राजगहे विहरति वेळुवने कलन्दकनिवापे। अथ खो सोणो गहपतिपुत्तो येन भगवा तेनुपसङ्कमि...पे०...एकमन्तं निसिन्नं खो सोणं [B.40] गहपतिपुत्तं भगवा एतदवोच—

''ये हि केचि, सोण, समणा वा ब्राह्मणा वा अनिच्चेन रूपेन दुक्खेन विपरिणामधम्मेन 'सेय्योहमस्मी' ति वा समनुपस्सन्ति; 'सदिसोहमस्मी' ति वा समनुपस्सन्ति; 'हीनोहमस्मी' ति वा समनुपस्सन्ति; किमञ्ञत्र यथाभूतस्स अदस्सना? अनिच्चाय वेदनाय दुक्खाय विपरिणामधम्माय 'सेय्योहमस्मी' ति समनुपस्सन्ति; 'सदिसोहमस्मी' ति वा समनुपस्सन्ति; 'हीनोहमस्मी' ति वा समनुपस्सन्ति; किमञ्ञत्र [N.280] यथाभूतस्स अदस्सना? अनिच्चाय सञ्ञाय .... अनिच्चेहि सङ्खारेहि दुक्खेहि

वह कैसे? भिक्षुओ! जो कुछ भी अतीत, अनागत एवं वर्तमान रूप है, फिर भले ही वह...पूर्ववत्...दूर हो या समीप, साश्रव (मलिन चित्त) एवं उपादानीय (आसक्तियुक्त)—यह कहलाता है रूपोपादान-स्कन्ध। जो कुछ भी अतीत अनागत एवं प्रत्युत्पन्न वेदना, फिर भले ही...पूर्ववत्...उपादानीय—यह कहलाता है वेदनोपादानस्कन्ध। जो कुछ भी...संज्ञा, फिर भले ही...पूर्ववत्...उपादानीय—यह कहलाता है—संज्ञोपादानस्कन्ध। जो कुछ भी...संस्कार...पूर्ववत्...यह कहलाता है—संस्कारोपादानस्कन्ध। जो कुछ भी...विज्ञान ...पूर्ववत्...यह कहलाता है—विज्ञानोपादानस्कन्ध। भिक्षुओ! यों भी पाँच उपादानस्कन्ध कहलाते हैं''॥

●

४९. प्रथम सोणसूत्र : : यथार्थ का ज्ञान

५२. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् **राजगृह** के वेणुवनस्थित कलन्दकनिवाप में साधनाहेतु विराजमान थे। तब गृहपतिपुत्र सोण जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ आया, तथा भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे उसको भगवान् ने यों पूछा—'सोण! जो भी कोई श्रमण या ब्राह्मण अनित्य, दुःखमय एवं विनाशशील रूप के कारण अपने को (अन्यों की अपेक्षा) बड़ा, समान या हीन समझते हैं, उन का ऐसा

विपरिणामधम्मेहि 'सेय्योहमस्मी' ति समनुपस्सन्ति; 'सदिसोहमस्मी' ति वा समनुपस्सन्ति; 'हीनोहमस्मी' ति वा समनुपस्सन्ति; किमञ्ञत्र यथाभूतस्स अदस्सना? अनिच्चेन विञ्ञाणेन दुक्खेन विपरिणामधम्मेन 'सेय्योहमस्मी' ति समनुपस्सन्ति; 'सदिसोहमस्मी' ति वा समनुपस्सन्ति; 'हीनोहमस्मी' ति वा समनुपस्सन्ति; किमञ्ञत्र यथाभूतस्स अदस्सना?

"ये च खो केचि, सोण, समणा वा ब्राह्मणा वा अनिच्चेन रूपेन दुक्खेन विपरिणामधम्मेन 'सेय्योहमस्मी' ति पि न समनुपस्सन्ति; 'सदिसोहमस्मी' ति [R.49] पि न समनुपस्सन्ति; 'हीनोहमस्मी' ति पि न समनुपस्सन्ति; किमञ्ञत्र यथाभूतस्स दस्सना? अनिच्चाय वेदनाय...अनिच्चाय सञ्ञाय...अनिच्चेहि सङ्खारेहि...अनिच्चेन विञ्ञाणेन दुक्खेन विपरिणामधम्मेन 'सेय्योहमस्मी' ति पि न समनुपस्सन्ति; 'सदिसोहमस्मी' ति पि न समनुपस्सन्ति; 'हीनोहमस्मी' ति पि न समनुपस्सन्ति; किमञ्ञत्र यथाभूतस्स दस्सना?

"तं किं मञ्ञसि, सोण, रूपं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं वा तं सुखं वा" ति?

"दुक्खं, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं कल्लं नु तं समनुपस्सितुं—'एतं मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता''' ति?

समझना यथार्थ के अज्ञान से अतिरिक्त अन्य क्या है? इसी तरह वेदना... संज्ञा... संस्कार...विज्ञान के कारण स्वयं को (अन्यों की अपेक्षा) श्रेष्ठ, समान या हीन समझते हैं उन का भी ऐसा समझना यथार्थ के अज्ञान से अतिरिक्त अन्य क्या है?

"तथा, सोण! जो श्रमण या ब्राह्मण अनित्य, दुःखमय एवं अनात्म रूप के कारण स्वयं को न किसी से श्रेष्ठ समझते हैं, न उस के समान, न उस से हीन समझते हैं, उन का ऐसा समझना उन के यथार्थ ज्ञान से अतिरिक्त और क्या है?

"तो क्या मानते हो, सोण! रूप नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!"

"जो अनित्य है वह दुःखमय होगा या सुखमय?"

"दुःखमय, भन्ते!"

"तो क्या जो अनित्य, दुःखमय एवं विनाशी है उस के विषय में यह मानना उचित होगा कि 'यह मेरा है', 'यह मैं हूँ', या 'यह मेरी आत्मा है''?

"नो हेतं, भन्ते"।

"वेदना निच्चा वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"।

"सञ्ञा...सङ्खारा...विञ्ञाणं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं वा तं सुखं वा" ति?

"दुक्खं, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं कल्लं नु तं समनुपस्सितुं—'एतं मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता''' ति?

"नो हेतं, भन्ते"।

[N.281, B.41] "तस्मातिह, सोण, यं किञ्चि रूपं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिकं वा सुखुमं वा हीनं वा पणीतं वा यं दूरे सन्तिके वा, सब्बं रूपं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। या काचि [R.50] वेदना...या काचि सञ्ञा... ये केचि सङ्खारा...यं किञ्चि विञ्ञाणं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिकं वा सुखुमं वा हीनं वा पणीतं वा यं दूरे सन्तिके वा, सब्बं विञ्ञाणं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं।

"एवं पस्सं, सोण, सुतवा अरियसावको रूपस्मि पि निब्बिन्दति, वेदनाय पि

"नहीं, भन्ते!"

"वेदना नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!" ...पूर्ववत्...।

"संज्ञा...संस्कार...विज्ञान नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य, भन्ते!"

"जो अनित्य है...पूर्ववत्...'यह मेरी आत्मा है?"

"नहीं, भन्ते!"

"इसलिये, सोण! अतीत अनागत एवं वर्तमान, आध्यात्मिक, बाह्य, स्थूल, सूक्ष्म, हीन, प्रणीत, दूरस्थ या निकटस्थ रूप को यथार्थतः देख लेना चाहिये कि न यह मेरा है, न यह मैं हूँ तथा न यह मेरी आत्मा है। ...जो भी वेदना...जो भी संज्ञा...जो भी संस्कार...जो भी विज्ञान...उस को यथार्थतः देख लेना चाहिये कि न यह मेरा है, न यह मैं हूँ तथा न यह मेरी आत्मा है।

निब्बिन्दति, सञ्ञाय पि निब्बिन्दति, सङ्खारेसु पि निब्बिन्दति, विञ्ञाणस्मिं पि निब्बिन्दति। निब्बिन्दं विरज्जति; विरागा विमुच्चति। विमुत्तस्मिं विमुत्तमिति ञाणं होति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाती'' ति॥ ●

५०. दुतियसोणसुत्तं

५३. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा राजगहे विहरति वेळुवने कलन्दकनिवापे। अथ खो सोणो गहपतिपुत्तो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो सोणं गहपतिपुत्तं भगवा एतदवोच—

''ये हि केचि, सोण, समणा वा ब्राह्मणा वा रूपं नप्पजानन्ति, रूपसमुदयं नप्पजानन्ति, रूपनिरोधं नप्पजानन्ति, रूपनिरोधगामिनिं पटिपदं नप्पजानन्ति; वेदनं नप्पजानन्ति, वेदनासमुदयं नप्पजानन्ति, वेदनानिरोधं नप्पजानन्ति, वेदनानिरोधगामिनिं पटिपदं नप्पजानन्ति; सञ्ञं नप्पजानन्ति...पे०...सङ्खारे नप्पजानन्ति, सङ्खारसमुदयं नप्पजानन्ति, सङ्खारनिरोधं नप्पजानन्ति, सङ्खारनिरोधगामिनिं पटिपदं नप्पजानन्ति; विञ्ञाणं नप्पजानन्ति, विञ्ञाणसमुदयं नप्पजानन्ति, विञ्ञाणनिरोधं नप्पजानन्ति, विञ्ञाणनिरोधगामिनिं पटिपदं नप्पजानन्ति, न मे ते, सोण, समणा वा ब्राह्मणा वा समणेसु वा समणसम्मता ब्राह्मणेसु वा ब्राह्मणसम्मता, न च पन ते आयस्मन्तो [N.282]

''सोण! इस तरह चिन्तन मनन (समनुपश्यना) करने वाला विद्वान् आर्यश्रावक उक्त रूप में, वेदना में, संज्ञा में, विज्ञान में वैराग्य का अनुभव करता है, तथा इस वैराग्य के कारण आस्रवों से विमुक्त हो जाता है। विमुक्त होने पर उस को 'मैं विमुक्त हो चुका हूँ'—ऐसा ज्ञान हो जाता है। और अन्त में उसे प्रज्ञा द्वारा स्पष्ट समझ में आ जाता है—'मेरी जन्मपरम्परा क्षीण हो गयी, मेरी धर्मसाधना पूर्ण हो गयी, मेरे सभी कर्तव्य पूर्ण हो चुके, अब कोई कर्तव्य शेष नहीं है॥'' ●

५०. द्वितीय सोणसूत्र : : श्रमण एवं ब्राह्मण कौन?

५३. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) राजगृहस्थित वेणुवन के कलन्दकनिवाप महाविहार में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय, सोण गृहपतिपुत्र भगवान् के सम्मुख आया तथा उन्हें प्रणाम कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे हुए उस से भगवान् ने यह कहा—

''सोण! यहाँ जो भी कोई श्रमण या ब्राह्मण रूप, रूपसमुदय, रूपनिरोध एवं रूपनिरोधगामी मार्ग को नहीं जानते; वेदना...संज्ञा...संस्कार...विज्ञान निरोधगामी मार्ग को नहीं जानते, सोण! ऐसे श्रमण या ब्राह्मण, मेरी दृष्टि में, न श्रमणों में श्रमणोचित स्थान

सामञ्ञत्थं वा ब्रह्मञ्ञत्थं वा दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ति।

[B.42, R.51] ''ये च ख़ो केचि, सोण, समणा वा ब्राह्मणा वा रूपं पजानन्ति, रूपसमुदयं पजानन्ति, रूपनिरोधं पजानन्ति, रूपनिरोधगामिनिं पटिपदं पजानन्ति; वेदनं पजानन्ति... पे०...सञ्ञं पजानन्ति...सङ्खारे पजानन्ति...विञ्ञाणं पजानन्ति, विञ्ञाणसमुदयं पजानन्ति, विञ्ञाणनिरोधं पजानन्ति, विञ्ञाणनिरोधगामिनिं पटिपदं पजानन्ति, ते च खो मे, सोण, समणा वा ब्राह्मणा वा समणेसु चेव समणसम्मता ब्राह्मणेसु च ब्राह्मण-सम्मता, ते च पनायस्मन्तो सामञ्ञत्थं च ब्रह्मञ्ञत्थं वा दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ती'' ति॥

५१. नन्दिक्खयसुत्तं

५४. सावत्थिनिदानं। ''अनिच्चञ्ञेव, भिक्खवे, भिक्खु रूपं अनिच्चं ति पस्सति सास्स होति सम्मादिट्ठि। सम्मा पस्सं निब्बिन्दति। नन्दिक्खया रागक्खयो, रागक्खया नन्दिक्खयो। नन्दिरागक्खया चित्तं विमुत्तं सुविमुत्तं ति वुच्चति। अनिच्चञ्ञेव, भिक्खवे, भिक्खु वेदनं अनिच्चं ति पस्सति। सास्स होति सम्मादिट्ठि। सम्मा पस्सं निब्बिन्दति। नन्दिक्खया रागक्खयो, रागक्खया नन्दिक्खयो। नन्दिरागक्खया चित्तं विमुत्तं सुविमुत्तं ति वुच्चति। अनिच्चञ्ञेव, भिक्खवे, भिक्खु सञ्ञं अनिच्चं ति पस्सति...पे०...

पाने योग्य, न ब्राह्मणों में ब्राह्मणोचित स्थान पाने योग्य हैं। इतना ही नहीं, वे इस जन्म में श्रामण्य एवं ब्राह्मण्य प्राप्त करने के भी अधिकारी नहीं है।

(इस के विपरीत,) सोण! जो श्रमण या ब्राह्मण रूप को, रूपसमुदय को, रूपनिरोध को, रूपनिरोधगामी मार्ग को, वेदना को...संज्ञा को...संस्कारों को...विज्ञान को...विज्ञाननिरोधगामी मार्ग को प्रज्ञा द्वारा भली भाँति जानते हैं वे ही श्रमण ब्राह्मण श्रमणों में श्रमणोचित एवं ब्राह्मणों में ब्राह्मणोचित स्थान पाने के अधिकारी हैं; तथा वे इसी जन्म में साधना के द्वारा श्रामण्य एवं ब्राह्मण्य को भी स्वयं जान कर साक्षात्कार कर उपसम्पन्न होते हुए साधना में सफलता भी प्राप्त कर लेते हैं॥''

५१. प्रथम नन्दिक्षयसूत्र : आनन्द (आसक्ति) का क्षय कैसे हो?

''आयुष्मन् छन्न! हम इतने से ही प्रसन्न हैं कि आप ने अपने हृदय की बात हमारे सामने प्रकट कर दी। आयुष्मन् छन्न! अपना सन्देह दूर कर लो, तुम अवश्य स्रोतआपत्ति फल प्राप्त कर लोगे, क्यों कि तुम धर्मश्रवण के अधिकारी बन चुके हो।''

इतना सुनते ही आयुष्मान् छन्न को अत्यधिक हार्दिक उल्लास होने लगा कि मुझे आयुष्मान् आनन्द धर्मश्रवण का अधिकारी समझ रहे हैं।

(आनन्द—) ''आयुष्मन् छन्न! मैंने अपने सामने भगवान् को यह कहते सुना है,

नत्थितं च। लोकसमुदयं खो, कच्चान, यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सतो या [R.135] लोके नत्थिता सा न होति; लोकनिरोधं खो, कच्चान, यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सतो या लोके अत्थिता सा न होति। उपयुपादानाभिनिवेसविनिबन्धो ख्वायं, कच्चान, लोको येभुय्येन तं चायं उपयुपादानं चेतसो अधिट्ठानाभिनिवेसानुसयं न उपेति न उपादियति नाधिट्ठाति 'अत्ता मे' ति। दुक्खमेव उप्पज्जमानं उप्पज्जति, दुक्खं निरुज्झमानं निरुज्झती ति न कङ्खति न विचिकिच्छति। अपरप्पच्चया ञाणमेवस्स एत्थ होति। [N.354] एत्तावता खो, कच्चान, सम्मादिट्ठि होति। सब्बमत्थी ति खो, कच्चान, अयमेको अन्तो। सब्बं नत्थी ति अयं दुतियो अन्तो। एते ते, कच्चान, उभो अन्ते अनुपगम्म मज्झेन तथागतो धम्मं देसेति—अविज्जापच्चया सङ्खारा; सङ्खारपच्चया विञ्ञाणं... पे०... एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति। अविज्जाय त्वेव असेसविराग-निरोधा सङ्खारनिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होती''' ति।

''एवमेतं, आवुसो आनन्द, होति येसं आयस्मन्तानं तादिसा सब्रह्मचारयो

एक दिन वे कात्यायनगोत्र भिक्षु को यों उपदेश कर रहे थे—'कात्यायन! यह संसार (लोक) द्विविध अज्ञानों से भरा पड़ा है जिस के कारण अस्तिता एवं नास्तिता की भ्रान्ति होती है। कात्यायन! संसार के समुदय को जान लेने पर संसार के प्रति नास्तित्व बुद्धि विनष्ट हो जाती है तथा संसार के निरोध को यथार्थतः जान लेने पर इस के प्रति अस्तित्व बुद्धि नहीं रह पाती। कात्यायन! इस संसार के प्राणी आसक्ति, परिग्रह एवं मूढाग्रह (अभिनिवेश)—इन त्रिविध भ्रमविकारों से जकड़ा हुआ है। इसे 'भ्रान्ति' कहते हैं। इसे जान लेने से चित्त में अधिष्ठान, अभिनिवेश एवं अनुशय नहीं लगते, तथा न उसे 'आत्मा' की भ्रान्ति ही होती है।'उत्पन्न होने पर दुःख ही उत्पन्न होता है, तथा निरुद्ध होने पर दुःख ही निरुद्ध होता है'—इस में किसी प्रकार का सन्देह नहीं रह जाता। इसे प्रतीत्यसमुत्पाद सिद्धान्त का ज्ञान यथार्थतः हो जाता है। कात्यायन! इसी को 'सम्यग्दृष्टि' कहते हैं। कात्यायन 'यह सब कुछ है'—यह बात का एक अन्त (किनारा) है, तथा 'सब कुछ नहीं है'—यह बात का दूसरा किनारा (अन्त)। कात्यायन! इन दो अन्तों को सर्वथा त्याग कर मध्यम मार्ग स्वीकार कर तथागत उपदेश किया करते हैं—अविद्या के कारण...पूर्ववत्...यों इस समस्त दुःखस्कन्ध की उत्पत्ति होती है। तथा अविद्या के अशेष त्याग एवं निरोध के कारण संस्कारों का निरोध होता है...पूर्ववत्...यों, इस समस्त दुःखस्कन्ध का निरोध होता है।''

(आयुष्मान् छन्न—) ''हाँ, आयुष्मन् आनन्द! जिन भाग्यशाली साधकों के पास

अनुकम्पका अत्थकामा ओवादका अनुसासका। इदं च पन मे आयस्मतो आनन्दस्स धम्मदेसनं सुत्वा धम्मो अभिसमितो'' ति॥ •

९१. पठमराहुलसुत्तं

[B.111] १००. सावत्थिनिदानं। अथ खो आयस्मा राहुलो येन भगवा तेनुपसङ्कमि [R.136] ...पे०... एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा राहुलो भगवन्तं एतदवोच—''कथं नु खो, भन्ते, जानतो कथं पस्सतो इमस्मिं च सविञ्ञाणके काये बहिद्धा च सब्बनिमित्तेसु अहङ्कारममङ्कारमानानुसया' न होन्ती'' ति?

''यं किञ्चि, राहुल, रूपं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिकं वा सुखुमं वा हीनं वा पणीतं वा यं दूरे सन्तिके वा, सब्बं रूपं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सति। या काचि वेदना...या काचि सञ्ञा...ये केचि सङ्खारा...यं किञ्चि विञ्ञाणं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा...पे०...सब्बं विञ्ञाणं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सति। एवं खो, राहुल, जानतो एवं पस्सतो इमस्मिं च सविञ्ञाणके काये बहिद्धा च सब्बनिमित्तेसु अहङ्कारममङ्कारमानानुसया न होन्ती'' ति॥ •

९२. दुतियराहुलसुत्तं

१०१. सावत्थिनिदानं। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा राहुलो भगवन्तं

आप जैसे विद्वान् साथी, मार्गदर्शक, धर्मानुशासक एवं हितचिन्तक हों, उन का ऐसा ही होता है। आयुष्मान् आनन्द इस उपदेश को सुन कर मुझ को यथार्थतः धर्मज्ञान हो गया है॥'' •

९१. प्रथम राहुलसूत्र : : स्कन्धज्ञान से अहङ्कार का नाश

१००. ...**श्रावस्ती में** ही...। तब आयुष्मान् राहुल, जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ गये...पूर्ववत्...राहुल ने भगवान् से यह पूछा—''भन्ते! क्या जान कर तथा समझ कर मनुष्य को विज्ञान वाले इस शरीर में या बाह्य निमित्तों में अहन्त्व, ममत्व एवं अनुशय (कुपथ में प्रवृत्ति) नहीं होते?''

(भगवान्—) राहुल! जो कुछ अतीत, अनागत एवं वर्तमान...पूर्ववत्...रूप है वह सब न तो मेरा है, न मैं हूँ तथा न वह मेरी आत्मा है। इसी को यथार्थतः, पूर्णतः जान लेने से शरीर में या बाह्य निमित्तों में अहन्त्व, ममत्व आदि नहीं होते।

जो कुछ वेदना...संज्ञा...संस्कार...विज्ञान...पूर्ववत्...अहन्त्व, ममत्व नहीं होते॥'' •

९२. द्वितीय राहुलसूत्र : : किस के ज्ञान से मुक्ति होती है?

१०१. ...**श्रावस्ती में** ही...। ...पूर्ववत्...एक ओर बैठे आयुष्मान् राहुल भगवान्

एतदवोच—"कथं नु खो, भन्ते, जानतो कथं पस्सतो इमस्मिं च सविञ्ञाणके [N.355] काये बहिद्धा च सब्बनिमित्तेसु अहङ्कारममङ्कारमानापगतं मानसं होति विधास-मतिक्कन्तं सन्तं सुविमुत्तं" ति ?

"यं किञ्चि, राहुल, रूपं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा...पे०...यं दूरे सन्तिके वा, सब्बं रूपं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दिस्वा अनुपादा विमुत्तो होति। या काचि वेदना...या काचि सञ्ञा...ये केचि सङ्खारा...यं किञ्चि विञ्ञाणं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिकं वा सुखुमं वा हीनं वा पणीतं वा यं दूरे सन्तिके वा, सब्बं विञ्ञाणं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दिस्वा अनुपादा विमुत्तो होति। एवं खो, राहुल, जानतो एवं पस्सतो इमस्मिं च सविञ्ञाणके काये बहिद्धा च सब्बनिमित्तेसु अहङ्कारममङ्कारमानापगतं मानसं होति विधा समतिक्कन्तं सन्तं सुविमुत्तं" ति॥ •

थेरवग्गो चतुत्थो॥

तस्सुद्दानं

आनन्दो तिस्सो यमको, अनुराधो च वक्कलि।
अस्सजि खेमको छन्नो, राहुला अपरे दुवे॥ •

से यों बोले—"भन्ते! कैसे जानते, कैसे देखते कोई मनुष्य अपने इस विज्ञानमय शरीर में तथा बाह्य निमित्तों में अहङ्कार, ममकार एवं मानरहित मन वाला हो कर द्वन्द्वों से परे, शान्त एवं भली भाँति विमुक्त होता है ?"

"राहुल! जो कुछ रूप...वेदना...संज्ञा...संस्कार...विज्ञान...पूर्ववत्...शान्त एवं सुविमुक्त हो जाता है॥" •

स्थविरवर्ग चतुर्थ सम्पन्न॥

इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची इस प्रकार है—१. आनन्दसूत्र, २. तिष्यसूत्र, ३. यमकसूत्र, ४. अनुराधसूत्र, ५. वक्कलिसूत्र, ६. अश्वजित्सूत्र, ७. क्षेमकसूत्र, ८. छन्नसूत्र, ९. प्रथम राहुलसूत्र, एवं १०. द्वितीय राहुलसूत्र॥ •

५. पुप्फवग्गो पञ्चमो

९३. नदीसुत्तं

१०२. सावत्थिनिदानं। "सेय्यथापि, भिक्खवे, नदी पब्बतेय्या ओहारिनी दूरङ्गमा सीघसोता। तस्सा उभोसु तीरेसु कासा चे पि जाता अस्सु, ते नं अज्झोलम्बेय्युं; कुसा चे पि जाता अस्सु, ते नं अज्झोलम्बेय्युं; बब्बजा चे पि जाता अस्सु, ते नं अज्झोलम्बेय्युं; बीरणा चे पि जाता अस्सु, ते नं अज्झोलम्बेय्युं; रुक्खा चे पि जाता अस्सु, ते नं अज्झोलम्बेय्युं। तस्सा पुरिसो सोतेन वुय्हमानो कासे चे पि गण्हेय्य, ते पलुज्जेय्युं। सो ततोनिदानं अनयब्यसनं आपज्जेय्य। कुसे चे पि गण्हेय्य, बब्बजे चे पि गण्हेय्य, बीरणे चे पि गण्हेय्य, रुक्खे चे पि गण्हेय्य ते पलुज्जेय्युं। सो ततोनिदानं [R.138] अनयब्यसनं आपज्जेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो अरियानं [N.356] अदस्सावी अरियधम्मस्स अकोविदो अरियधम्मे अविनीतो, सप्पुरिसानं अदस्सावी सप्पुरिसधम्मस्स अकोविदो सप्पुरिसधम्मे अविनीतो रूपं अत्ततो समनुपस्सति, रूपवन्तं वा अत्तानं; अत्तनि वा रूपं, रूपस्मिं वा अत्तानं। तस्स तं रूपं पलुज्जति। सो ततोनिदानं अनयब्यसनं आपज्जति। वेदनं...सञ्ञं...सङ्खारे...विञ्ञाणं अत्ततो समनुपस्सति, विञ्ञाणवन्तं वा अत्तानं; अत्तनि वा विञ्ञाणं, विञ्ञाणस्मिं वा [B.113] अत्तानं। तस्स तं विञ्ञाणं पलुज्जति। सो ततोनिदानं अनयब्यसनं आपज्जति। तं किं मञ्ञथ, भिक्खवे, रूपं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं भन्ते"।

"वेदना...सञ्ञा...सङ्खारा...विञ्ञाणं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

---

५. पञ्चम पुष्पवर्ग

९३. नदीसूत्र : : अनित्यता ज्ञान से पुनर्जन्मनिरोध

१०२. ...**श्रावस्ती में** ही...।"भिक्षुओ! जैसे पर्वत से निकल कर नाले के रूप में बहती कोई नदी आगे चल कर प्रवाहमयी हो जाती हो। उस के दोनों किनारों पर काश कुश, बब्बज, वीरण, तथा छोटे छोटे वृक्ष भी खड़े हों जो सब नदी की ओर झुके हों। उस नदी की धारा में बहता कोई पुरुष काश को पकड़े तो वे बह जायँ, कुश को...बब्बज को...वीरण को पकड़े तो वे भी बह जायँ, यदि वृक्षों को पकड़े तो वे भी बह जायँ।

"भिक्षुओ! ऐसे ही अज्ञ पृथग्जन...रूप को आत्मा जानता है, रूप में आत्मा जानता है...उस का वह रूप नष्ट हो जाता है, इस कारण वह घोर सङ्कट में फँस जाता है। वेदना...संज्ञा... संस्कार...विज्ञान...पूर्ववत्...।

"तो क्या मानते हो, भिक्षुओ! रूप नित्य है या अनित्य?"

"अनिच्चं भन्ते"।

"तस्मातिह...पे०...एवं पस्सं...पे०...नापरं इत्थत्ताया ति पजानाती" ति॥ ●

९४. पुप्फसुत्तं

१०३. सावत्थिनिदानं। "नाहं, भिक्खवे, लोकेन विवदामि, लोको व मया विवदति। न, भिक्खवे, धम्मवादी केनचि लोकस्मिं विवदति। यं, भिक्खवे, नत्थि-सम्मतं लोके पण्डितानं, अहं पि तं 'नत्थी' ति वदामि। यं, भिक्खवे, अत्थिसम्मतं लोके पण्डितानं, अहं पि तं 'नत्थी' ति वदामि। किञ्च, भिक्खवे, नत्थिसम्मतं लोके पण्डितानं, यमहं 'नत्थी' ति वदामि? रूपं, भिक्खवे, निच्चं धुवं सस्सतं [R.139] अविपरिणामधम्मं नत्थिसम्मतं लोके पण्डितानं; अहं पि तं 'नत्थी' ति वदामि। वेदना...सञ्ञा...सङ्खारा...विञ्ञाणं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं नत्थिसम्मतं लोके पण्डितानं; अहं पि तं 'नत्थी' ति वदामि। इदं खो, भिक्खवे, नत्थिसम्मतं लोके पण्डितानं; अहं पि तं 'नत्थी' ति वदामि।

"किञ्च, भिक्खवे, अत्थिसम्मतं लोके पण्डितानं, यमहं 'अत्थी' ति वदामि? रूपं, भिक्खवे, अनिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं अत्थिसम्मतं लोके पण्डितानं; [N.357] अहं पि तं 'अत्थी' ति वदामि। वेदना अनिच्चा...पे०...विञ्ञाणं अनिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं अत्थिसम्मतं लोके पण्डितानं; अहं पि तं 'अत्थी' ति वदामि। इदं खो, भिक्खवे, अत्थिसम्मतं लोके पण्डितानं; अहं पि तं 'अत्थी' ति वदामि।

"अनित्य है, भन्ते!"

वेदना...संज्ञा...संस्कार...विज्ञान...पूर्ववत्...ऐसा जान लेता है॥" ●

९४. पुष्पसूत्र : : बुद्ध संसार से अनुपलिप्त हैं

१०३. ...**श्रावस्ती में** ही...। "भिक्षुओ! मैं संसार से विवाद नहीं करता, संसार ही मुझ से विवाद करता है। भिक्षुओ! कोई भी धर्मवादी संसार से विवाद नहीं करता।

"भिक्षुओ! लोक में जिसे विद्वज्जन 'नहीं है' कहते हैं, उसे मैं भी 'नहीं है' कहता हूँ। तथा वे जिसे 'है' कहते हैं, मैं भी उसे 'है' कहता हूँ।

"भिक्षुओ! लोक में विद्वज्जन सम्मत क्या नहीं है, जिसे वे लोग 'नहीं है' कहते हैं? भिक्षुओ! वे लोक में रूप को अनित्य, अध्रुव, अशाश्वत, विपरिणामधर्मा मानते हैं, मैं भी ऐसा ही मानता हूँ। वेदना...संज्ञा...संस्कार...विज्ञान को...मैं भी ऐसा ही मानता हूँ। भिक्षुओ! लोक में विद्वज्जन इसी को 'नहीं है' कहते हैं, मैं भी ऐसा ही कहता हूँ।

"भिक्षुओ! वह क्या है जिसे लोक में पण्डितजन 'है' कहते हैं, मैं भी उसे 'है'

"अत्थि, भिक्खवे, लोके लोकधम्मो, तं तथागतो अभिसम्बुज्झति अभिसमेति; अभिसम्बुज्झित्वा अभिसमेत्वा तं आचिक्खति देसेति पञ्ञापेति पट्ठपेति विवरति विभजति उत्तानीकरोति।

"किञ्च, भिक्खवे, लोके लोकधम्मो, यं तथागतो अभिसम्बुज्झति अभिसमेति; अभिसम्बुज्झित्वा अभिसमेत्वा आचिक्खति देसेति पञ्ञापेति पट्ठपेति विवरति विभजति उत्तानीकरोति? रूपं, भिक्खवे, लोके लोकधम्मो, तं तथागतो अभि-[B.114] सम्बुज्झति अभिसमेति। अभिसम्बुज्झित्वा अभिसमेत्वा आचिक्खति देसेति पञ्ञापेति पट्ठपेति विवरति विभजति उत्तानीकरोति।

"यो, भिक्खवे, तथागतेन एवं आचिक्खियमाने देसियमाने पञ्ञापियमाने [R.140] पट्ठपियमाने विवरियमाने विभजियमाने उत्तानीकरियमाने न जानाति न पस्सति तमहं, भिक्खवे, बालं पुथुज्जनं अन्धं अचक्खुकं अजानन्तं अपस्सन्तं किन्ति करोमि! वेदना, भिक्खवे, लोके लोकधम्मो...पे०...सञ्ञा, भिक्खवे...सङ्खारा, भिक्खवे... विञ्ञाणं, भिक्खवे, लोके लोकधम्मो, तं तथागतो अभिसम्बुज्झति अभिसमेति; अभिसम्बुज्झित्वा अभिसमेत्वा आचिक्खति देसेति पञ्ञापेति पट्ठपेति विवरति विभजति उत्तानीकरोति।

"यो, भिक्खवे, तथागतेन एवं आचिक्खियमाने देसियमाने पञ्ञापियमाने पट्ठपियमाने विवरियमाने विभजियमाने उत्तानीकरियमाने न जानाति न पस्सति तमहं, भिक्खवे, बालं पुथुज्जनं अन्धं अचक्खुकं अजानन्तं अपस्सन्तं किन्ति करोमि!

कहता हूँ?" भिक्षुओ! संसार में पण्डितजन 'रूप अनित्य, दुःख एवं विनाशी है'—ऐसा कहते हैं। मैं भी ऐसा ही कहता हूँ। वेदना...विज्ञान...पूर्ववत्...मैं भी ऐसा ही कहता हूँ।

"भिक्षुओ! संसार का जो यथार्थ धर्म है उसे तथागत भली भाँति जानते हैं, समझते हैं, जान, समझ कर उस के विषय में बोलते हैं, उस का उपदेश करते हैं, उसे स्थापित करते हैं, स्पष्ट करते हैं, विस्तरशः विभक्त करते हैं।

"भिक्षुओ! तथागत ऐसे किस लोकधर्म को जानते समझते हैं...पूर्ववत्... ? भिक्षुओ! रूप नाम लोकधर्म को...विस्तरशः विभक्त करते हैं। भिक्षुओ! तथागत द्वारा उस (रूप) के विषय में यथार्थतः बताये जाने पर भी...जो अज्ञ पृथग्जन उसे नहीं समझ पाता उसे मैं 'अन्धा, मूर्ख, नेत्रविहीन एवं अज्ञानी' ही समझता हूँ। वेदना...संज्ञा...संस्कार...विज्ञान के विषय में यथार्थतः बताये जाने पर भी...पूर्ववत्...अज्ञानी ही समझता हूँ।

"भिक्षुओ! जो मूर्ख समझाने पर भी नहीं समझता, उस के विषय में तथागत इस से अधिक और क्या कर सकते हैं!

"सेय्यथापि, भिक्खवे, उप्पलं वा पदुमं वा पुण्डरीकं वा उदके जातं उदके संवड्ढं उदका अच्चुग्गम्म ठाति अनुपलित्तं उदकेन; एवमेव खो, भिक्खवे, तथागतो लोके जातो लोके संवड्ढो लोकं अभिभुय्य विहरति अनुपलित्तो लोकेना" ति॥ ●

९५. फेणपिण्डूपमसुत्तं

१०४. एकं समयं भगवा अयुज्झायं विहरति गङ्गाय नदिया तीरे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"सेय्यथापि, भिक्खवे, अयं गङ्गा नदी महन्तं फेणपिण्डं आवहेय्य। तमेनं चक्खुमा पुरिसो पस्सेय्य निज्झायेय्य योनिसो उपपरिक्खेय्य। तस्स तं पस्सतो निज्झायतो योनिसो उपपरिक्खतो रित्तकञ्ञेव खायेय्य, तुच्छकञ्ञेव खायेय्य, असारकञ्ञेव खायेय्य। किं हि सिया, भिक्खवे, फेणपिण्डे सारो! एवमेव खो, भिक्खवे, यं किञ्चि रूपं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं...पे०...यं दूरे सन्तिके वा तं [R.141] भिक्खु पस्सति निज्झायति योनिसो उपपरिक्खति। तस्स तं पस्सतो निज्झायतो [B.115] योनिसो उपपरिक्खतो रित्तकञ्ञेव खायति, तुच्छकञ्ञेव खायति, असारकञ्ञेव खायति। किं हि सिया, भिक्खवे, रूपे सारो!

"सेय्यथापि, भिक्खवे, सरदसमये थुल्लफुसितके देवे वस्सन्ते उदके उदकबुब्बुलं उप्पज्जति चेव निरुज्झति च। तमेनं चक्खुमा पुरिसो पस्सेय्य निज्झायेय्य योनिसो उपपरिक्खेय्य। तस्स तं पस्सतो निज्झायतो योनिसो उपपरिक्खतो रित्तकञ्ञेव खायेय्य, तुच्छकञ्ञेव खायेय्य, असारकञ्ञेव खायेय्य। किं हि सिया, भिक्खवे,

---

"भिक्षुओ! जैसे उत्पल, पुण्डरीक या पद्म (कमल) जल में पैदा हो कर, उस से वृद्धि प्राप्त कर के उस से अनुपलिप्त रहता है, वैसे ही तथागत भी संसार में रह कर भी, उसे पराजित (उपेक्षा) कर उस से अनुपलिप्त ही रहते हैं॥" ●

९५. फेनपिण्डोपमसूत्र : : यह शरीर निःस्सार है

१०४. एक समय भगवान् अयोध्या में गङ्गा नदी के तट पर साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय उन्होंने भिक्षुओं को यों उपदेश किया—"भिक्षुओ! इस गङ्गा नदी में बहुत अधिक फेन (झाग) बह रहा है। इस को कोई विवेकी पुरुष देखे, इस पर सूक्ष्मता से विचार करे तो उस के ऐसा करने पर उसे यही ज्ञात होगा कि यह फेन निस्सार है, तुच्छ है, अनुपयोगी है। बात भी ठीक है, भिक्षुओ! इस फेन में क्या सार हो सकता है! इसी तरह, भिक्षुओ! लोक में जो कुछ भी अतीत, अनागत या वर्तमान रूप दिखायी देता है...पूर्ववत्...वह सब निःसार है। वस्तुतः भिक्षुओ! रूप में सार हो भी क्या सकता है!

"भिक्षुओ! जैसे शरदृतु के मेघों से गिरने वाले मोटी मोटी विन्दुओं वाले जल में बुलबुले उठते रहते हैं, फूटते रहते हैं। उन को देखकर कोई भी विवेकी पुरुष, सूक्ष्मतया

उदकबुब्बुले सारो? एवमेव खो, भिक्खवे, या काचि वेदना अतीतानागतपच्चुप्पन्नं ...पे०...यं दूरे सन्तिके वा तं भिक्खु पस्सति निज्झायति योनिसो उपपरिक्खति। तस्स तं पस्सतो निज्झायतो योनिसो उपपरिक्खतो रित्तकञ्ञेव खायति, तुच्छकञ्ञेव खायति, असारकञ्ञेव खायति। किं हि सिया, भिक्खवे, वेदनाय सारो!

''सेय्यथापि, भिक्खवे, गिम्हानं पच्छिमे मासे ठिते मज्झन्हिके काले मरीचिका फन्दति। तमेनं चक्खुमा पुरिसो पस्सेय्य निज्झायेय्य योनिसो उपपरिक्खेय्य। तस्स तं पस्सतो निज्झायतो योनिसो उपपरिक्खतो रित्तकञ्ञेव खायेय्य, तुच्छकञ्ञेव खायेय्य ...पे०...किं हि सिया, भिक्खवे, मरीचिकाय सारो! एवमेव खो, भिक्खवे, या काचि सञ्ञा...पे०...।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो [N.359] तिण्हं कुठारिं आदाय वनं पविसेय्य। सो तत्थ पस्सेय्य महन्तं कदलिक्खन्धं उजुं नवं अकुक्कुकजातं। तमेनं मूले छिन्देय्य; मूले छेत्वा अग्गे छिन्देय्य, अग्गे छेत्वा पत्तवट्टिं विनिब्भुजेय्य। सो तस्स पत्तवट्टिं विनिब्भुजन्तो फेग्गुं पि नाधिगच्छेय्य, कुतो सारं! तमेनं चक्खुमा पुरिसो पस्सेय्य निज्झायेय्य योनिसो उपपरिक्खेय्य। तस्स तं पस्सतो निज्झायतो योनिसो उपपरिक्खतो रित्तकञ्ञेव खायेय्य, तुच्छकञ्ञेव खायेय्य, [R.142] असारकञ्ञेव खायेय्य। किं हि सिया, भिक्खवे, कदलिक्खन्धे सारो! एवमेव खो, भिक्खवे, ये केचि सङ्खारा अतीतानागतपच्चुप्पन्ना...पे०...ये दूरे सन्तिके वा तं [B.116] भिक्खु पस्सति निज्झायति योनिसो उपपरिक्खति। तस्स तं पस्सतो निज्झायतो योनिसो उपपरिक्खतो रित्तकञ्ञेव खायति, तुच्छकञ्ञेव खायति, असारकञ्ञेव खायति। किं हि सिया, भिक्खवे, सङ्खारेसु सारो!

निरीक्षण करते हुए उन्हें नि:सार एवं तुच्छ ही समझता है; उन में कोई सार हो भी क्या सकता है! उसी तरह भिक्षुओ! लोक में जो कुछ भी अतीत अनागत वर्तमान वेदना है...वह नि:सार ही है, उस में सार हो भी क्या सकता है!

''भिक्षुओ! जैसे ग्रीष्मर्तु के मध्याह्नकाल में बालू रेत में मृगमरीचिका दिखायी देती है, उन्हें कोई भी विवेकी पुरुष देख कर नि:सार ही समझता है; उसी तरह अनागत वर्तमान संज्ञा भी नि:सार ही है...।

''भिक्षुओ! जैसे कोई पुरुष सारमय (घन) काष्ठ लेने के लिये तीक्ष्ण कुठारी ले कर जङ्गल में जाय, वहाँ उसे केले का वृक्ष मिले। उसे वह जड़ से काट कर गिरा दे। फिर आगे काटते काटते उसे छिलका छिलका (त्वक्) कर पृथक् कर दे तो भी उसे उस में दृढ काष्ठ नहीं मिलेगा। भला, केले में कहीं दृढ काष्ठ हुआ करता है! इसी तरह, भिक्षुओ!

"सेय्यथापि, भिक्खवे, मायाकारो वा मायाकारन्तेवासी वा चातुम्महापथे मायं विदंसेय्य। तमेनं चक्खुमा पुरिसो पस्सेय्य निज्झायेय्य योनिसो उपपरिक्खेय्य। तस्स तं पस्सतो निज्झायतो योनिसो उपपरिक्खतो रित्तकञ्ञेव खायेय्य, तुच्छकञ्ञेव खायेय्य, असारकञ्ञेव खायेय्य। किं हि सिया, भिक्खवे, मायाय सारो? एवमेव खो, भिक्खवे, यं किञ्चि विञ्ञाणं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं...पे०...यं दूरे सन्तिके वा, तं भिक्खु पस्सति निज्झायति योनिसो उपपरिक्खति। तस्स तं पस्सतो निज्झायतो योनिसो उपपरिक्खतो रित्तकञ्ञेव खायति, तुच्छकञ्ञेव खायति, असारकञ्ञेव खायति। किं हि सिया, भिक्खवे, विञ्ञाणे सारो!

"एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको रूपस्मिं पि निब्बिन्दति...वेदनाय पि...सञ्ञाय पि...सङ्खारेसु पि...विञ्ञाणस्मिं पि निब्बिन्दति। निब्बिन्दं विरज्जति; विरागा विमुच्चति। विमुत्तस्मिं विमुत्तमिति ञाणं होति...पे०...नापरं इत्थत्ताया ति पजानाति"।

१०५. इदमवोच भगवा। इदं वत्वान सुगतो अथापरं एतदवोच सत्था—

"फेणपिण्डूपमं रूपं, वेदना बुब्बुलूपमा। [N.360]
मरीचिकूपमा सञ्ञा, सङ्खारा कदलूपमा।
मायूपमञ्च विञ्ञाणं, देसितादिच्चबन्धुना॥

जितने भी अतीत अनागत एवं वर्तमान संस्कार भी...असार ही हैं; क्यों कि इन संस्कारों में सार हो भी क्या सकता है!

"भिक्षुओ! जैसे कोई जादूगर या उसका शिष्य लोगों को, चौराहे पर खड़ा हो कर, अनेक प्रकार के जादू के खेल दिखाता है; उस जादू में कोई यथार्थता नहीं होती; इसी तरह, भिक्षुओ! जो कुछ भी अतीत, अनागत एवं प्रत्युत्पन्न विज्ञान है वह सब भी निःसार ही है। उस में सार हो भी क्या सकता है!

"इसी तरह, भिक्षुओ! कोई भी श्रुतवान् आर्यश्रावक रूप में, वेदना में, संज्ञा में, संस्कारों में, विज्ञान में निर्वेद तथा वैराग्य प्राप्त कर उस से विमुक्त हो जाता है। विमुक्त होने पर...इस से आगे मुझे कुछ कर्तव्य नहीं है—ऐसा जान जाता है।"

१०५. भगवान् ने यों उपदेश किया। यह उपदेश कर वे गाथाओं के माध्यम से यह भी बोले—

"रूप फेन की राशि के समान निःसार है तथा वेदना जल के बुलबुलों के समान; संज्ञा मृगमरीचिका के तुल्य एवं संस्कार केले के वृक्ष के समान निःसार हैं; विज्ञान को भी जादूगर के जादू की तरह भ्रम (धोखा) ही समझो—यही बात तथागत बुद्ध ने कही है॥

"यथा यथा निज्झायति, योनिसो उपपरिक्खति।
रित्तकं तुच्छकं होति, यो नं पस्सति योनिसो।

[R.143] "इमञ्च कायं आरब्भ, भूरिपञ्ञेन देसितं।
पहानं तिण्णं धम्मानं, रूपं पस्सथ छड्डितं॥

[B.117] "आयु उस्मा च विञ्ञाणं, यदा कायं जहन्तिमं।
अपविद्धो तदा सेति, परभत्तं अचेतनं॥

"एतादिसायं सन्तानो, मायां बाललापिनी।
वधको एस अक्खातो, सारो एत्थ न विज्जति॥

"एवं खन्धे अवेक्खेय्य, भिक्खु आरद्धवीरियो।
दिवा वा यदि वा रत्तिं, सम्पजानो पटिस्सतो॥

"जहेय्य सब्बसंयोगं, करेय्य सरणत्तनो।
चरेय्यादित्तसीसो व, पत्थयं अच्चुतं पदं" ति॥ ●

९६. गोमयपिण्डसुत्तं

१०६. सावत्थिनिदानं। एकमन्तं निसिन्नो खो सो भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—

"जैसे जैसे कोई विवेकी पुरुष इन के विषय में सूक्ष्मता से विचार करता है, त्यों त्यों ये सब उसे निःसार एवं तुच्छ ही समझ में आते हैं॥

"इस काया के विषय में भूरिप्रज्ञ भगवान् तथागत ने हम को यही समझाया है यह (काया) अनित्य, दुःख एवं अनात्म—इन तीन धर्मों से युक्त है; अतः इस रूप को त्यागने योग्य ही समझो।

"आयु, ऊष्मा एवं विज्ञान—ये तीन धर्म जब इस शरीर का साथ छोड़ देते हैं, तब यह (शरीर) निरर्थक चेतनाहीन हो कर भूमि पर गिर जाता है, उस समय दूसरे ही इस को हटाते बढाते हैं।

"यह रूप आदि की परम्परा ऐसी ही निरर्थक है, यह माया है, यह बालों (मूर्खों) को भ्रम में डालने वाली है। इसीलिये इस को विद्वान् लोग वधक (नृशंस) कहते हैं। इस में कोई सार नहीं है।

"इसी तरह साधना में उद्यम करते हुए भिक्षु को (रूप आदि) स्कन्धों के विषय में चिन्तन मनन करना चाहिये। तथा दिन एवं रात्रि—सभी समय निरन्तर प्रज्ञावान् एवं सानहितचित्त रहना चाहिये।

साधक को सभी तरह के संयोगों (बन्धनों) से मुक्त रहना चाहिये। अपना सहायक स्वयं को बनना चाहिये। इतना सावधान हो कर साधना में लगे रहना चाहिये मानो सिर पर अग्नि लगी हो और निरन्तर निर्वाण की ओर बढने का प्रयास करे॥" ●

"अत्थि नु खो, भन्ते, किञ्चि रूपं यं रूपं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सति? अत्थि नु खो, भन्ते, काचि वेदना या वेदना निच्चा धुवा सस्सता अविपरिणामधम्मा सस्सतिसमं तथेव ठस्सति? अत्थि नु खो, भन्ते, काचि सञ्ञा या सञ्ञा...पे०...अत्थि नु खो, भन्ते, केचि सङ्खारा ये सङ्खारा निच्चा धुवा सस्सता अविपरिणामधम्मा सस्सतिसमं तथेव ठस्सन्ति? अत्थि नु खो, भन्ते, [R.144] किञ्चि विञ्ञाणं, यं विञ्ञाणं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सती" ति?

"नत्थि खो, भिक्खु, किञ्चि रूपं, यं रूपं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सति। नत्थि खो, भिक्खु, काचि वेदना...काचि सञ्ञा... [N.361] केचि सङ्खारा...किञ्चि विञ्ञाणं, यं विञ्ञाणं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणाम-धम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सती" ति।

अथ खो भगवा परित्तं गोमयपिण्डं पाणिना गहेत्वा तं भिक्खुं एतदवोच— "एत्तको पि खो, भिक्खु, अत्तभावपटिलाभो नत्थि निच्चो धुवो सस्सतो अविपरिणाम-धम्मो सस्सतिसमं तथेव ठस्सति। एत्तको चे पि, भिक्खु, अत्तभावपटिलाभो अभविस्स निच्चो धुवो सस्सतो अविपरिणामधम्मो, नयिदं ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायेथ [B.118] सम्मा दुक्खक्खयाय। यस्मा च खो, भिक्खु, एत्तको पि अत्तभावपटिलाभो नत्थि निच्चो धुवो सस्सतो अविपरिणामधम्मो, तस्मा ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायति सम्मा दुक्ख-क्खयाय।

---

९६. गोमयपिण्डसूत्र : : सभी संस्कार अनित्य हैं

१०६. ...**श्रावस्ती में** ही...। एक ओर बैठे भिक्षु ने भगवान् से यह जिज्ञासा प्रकट की—"भन्ते! ऐसा भी कोई रूप है जो नित्य, ध्रुव, शाश्वत एवं अविनाशी रहता हुआ यहाँ निरन्तर स्थिर रहे। भन्ते! ऐसी कोई वेदना, ...संज्ञा...संस्कार...विज्ञान है जो नित्य...निरन्तर स्थिर रहे?"

"भिक्षु! ऐसा कोई रूप नहीं है जो नित्य...निरन्तर स्थिर रहे। न कोई ऐसी वेदना है...न संज्ञा है...न संस्कार है...न विज्ञान हैं जो नित्य...निरन्तर स्थिर रहे।"

तब भगवान् ने सामने पड़े हुए गोमय (गोबर) का कुछ भाग उठा कर उसे दिखाते हुए कहा—"भिक्षु! इतना भी आत्मभाव का प्रतिलाभ नित्य, ध्रुव...स्थिर नहीं है। यदि यह आत्मभाव का प्रतिलाभ इतना भी नित्य, ध्रुव...होता तो दुःखक्षयहेतु धर्मसाधना की आवश्यकता ही क्या रह जाती! अतः, भिक्षु! यह धर्मसाधना दुःखक्षयहेतु सार्थक मानी जाती है।

'भूतपुब्बाहं, भिक्खु, राजा अहोसिं खत्तियो मुद्धावसित्तो। तस्स मय्हं, भिक्खु, रञ्ञो सतो खत्तियस्स मुद्धावसित्तस्स चतुरासीति नगरसहस्सानि अहेसुं कुसावती नाम राजधानिप्पमुखानि। तस्स मय्हं, भिक्खु, रञ्ञो सतो खत्तियस्स मुद्धावसित्तस्स चतुरासीति पासादसहस्सानि अहेसुं धम्मपासादप्पमुखानि। तस्स मय्हं, भिक्खु, रञ्ञो सतो खत्तियस्स मुद्धावसित्तस्स चतुरासीति कूटागारसहस्सानि अहेसुं महाब्यूहकूटागारप्पमुखानि। तस्स मय्हं, भिक्खु, रञ्ञो सतो खत्तियस्स मुद्धावसित्तस्स चतुरासीति पल्लङ्कसहस्सानि अहेसुं दन्तमयानि सारमयानि सोवण्णमयानि रूपियमयानि गोणकत्थतानि पटिकत्थतानि पटलिकत्थतानि कदलिमिगपवरपच्चत्थरणानि सउत्तरच्छदानि उभतो-[R.145] लोहितकूपधानानि। तस्स मय्हं, भिक्खु, रञ्ञो सतो खत्तियस्स मुद्धावसित्तस्स चतुरासीति नागसहस्सानि अहेसुं सोवण्णालङ्कारानि सोवण्णद्धजानि हेमजालपटिच्छन्नानि उपोसथनागराजप्पमुखानि। तस्स मय्हं, भिक्खु, रञ्ञो सतो खत्तियस्स मुद्धावसित्तस्स चतुरासीति अस्ससहस्सानि अहेसुं सोवण्णालङ्कारानि सोवण्णद्धजानि हेमजालपटिच्छन्नानि वलाहकअस्सराजप्पमुखानि। तस्स मय्हं, भिक्खु, रञ्ञो सतो खत्तियस्स मुद्धावसित्तस्स चतुरासीति रथसहस्सानि अहेसुं सोवण्णालङ्कारानि सोवण्णद्धजानि हेमजालपटिच्छन्नानि वेजयन्तरथप्पमुखानि। तस्स मय्हं, भिक्खु, रञ्ञो [N.362] सतो खत्तियस्स मुद्धावसित्तस्स चतुरासीति मणिसहस्सानि अहेसुं मणिरतनप्पमुखानि। तस्स मय्हं, भिक्खु...पे०... चतुरासीति इत्थिसहस्सानि अहेसुं सुभद्दादेविप्पमुखानि। तस्स मय्हं, भिक्खु...पे०... चतुरासीति खत्तियसहस्सानि अहेसुं अनुयन्तानि परिणायकरतनप्पमुखानि। तस्स मय्हं, भिक्खु...पे०... चतुरासीति धेनुसहस्सानि

भिक्षु! मैं अपने किसी पूर्वजन्म में मूर्धाभिषिक्त राजा था। उस समय कुशावती राजधानी जैसे चौरासी हजार नगर मेरे अधीन थे, उन पर मेरा एकछत्र अधिकार था। (उन सभी नगरों में) मेरे लिये धर्मप्रासाद जैसे चौरासी हजार राजप्रासाद बने हुए थे, जिन में मैं समय समय पर सुखसुविधाओं के साथ रहता था। इसी तरह मेरे लिये उन नगरों में चौरासी हजार बुर्ज (ऊँचे निरीक्षणस्थल) बने हुए थे जिन में रह कर मैं उन नगरों का निरीक्षण करता था। उस समय मेरे पास चौरासी हजार पलंग थे, जिन पर हाथी दाँत का, उन में हीरा, सोना, चाँदी का काम हुआ था. जिन पर सफेद कम्बल तथा मृदु (श्लक्ष्ण) मृगचर्म बिछे हुए थे। उस समय मेरे पास उपोसथ मृगराज जैसे चौरासी हजार हाथी थे, जो सभी सोने के अलङ्कारों से, सोने की ध्वजाओं से युक्त थे। उस समय अश्वराज बलाहक जैसे तीव्र गति वाले चौरासी हजार घोड़े थे। वैजयन्त रथ जैसे चौरासी हजार सोने चाँदी से अलंकृत रथ थे। मणिरत्न प्रमुख जैसे, मेरे पास, चौरासी हजार रत्न थे। सुभद्रा

अहेसुं दुकूलसन्दानानि कंसूपधारणानि। तस्स मय्हं, भिक्खु...पे०...चतुरासीति वत्थकोटिसहस्सानि अहेसुं खोमसुखुमानि कोसेय्यसुखुमानि कम्बलसुखुमानि कप्पासिकसुखुमानि। तस्स मय्हं, भिक्खु...पे०...चतुरासीति थालिपाक- [B.119] सहस्सानि अहेसुं; सायं पातं भत्ताभिहारो अभिहरियित्थ।

"तेसं खो पन, भिक्खु, चतुरासीतिया नगरसहस्सानं एकञ्ञेव तं नगरं होति यमहं तेन समयेन अज्झावसामि—कुसावती राजधानी। तेसं खो पन, भिक्खु, चतुरासीतिया पासादसहस्सानं एको येव सो पासादो होति यमहं तेन समयेन [R.146] अज्झावसामि—धम्मो पासादो। तेसं खो पन, भिक्खु, चतुरासीतिया कूटागारसहस्सानं एकञ्ञेव तं कूटागारं होति यमहं तेन समयेन अज्झावसामि—महाब्यूहं कूटागारं। तेसं खो पन, भिक्खु, चतुरासीतिया पल्लङ्कसहस्सानं एको येव सो पल्लङ्को होति यमहं तेन समयेन परिभुञ्जामि—दन्तमयो वा सारमयो वा सोवण्णमयो वा रूपियमयो वा। तेसं खो पन, भिक्खु, चतुरासीतिया नागसहस्सानं एको येव सो नागो होति यमहं तेन समयेन अभिरुहामि—उपोसथो नागराजा। तेसं खो पन, भिक्खु, चतुरासीतिया अस्ससहस्सानं एको येव सो अस्सो होति यमहं तेन समयेन अभिरुहामि—वलाहको अस्सराजा। तेसं खो पन, भिक्खु, चतुरासीतिया रथसहस्सानं एको येव सो रथो होति यमहं तेन समयेन अभिरुहामि—वेजयन्तो रथो। तेसं खो पन, भिक्खु, चतुरासीतिया इत्थिसहस्सानं एको येव सा इत्थी होति या मं तेन समयेन पच्चुपट्ठाति—खत्तियानी वा वेलामिका वा। तेसं खो पन, भिक्खु, चतुरासीतिया वत्थकोटिसहस्सानं एकञ्ञेव तं वत्थयुगं होति यमहं तेन समयेन परिदहामि—खोमसुखुमं वा कोसेय्यसुखुमं [N.363] वा कम्बलसुखुमं वा कप्पासिकसुखुमं वा। तेसं खो पन, भिक्खु, चतुरासीतिया थालिपाकसहस्सानं एको येव सो थालिपाको होति यतो नाळिकोदनपरमं भुञ्जामि

देवी आदि चौरासी हजार रानियाँ थी। मेरे अधीन परिणायक रत्न जैसे चौरासी हजार राजा थे। चौरासी हजार दुधारू गौएँ थीं। चौरासी हजार वस्त्र थे। चौरासी हजार पात्र थे, जिन में पाचक (रसोइया) भोजन परोस कर दोनों समय मेरे सम्मुख लाता था।

"भिक्षु! उस समय मैं उन चौरासी हजार नगरों में से कुशावती राजधानी में ही रहता था, उन प्रासादों में धर्मप्रासाद में, कूटागारों (बुर्जों) में महाव्यूह कूटागार में। मैं उन में से एक ही पलंग का उपभोग करता था, जिस पर हाथी दाँत, सोने, चाँदी का काम हुआ था, हाथियों में से केवल उपोसथ हाथी का, घोड़ों में केवल बलाहक अश्व का, रथों में वैजयन्त रथ का। उस समय मैं एक ही स्त्री के साथ अभिरमण करता था, जो क्षत्रिय जाति की होती थी। एक ही वस्त्र का उपयोग करता था जो क्षोम का हो, रेशम का हो या मृदु

तदुपियं च सूपेय्यं। इति खो, भिक्खु, सब्बे ते सङ्खारा अतीता निरुद्धा विपरिणता। एवं [R.147] अनिच्चा खो, भिक्खु, सङ्खारा। एवं अद्धुवा खो, भिक्खु, सङ्खारा। एवं अनस्सासिका खो, भिक्खु, सङ्खारा। यावञ्चिदं, भिक्खु, अलमेव सब्बसङ्खारेसु निब्बिन्दितुं, अलं विरज्जितुं, अलं विमुच्चितुं'' ति॥ ●

९७. नखसिखासुत्तं

[B.120] १०७. सावत्थिनिदानं। एकमन्तं निसिन्नो खो सो भिक्खु भगवन्तं एतदवोच— ''अत्थि नु खो, भन्ते, किञ्चि रूपं यं रूपं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सति? अत्थि नु खो, भन्ते, काचि वेदना या वेदना निच्चा धुवा सस्सता अविपरिणामधम्मा सस्सतिसमं तथेव ठस्सति? अत्थि नु खो, भन्ते, काचि सञ्ञा...पे०...केचि सङ्खारा, ये सङ्खारा निच्चा धुवा सस्सता अविपरिणामधम्मा सस्सतिसमं तथेव ठस्सन्ति? अत्थि नु खो, भन्ते, किञ्चि विञ्ञाणं, यं विञ्ञाणं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सती'' ति?

''नत्थि खो, भिक्खु, किञ्चि रूपं, यं रूपं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सति। नत्थि खो, भिक्खु, काचि वेदना...काचि सञ्ञा...केचि सङ्खारा ...पे०...किञ्चि विञ्ञाणं, यं विञ्ञाणं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सती'' ति।

अथ खो भगवा परित्तं नखसिखायं पंसुं आरोपेत्वा तं भिक्खुं एतदवोच— ''एत्तकं पि खो, भिक्खु, रूपं नत्थि निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सति। एत्तकं चे पि, भिक्खु, रूपं अभविस्स निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणाम-

---

ऊन का कम्बल हो। उन चौरासी हजार भोजनपात्रों में आये भोजन में से केवल एक नाड़ी भर चावल या उस के साथ उस के योग्य दाल आदि का उपयोग करता था।

भिक्षु! मेरे ये सभी संस्कार अतीत हो गये, निरुद्ध हो गये, विनष्ट हो गये। क्यों कि, भिक्षु! सभी संस्कार अनित्य हैं, आश्वासनरहित है। अत: इन ऐसे संस्कारों से विरक्त रहना ही अच्छा है, मुक्त रहना ही अच्छा है॥'' ●

९७. नखशिखसूत्र : : सभी संस्कार अनित्य हैं

१०७. ...**श्रावस्ती में** ही...। ...एक ओर बैठे भिक्षु ने भगवान् से जिज्ञासा प्रकट की—''क्या, भन्ते! ऐसा कोई रूप है जो नित्य, ध्रुव, शाश्वत...पूर्ववत्... *(गोमयपिण्डसूत्र में आगत पाठ का यहाँ भी तथैव विस्तार कर लें।)*

तब भगवान् ने अपनी अंगुलि के नख पर थोड़ी सी धूल रख कर उस भिक्षु से कहा—''भिक्षु! रूप तो इतना भी नित्य, ध्रुव, अविनाशी या शाश्वत (स्थायी) नहीं है।

धम्मं नयिदं ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायेथ सम्मा दुक्खक्खयाय। यस्मा च खो, [N.364] भिक्खु, एत्तकं पि रूपं नत्थि निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं, तस्मा ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायति सम्मा दुक्खक्खयाय।

"एत्तका पि खो, भिक्खु, वेदना नत्थि निच्चा धुवा सस्सता [R.148] अविपरिणामधम्मा सस्सतिसमं तथेव ठस्सति। एत्तका चे पि, भिक्खु, वेदना अभविस्स निच्चा धुवा सस्सता अविपरिणामधम्मा, नयिदं ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायेथ सम्मा दुक्खक्खयाय। यस्मा च खो, भिक्खु, एत्तका पि वेदना नत्थि निच्चा धुवा सस्सता अविपरिणामधम्मा, तस्मा ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायति सम्मा दुक्खक्खयाय।

"एत्तका पि खो, भिक्खु, सञ्ञा नत्थि...पे०...एत्तका पि ख़ो, भिक्खु, सङ्खारा नत्थि निच्चा धुवा सस्सता अविपरिणामधम्मा सस्सतिसमं तथेव ठस्सन्ति। एत्तका चे पि, भिक्खु, सङ्खारा अभविस्संसु निच्चा धुवा सस्सता अविपरिणामधम्मा, नयिदं ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायेथ सम्मा दुक्खक्खयाय। यस्मा च खो, भिक्खु, एत्तका पि सङ्खारा नत्थि निच्चा धुवा सस्सता अविपरिणामधम्मा, तस्मा ब्रह्मचरियवासो [B.121] पञ्ञायति सम्मा दुक्खक्खयाय।

"एत्तकं पि खो, भिक्खु, विञ्ञाणं नत्थि निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सति। एत्तकं पि खो, भिक्खु, विञ्ञाणं अभविस्स निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं, नयिदं ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायेथ सम्मा दुक्खक्खयाय। यस्मा च खो, भिक्खु, एत्तकं पि विञ्ञाणं नत्थि निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं, तस्मा ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायति सम्मा दुक्खक्खयाय।

"तं किं मञ्ञसि, भिक्खु, रूपं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"।

यदि यह रूप इतना भी नित्य, ध्रुव...होता तो साधकों को दुःखक्षय के लिये धर्मसाधना की आवश्यकता ही न पड़ती! क्यों कि भिक्षु यह रूप इतना भी नित्य ध्रुव नहीं है, इसलिये साधक दुःखक्षय के लिये धर्मसाधना करता है।

"वेदना इतनी भी नित्य, ध्रुव...पूर्ववत्...।

"संज्ञा इतनी भी नित्य, ध्रुव...पूर्ववत्...।

"संस्कार इतने भी नित्य, ध्रुव...पूर्ववत्...।

"विज्ञान इतने भी नित्य, ध्रुव...पूर्ववत्...। *(गोमयपिण्डसूत्र की तरह।)*

"तो, क्या मानते हो, भिक्षु रूप नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!"

"वेदना...सञ्ञा...सङ्खारा...विञ्ञाणं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं भन्ते"। ...पे०...तस्मातिह एवं पस्सं...पे०...नापरं इत्थत्ताया ति [R.149] पजानाती ति॥

९८. सुद्धिकसुत्तं

१०८. सावत्थिनिदानं। एकमन्तं निसिन्नो खो सो भिक्खु भगवन्तं एतदवोच— [N.365] "अत्थि नु खो, भन्ते, किञ्चि रूपं, यं रूपं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सति? अत्थि नु खो, भन्ते, काचि वेदना...पे०...काचि सञ्ञा... केचि सङ्खारा...किञ्चि विञ्ञाणं, यं विञ्ञाणं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सती" ति?

"नत्थि खो, भिक्खु, किञ्चि रूपं यं रूपं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सति। नत्थि खो, भिक्खु, काचि वेदना...पे०...काचि सञ्ञा... केचि सङ्खारा...किञ्चि विञ्ञाणं, यं विञ्ञाणं निच्चं धुवं सस्सतं अविपरिणामधम्मं सस्सतिसमं तथेव ठस्सती" ति।

९९. गद्दुलबद्धसुत्तं

१०९. सावत्थिनिदानं। "अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। होति सो, भिक्खवे, समयो यं महासमुद्दो उस्सुस्सति विसुस्सति न भवति; न त्वेवाहं, भिक्खवे, अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं दुक्खस्स अन्तकिरियं

"वेदना...विज्ञान...। इसलिये ऐसा देखता हुआ...पूर्ववत्...मेरा कोई कर्तव्य शेष नहीं है—ऐसा जान लेता है।"

९८. शुद्धिकसूत्र : : सभी संस्कार अनित्य हैं

१०८. ...**श्रावस्ती में** ही...। एक ओर बैठे किसी भिक्षु ने भगवान् से यह जिज्ञासा प्रकट की—"भन्ते! ऐसा भी कोई रूप है जो नित्य, ध्रुव, शाश्वत...वेदना...संज्ञा...संस्कार... विज्ञान है जो नित्य, ध्रुव, शाश्वत...पूर्ववत्...हो?"

"नहीं, भिक्षु! ऐसा कोई रूप...वेदना...संज्ञा...संस्कार...विज्ञान नहीं है जो नित्य, ध्रुव, शाश्वत...पूर्ववत्... ॥"

९९. गद्दुलबद्धसूत्र : :अविद्याग्रस्त प्राणी का कोई अन्त नहीं

१०९. ...**श्रावस्ती में** ही...। "भिक्षुओ! इस संसार का आदि कहाँ है? —यह ज्ञात नहीं। अविद्यान्धकार में पतित, एवं तृष्णाबन्धनों से बद्ध इन सांसारिक प्राणियों को इस का पहला किनारा ज्ञात नहीं। भिक्षु! यह तो होता है कि एक समय आ जाय कि इस

वदामि। होति सो, भिक्खवे, समयो यं सिनेरु पब्बतराजा डय्हति विनस्सति न भवति; न त्वेवाहं, भिक्खवे, अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं [B.122] संसरतं दुक्खस्स अन्तकिरियं वदामि। होति सो, भिक्खवे, समयो यं महापठवी [R.150] डय्हति विनस्सति न भवति; न त्वेवाहं, भिक्खवे, अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं दुक्खस्स अन्तकिरियं वदामि।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, सा गद्दुलबद्धो दळ्हे खीले वा थम्भे वा उपनिबद्धो तमेव खीलं वा थम्भं वा अनुपरिधावति अनुपरिवत्तति; एवमेव खो, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो अरियानं अदस्सावी...पे०...सप्पुरिसधम्मे अविनीतो रूपं अत्ततो समनुपस्सति ...पे०...वेदनं अत्ततो समनुपस्सति...सञ्ञं अत्ततो समनुपस्सति...सङ्खारे अत्ततो समनुपस्सति...विञ्ञाणं अत्ततो समनुपस्सति, विञ्ञाणवन्तं वा अत्तानं; अत्तनि वा विञ्ञाणं, विञ्ञाणस्मिं वा अत्तानं। सो रूपञ्ञेव अनुपरिधावति अनुपरिवत्तति, वेदनञ्ञेव ...पे०...सञ्ञञ्ञेव...सङ्खारेयेव...विञ्ञाणञ्ञेव अनुपरिधावति अनुपरिवत्तति। सो रूपं अनुपरिधावं अनुपरिवत्तं, वेदनं... पे०...सञ्ञं...सङ्खारे...विञ्ञाणं अनुपरिधावं [N.366] अनुपरिवत्तं न परिमुच्चति रूपम्हा, न परिमुच्चति वेदनाय, न परिमुच्चति सञ्ञाय, न परिमुच्चति सङ्खारेहि, न परिमुच्चति विञ्ञाणम्हा, न परिमुच्चति जातिया जरामरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि। 'न परिमुच्चति दुक्खस्मा' ति वदामि।

समस्त महासमुद्र में एक बूँद जल न रहे; यह भी हो सकता है कि एक समय यह सुमेरु पर्वतराज जल जाय, नष्ट हो जाय; एक समय यह भी आ सकता है कि यह समस्त महापृथ्वी जल जाय, नष्ट हो जाय, लुप्त हो जाय; परन्तु मैं इन अविद्यान्धकारग्रस्त एवं तृष्णाबन्धनों से बद्ध सांसारिक प्राणियों के दुःखसमूह का कोई अन्त नहीं बता सकता।

"भिक्षुओ! जैसे कोई मनुष्य या पशु चमड़े के पट्टे (=गद्दुल) से किसी स्तम्भ में बँधा हुआ उसी स्तम्भ के चारों ओर चक्कर काटता रहता है; इसी तरह, भिक्षुओ! अज्ञ, पृथग्जन...रूप को अपना समझता है...पूर्ववत्...वेदना को...संज्ञा को...संस्कारों को...विज्ञान को अपना समझता है...पूर्ववत्...वह उस विज्ञान के ही चारों ओर चक्कर लगाता रहता है। वह उन (रूपादि) के पीछे चक्कर लगाता हुआ, उन के पीछे दौड़ता हुआ न कभी रूप से छुटकारा पा सकता है, न वेदना से, न संज्ञा से, न संस्कारों से, न विज्ञान से छुटकारा पा सकता है। इस तरह वह जाति, जरा, मरण, शोक, परिदेव आदि से कभी छुटकारा नहीं पा सकता। अर्थात् वह सदा सदा के लिये दुःखबन्धन में ही बँधा रहता है—ऐसा मैं कहता हूँ।

"सुतवा च खो, भिक्खवे, अरियसावको अरियानं दस्सावी...पे०...सप्पुरिसधम्मे सुविनीतो, न रूपं अत्ततो समनुपस्सति...पे०...न वेदनं...न सञ्ञं...न सङ्खारे...न विञ्ञाणं अत्ततो समनुपस्सति, न विञ्ञाणवन्तं वा अत्तानं; न अत्तनि वा विञ्ञाणं, न विञ्ञाणस्मिं वा अत्तानं। सो रूपं नानुपरिधावति नानुपरिवत्तति, वेदनं...सञ्ञं... सङ्खारे...विञ्ञाणं नानुपरिधावति नानुपरिवत्तति। सो रूपं अननुपरिधावं अननुपरिवत्तं, वेदनं...सञ्ञं...सङ्खारे...विञ्ञाणं अननुपरिधावं अननुपरिवत्तं परिमुच्चति रूपम्हा, परिमुच्चति वेदनाय, परिमुच्चति सञ्ञाय, परिमुच्चति सङ्खारेहि, परिमुच्चति विञ्ञाणम्हा, परिमुच्चति जातिया जरामरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि। 'परिमुच्चति दुक्खस्मा' ति वदामी" ति॥ ●

१००. दुतियगद्दुलबद्धसुत्तं

[B.123, R.151] ११०. सावत्थिनिदानं। "अनमतग्गोयं, भिक्खवे, संसारो। पुब्बा कोटि न पञ्ञायति अविज्जानीवरणानं सत्तानं तण्हासंयोजनानं सन्धावतं संसरतं। सेय्यथापि, भिक्खवे, सा गद्दुलबद्धो दळ्हे खीले वा थम्भे वा उपनिबद्धो। सो गच्छति ते पि तमेव खीलं वा थम्भं वा उपगच्छति; तिट्ठति चे पि तमेव खीलं वा थम्भं वा उपतिट्ठति; निसीदति चे पि तमेव खीलं वा थम्भं वा उपनिसीदति; निपज्जति चे पि तमेव खीलं वा थम्भं वा उपनिज्जति। एवमेव खो, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो रूपं 'एतं मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता' ति समनुपस्सति। वेदनं...सङ्खारे...विञ्ञाणं 'एतं मम,

---

(इसके विपरीत) कोई श्रुतवान् आर्यश्रावक...न रूप को अपना समझता है, न वेदना को, न संज्ञा को, न संस्कारों को...न विज्ञान को अपना समझता है, न आत्मा को विज्ञान वाला समझता है, न अपने में विज्ञान को समझता है, न विज्ञान में अपने को। वह न रूप के पीछे दौड़ता है, न वेदना के पीछे, न संज्ञा के पीछे, न संस्कारों के पीछे, न विज्ञान के पीछे। वह उन (रूपादि) के पीछे न दौड़ते हुए उन से छुटकारा पा जाता है, जाति जरा मरण शोक परिदेव एवं दौर्मनस्य से छुटकारा पा जाता है। यों 'वह एक दिन समस्त दुःखों से छुटकारा पा जाता है'—ऐसा मैं कहता हूँ॥" ●

१००. द्वितीय गद्दुलबद्धसूत्र : : निरन्तर आत्मचिन्तन ही श्रेयस्कर है

११०. ...**श्रावस्ती में** ही...। "भिक्षुओ! इस संसार का आदि कोई नहीं जानता। अविद्यानीवरणों तथा तृष्णासंयोजनों से बद्ध प्राणियों के लिये इस संसार का पहला किनारा जानना सम्भव नहीं है। भिक्षुओ! जैसे कोई चर्मपट्ट (=गद्दुल) के सहारे किसी स्तम्भ से बँधा हुआ हो। वह चलता है तो, खड़ा होता है तो, बैठता है तो, लेटता है तो उसी स्तम्भ के आसपास ही चलता है, खड़ा होता है, बैठता है या लेटता है। इसी तरह,

एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता' ति समनुपस्सति। सो गच्छति चे पि इमे [N.367] पञ्चुपादानक्खन्धे उपगच्छति; तिट्ठति चे पि इमे पञ्चुपादानक्खन्धे उपतिट्ठति; निसीदति चे पि इमे पञ्चुपादानक्खन्धे उपनिसीदति; निपज्जति चे पि इमे पञ्चुपादानक्खन्धे उपनिज्जति। तस्मातिह, भिक्खवे, अभिक्खणं सकं चित्तं पच्चवेक्खितब्बं—'दीघरत्तमिदं चित्तं सङ्किलिट्ठं रागेन दोसेन मोहेना' ति। चित्तसङ्किलेसा, भिक्खवे, सत्ता सङ्किलिस्सन्ति; चित्तवोदाना सत्ता विसुज्झन्ति।

"दिट्ठं वो, भिक्खवे, चरणं नाम चित्तं" ति?

"एवं, भन्ते"।

"तं पि खो, भिक्खवे, चरणं नाम चित्तं चित्तेनेव चित्तितं। तेन पि खो, भिक्खवे, चरणेन चित्तेन चित्तञ्ञेव चित्ततरं। तस्मातिह, भिक्खवे, अभिक्खणं सकं चित्तं पच्चवेक्खितब्बं—'दीघरत्तमिदं चित्तं सङ्किलिट्ठं रागेन दोसेन मोहेना' ति। चित्त-सङ्किलेसा, भिक्खवे, सत्ता सङ्किलिस्सन्ति; चित्तवोदाना सत्ता विसुज्झन्ति।

"नाहं, भिक्खवे, अञ्ञं एकनिकायं पि समनुपस्सामि एवं चित्तं। यथयिदं,

---

भिक्षुओ! अज्ञ, पृथग्जन...रूप को 'यह मेरा है', 'यह मैं हूँ' या 'यह मेरी आत्मा है'—ऐसा समझता रहता है। वेदना को, संज्ञा को, संस्कारों को, विज्ञान को 'यह मेरा है'...ऐसा समझता रहता है। वह अपना चलना, खड़े होना, बैठना या लेटना आदि क्रियाएँ इन्हीं पाँचों उपादानस्कन्धों के आसपास ही करता रहता है। अत: भिक्षुओ! साधक को प्रतिक्षण यह प्रत्यवेक्षण करते रहना चाहिये—'मेरा चित्त बहुत समय से राग, द्वेष, मोह से कलुषित है।' भिक्षुओ! यह अच्छी तरह समझ लो कि ये चित्तविकार ही प्राणी को दु:ख एवं सङ्कट में डालते हैं तथा उसकी चित्तशुद्धि ही प्राणियों को शुद्ध (विकाररहित) करती है।

"भिक्षुओ! तुमने पटहारियों के चित्रित वस्त्रों को देखा है[१]?"

"हाँ, भन्ते!"

"भिक्षुओ! पटहारियों द्वारा बनाये गये वे चित्र भी स्वचित्त से ही चित्रित किये जाते हैं। वे पटहारी उन चित्रों को, स्वचित्त से सोच सोच कर उन वस्त्रों पर चित्रित करते हैं। अत:, भिक्षुओ! निरन्तर आत्मचिन्तन में रत रहना चाहिये कि बहुत समय से मेरा चित्त...पूर्ववत्...।

---

१. **चरणं नाम चित्तं**—एक विशिष्ट जाति वाले वस्त्र-व्यापारी, कपड़ों पर अनेक तरह के चित्र बनवा कर उन्हें बेचते हैं; जैसे सुगति दुर्गति के चित्र, या सम्पत्ति विपत्ति के चित्र, तथा 'यह कर्म करने से मनुष्य यह (सुगति) पाता है' तथा 'यह कर्म करने से यह (दुर्गति) पाता है' यह कहते हुए उन चित्रों को दिखा कर उन वस्त्रों को बेचते हैं—**अट्ठकथा**।

[R.152] भिक्खवे, तिरच्छानगता पाणा, ते पि खो, भिक्खवे, तिरच्छानगता पाणा चित्तेनेव चित्तिता, ते हि पि खो, भिक्खवे, तिरच्छानगतेहि पाणेहि चित्तञ्ञेव चित्ततरं। तस्मातिह, भिक्खवे, अभिक्खणं सकं चित्तं पच्चवेक्खितब्बं—'दीघरत्तमिदं चित्तं सङ्किलिट्ठं रागेन दोसेन मोहेना' ति! चित्तसङ्किलेसा, भिक्खवे, सत्ता सङ्किलिस्सन्ति; चित्तवोदाना सत्ता विसुज्झन्ति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, रजको वा चित्तकारको वा रजनाय वा लाखाय वा [B.124] हलिद्दिया वा नीलिया वा मञ्जिट्ठाय वा सुपरिमट्ठे फलके वा भित्तिया वा दुस्सपट्टे वा इत्थिरूपं वा पुरिसरूपं वा अभिनिम्मिनेय्य सब्बङ्गपच्चङ्गिं; एवमेव खो, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो रूपञ्ञेव अभिनिब्बत्तेन्तो अभिनिब्बत्तेति। वेदनञ्ञेव ...सञ्ञञ्ञेव...सङ्खारे येव... विञ्ञाणञ्ञेव अभिनिब्बत्तेन्तो अभिनिब्बत्तेति। तं किं मञ्ञथ, भिक्खवे, रूपं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"।

"वेदना...सञ्ञा...सङ्खारा...विञ्ञाणं...पे०...तस्मातिह, भिक्खवे,...पे०...एवं [N.368] पस्सं...पे०...नापरं इत्थत्ताया ति पजानाती" ति॥

१०१. वासिजटसुत्तं

१११. सावत्थिनिदानं। "जानतो अहं, भिक्खवे, पस्सतो आसवानं खयं वदामि, नो अजानतो नो अपस्सतो। किञ्च, भिक्खवे, जानतो किं पस्सतो आसवानं खयो

"भिक्षुओ! चित्त के समान दूसरा कोई एक धर्म नहीं है। पशु पक्षी भी अपने चित्त के कारण ऐसे हुए हैं। इन तिरश्चीन (पशुपक्षी) प्राणियों में भी चित्त ही प्रधान है। अत: साधक को निरन्तर आत्मचिन्तन करते रहना चाहिये कि मेरा चित्त बहुत काल से राग, द्वेष, मोह...पूर्ववत्...।

"भिक्षुओ! जैसे कोई रंगरेज या चित्रकार रंग भर कर, या लेखनी द्वारा, या हल्दी, मजीठ से भली भाँति स्वच्छ किये फलक (काष्ठपट्ट) या दीवार या किसी वस्त्र पर स्त्री या पुरुष का सर्वाङ्गसम्पन्न चित्र बना दे; इसी तरह, भिक्षुओ! कोई अज्ञ पृथग्जन रूप में ही आसक्त रह कर वेदना में ही, संज्ञा में ही, संस्कारों में ही, विज्ञान में ही आसक्त रह कर उसी में रमा रहता है। तो क्या मानते हो, भिक्षुओ! रूप नित्य है या अनित्य?" "अनित्य है, भन्ते!" "...वेदना, संज्ञा, संस्कार, विज्ञान नित्य है या अनित्य?" "अनित्य है, भन्ते!" ...पूर्ववत्...अब मेरा कोई कर्तव्य शेष नही है—ऐसा जान जाता है॥"

१०१. वासिजटसूत्र : : भावना द्वारा आश्रवों का क्षय

१११. ...**श्रावस्ती में** ही...। "भिक्षुओ! मैं स्वयं जान कर, साक्षात्कार कर आश्रवों

होति? 'इति रूपं, इति रूपस्स समुदयो, इति रूपस्स अत्थङ्गमो; इति वेदना...पे०...इति सञ्ञा...इति सङ्खारा...इति विञ्ञाणं, इति विञ्ञाणस्स समुदयो, इति [R.153] विञ्ञाणस्स अत्थङ्गमो' ति—एवं खो, भिक्खवे, जानतो एवं पस्सतो आसवानं खयो होति।

"भावनानुयोगं अननुयुत्तस्स, भिक्खवे, भिक्खुनो विहरतो किञ्चापि एवं इच्छा उप्पज्जेय्य—'अहो वत मे अनुपादाय आसवेहि चित्तं विमुच्चेय्या' ति, अथ ख्वस्स नेव अनुपादाय आसवेहि चित्तं विमुच्चति। तं किस्स हेतु? 'अभावितत्ता' तिस्स वचनीयं। किस्स अभावितत्ता? अभावितत्ता चतुन्नं सतिपट्ठानानं, अभावितत्ता चतुन्नं सम्मप्पधा-नानं, अभावितत्ता चतुन्नं इद्धिपादानं, अभावितत्ता पञ्चन्नं इन्द्रियानं, अभावितत्ता पञ्चन्नं बलानं, अभावितत्ता सत्तन्नं बोज्झङ्गानं, अभावितत्ता अरियस्स अट्ठङ्गिकस्स मग्गस्स।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, कुक्कुटिया अण्डानि अट्ठ वा दस वा द्वादस वा। तानस्सु कुक्कुटिया न सम्मा अधिसयितानि, न सम्मा परिसेदितानि, न सम्मा परिभावितानि। किञ्चापि तस्सा कुक्कुटिया एवं इच्छा उप्पज्जेय्य—'अहो, वत मे कुक्कुटपोतका [B.125] पादनखसिखाय वा मुखतुण्डकेन वा अण्डकोसं पदालेत्वा सोत्थिना अभि-निब्भिज्जेय्युं' ति, अथ खो अभब्बा व ते कुक्कुटपोतका पादनखसिखाय वा मुखतुण्डकेन

के क्षय का उपदेश करता हूँ, स्वयं विना जाने या विना साक्षात्कार किये नहीं। जान कर, समझ कर, भिक्षुओ! आश्रवों का क्षय कैसे होता है? 'यह रूप है', 'यह रूपों का समुदय है', 'यह रूपों का निरोध है', 'यह रूपनिरोधगामी मार्ग है'—ऐसा जान कर समझ कर, यह वेदना, यह संज्ञा, यह संस्कार, यह विज्ञान...ऐसा जान कर समझ कर आश्रवों का क्षय होता है।

"भिक्षुओ! गुरुजनानुमोदित साधना मे भली भाँति न लगे हुए भिक्षु की यह इच्छा भी हो सकती है—'अरे! यह मेरा चित्त उपादानरहित आश्रवों से विमुक्त हो जाय', परन्तु उस का चित्त विमुक्त होता नहीं। वह क्यों? वह इसलिये कि उस की साधना उचित रूप से नहीं हुई है, उस ने उस का अभ्यास उचित रीति से नहीं किया है। किस का अभ्यास? चार स्मृतिप्रस्थानों का, चार सम्यक्प्रधानों का, चार ऋद्धिपादों का, पाँच इन्द्रियों का, पाँच बलों का, सात बोध्यङ्गों का तथा आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग का अभ्यास।

पहली उपमा—"भिक्षुओ! जैसे किसी मुर्गी के आठ दश या बारह अण्डे हों, वह मुर्गी उन अण्डों की न ठीक से देखभाल करे, न ठीक से उन्हें सेवे। फिर भी उस की यह इच्छा हो—'मेरे ये बच्चे अपने पैरों के नखाग्रभाग से या अपनी चोंच से अण्डे फोड़ कर बाहर निकल आवें।' परन्तु वे बच्चे ऐसा न कर पावें; क्यों कि उन अण्डों की मुर्गी द्वारा

वा अण्डकोसं पदालेत्वा सोत्थिना अभिनिब्भिज्जितुं। तं किस्स हेतु? तथा हि पन, भिक्खवे, कुक्कुटिया अण्डानि अट्ठ वा दस वा द्वादस वा; तानि कुक्कुटिया न सम्मा अधिसयितानि, न सम्मा परिसेदितानि, न सम्मा परिभावितानि। एवमेव खो, भिक्खवे, [N.369] भावनानुयोगं अननुयुत्तस्स भिक्खुनो विहरतो किञ्चापि एवं इच्छा उप्पज्जेय्य— 'अहो, वत मे अनुपादाय आसवेहि चित्तं विमुच्चेय्या' ति, अथ ख्वस्स नेव अनुपादाय आसवेहि चित्तं विमुच्चति। तं किस्स हेतु? 'अभावितत्ता' तिस्स वचनीयं। किस्स अभावितत्ता? अभावितत्ता चतुन्नं सतिपट्ठानानं...पे०...अट्ठङ्गिकस्स मग्गस्स।

[R.154] "भावनानुयोगं अनुयुत्तस्स, भिक्खवे, भिक्खुनो विहरतो किञ्चापि न एवं इच्छा उप्पज्जेय्य—'अहो, वत मे अनुपादाय आसवेहि चित्तं विमुच्चेय्या' ति, अथ ख्वस्स अनुपादाय आसवेहि चित्तं विमुच्चति। तं किस्स हेतु? 'भावितत्ता' तिस्स वचनीयं। किस्स भावितत्ता? भावितत्ता चतुन्नं सतिपट्ठानानं, भावितत्ता चतुन्नं सम्मप्पधानानं, भावितत्ता चतुन्नं इद्धिपादानं, भावितत्ता पञ्चन्नं इन्द्रियानं, भावितत्ता पञ्चन्नं बलानं, भावितत्ता सत्तन्नं बोज्झङ्गानं, भावितत्ता अरियस्स अट्ठङ्गिकस्स मग्गस्स।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, कुक्कुटिया अण्डानि अट्ठ वा दस वा द्वादस वा, तानस्सु कुक्कुटिया सम्मा अधिसयितानि, सम्मा परिसेदितानि, सम्मा परिभावितानि। किञ्चापि तस्सा कुक्कुटिया न एवं इच्छा उप्पज्जेय्य—'अहो वत मे कुक्कुटपोतका पादनखसिखाय वा मुखतुण्डकेन वा अण्डकोसं पदालेत्वा सोत्थिना अभिनिब्भिज्जेय्युं' ति, अथ खो भब्बा व ते कुक्कुटपोतका पादनखसिखाय वा मुखतुण्डकेन वा अण्डकोसं पदालेत्वा सोत्थिना अभिनिब्भिज्जितुं। तं किस्स हेतु? तथा हि पन, भिक्खवे, कुक्कुटिया अण्डानि अट्ठ वा दस वा द्वादस वा; तानस्सु कुक्कुटिया सम्मा अधिसयितानि, सम्मा परिसेदितानि, सम्मा परिभावितानि। एवमेव खो, भिक्खवे, भावनानुयोगं अननुयुत्तस्स भिक्खुनो विहरतो किञ्चापि न एवं इच्छा उप्पज्जेय्य—'अहो वत मे अनुपादाय आसवेहि चित्तं [B.126] विमुच्चेय्या' ति, अथ ख्वस्स अनुपादाय आसवेहि चित्तं विमुच्चति। तं किस्स हेतु? 'भावितत्ता' तिस्स वचनीयं। किस्स भावितत्ता? भावितत्ता चतुन्नं सतिपट्ठानानं ...पे०...भावितत्ता अरियस्स अट्ठङ्गिकस्स मग्गस्स।

भली भाँति देखभाल नहीं हुई है। इसी तरह, भिक्षुओ! गुरुजनानुमोदित साधना में भली भाँति न लगे हुए भिक्षु को ऐसी इच्छा...पूर्ववत्...आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग का अभ्यास।

(इसके विपरीत) किसी मुर्गी के आठ, दश या बारह अण्डे हों, उन्हें वह मुर्गी भली भाँति सेवे। फिर उस को यह इच्छा हो—'मेरे ये बच्चे...पूर्ववत्...आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग का भली भाँति अभ्यास किया है।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, पलगण्डस्स वा पलगण्डन्तेवासिस्स वा वासिजटे दिस्सन्ते अङ्गुलिपदानि दिस्सन्ति अङ्गुट्ठपदं। नो च ख्वस्स एवं ञाणं होति—'एत्तकं वत मे अज्ज वासिजटस्स खीणं, एत्तकं हिय्यो, एत्तकं परे' ति। एवमेव [N.370, R.155] खो, भिक्खवे, भावनानुयोगं अनुयुत्तस्स भिक्खुनो विहरतो किञ्चापि न एवं ञाणं होति—'एत्तकं वत मे अज्ज आसवानं खीणं, एत्तकं हिय्यो, एत्तकं परे' ति, अथ ख्वस्स खीणे खीणन्त्वेव ञाणं होति। सेय्यथापि, भिक्खवे, सामुद्दिकाय नावाय वेत्तबन्धन-बन्धाय वस्समासानि उदके परियादाय हेमन्तिकेन थलं उक्खित्ताय वातातपपरेतानि वेत्तबन्धनानि तानि पावुसकेन मेघेन अभिप्पवुट्ठानि अप्पकसिरेनेव पटिप्पस्सम्भन्ति पूतिकानि भवन्ति; एवमेव खो, भिक्खवे, भावनानुयोगं अनुयुत्तस्स भिक्खुनो विहरतो अप्पकसिरेनेव संयोजनानि पटिप्पस्सम्भन्ति पूतिकानि भवन्ती" ति। •

१०२. अनिच्चसञ्ञासुत्तं

११२. सावत्थिनिदानं। "अनिच्चसञ्ञा, भिक्खवे, भाविता बहुलीकता सब्बं कामरागं परियादियति, सब्बं रूपरागं परियादियति, सब्बं भवरागं परियादियति, सब्बं अविज्जं परियादियति, सब्बं अस्मिमानं समूहनति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, सरदसमये कस्सको महानङ्गलेन कस्सन्तो सब्बानि

दूसरी उपमा—जैसे भिक्षुओ! निरन्तर कार्य करते रहने से किसी बढई (मिस्त्री) या उस के किसी शिष्य के हाथ की छाप या अंगुलियों के चिह्न उस के वसुले के हत्थे पर पड़े हुए दिखायी देते हैं, परन्तु उस को यही ज्ञात नहीं होता है कि आज मेरे इस वसुले का हत्था (डण्डा) इतना घिस गया है, इतना कल या इतना पहले। इसी तरह, भिक्षुओ! साधना में यथोचित रीति से लगे हुए साधक को यह ज्ञात नहीं होता कि साधना के कारण आज मेरे आश्रव इतने क्षीण हो गये हैं, कल इतने क्षीण हुए थे, परसों इतने हुए थे। परन्तु इनके क्षीण होने पर ही 'मेरे आश्रव क्षीण हो गये'—ऐसा ज्ञान हो पाता है।

तीसरी उपमा—जैसे कोई बेंत के बन्धनों से बँधी हुई, वर्षा ऋतु में समुद्र में चलने वाली नौका, हेमन्त ऋतु आने पर, भूमि पर डाल देने पर वायु एवं धूप से सूख कर बेंत के बन्धन ढीले हो जाने पर पुनः वर्षा ऋतु में पहली वर्षा के होते ही सड़ गल कर नष्ट हो जाते हैं; भिक्षुओ! वैसे ही भावनायुक्त भिक्षु के सभी १० संयोजन नष्ट हो जाते हैं॥" •

१०२. अनित्यसंज्ञासूत्र : : अनित्य संज्ञा की भावना

११२. ...**श्रावस्ती में** ही...।"भिक्षुओ! अनित्य संज्ञा की भावना करने से कामराग, रूपराग, भवराग एवं अविद्या का प्रहाण हो जाता है, सर्वविध अहङ्कार एवं ममत्व प्रहीण हो जाता है।

मूलसन्तानकानि सम्पदालेन्तो कसति; एवमेव खो भिक्खवे, अनिच्चसञ्ञा भाविता बहुलीकता सब्बं कामरागं परियादियति, सब्बं रूपरागं परियादियति, सब्बं भवरागं परियादियति, सब्बं अविज्जं परियादियति, सब्बं अस्मिमानं समूहनति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, बब्बजलायको बब्बजं लायित्वा अग्गे गहेत्वा ओधुनाति निद्धुनाति निच्छोटेति; एवमेव खो, भिक्खवे, अनिच्चसञ्ञा भाविता बहुलीकता सब्बं कामरागं परियादियति...पे०...सब्बं अस्मिमानं समूहनति।

[B.127, R.156] "सेय्यथापि, भिक्खवे, अम्बपिण्डिया वण्टच्छिन्नाय यानि तत्थ अम्बानि वण्टपटिबन्धानि सब्बानि तानि तदन्वयानि भवन्ति; एवमेव खो, भिक्खवे, [N.371] अनिच्चसञ्ञा भाविता...पे०...सब्बं अस्मिमानं समूहनति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, कूटागारस्स या काचि गोपानसियो सब्बा ता कूटङ्गमा कूटनिन्ना कूटसमोसरणा, कूटं तासं अग्गमक्खायति; एवमेव खो, भिक्खवे, अनिच्चसञ्ञा भाविता... पे०...सब्बं अस्मिमानं समूहनति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, ये केचि मूलगन्धा काळानुसारिगन्धो तेसं अग्गमक्खायति; एवमेव खो, भिक्खवे, अनिच्चसञ्ञा...पे०...सब्बं अस्मिमानं समूहनति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, ये केचि सारगन्धा, लोहितचन्दनं तेसं अग्गमक्खायति; एवमेव खो, भिक्खवे, अनिच्चसञ्ञा...पे०...सब्बं अस्मिमानं समूहनति।

"भिक्षुओ! जैसे शरदृतु के समय कोई कृषक किसी खेत को अच्छे हल से जोतता हुआ उस में पैदा हुए झाड़ झङ्खाड़ को मूलतः विनष्ट करता हुआ जोतता है; उसी प्रकार साधक अनित्य संज्ञा की भावना को बढाता हुआ, उस का विस्तार करता हुआ सभी तरह के कामराग, रूपराग, भवराग एवं अविद्या का प्रहाण करता हुआ अपने अहङ्कार एवं ममत्व को छिन्न भिन्न कर डालता है।

"भिक्षुओ! जैसे कोई घास खोदने वाला खेत के निरर्थक घास को मूलतः खोद कर इधर उधर खेत से बाहर निकाल फेंक देता है; उसी तरह भिक्षुओ! अनित्य संज्ञा की भावना शनैः शनैः बढाते रहने से उस के सभी कामराग...पूर्ववत्...छिन्न भिन्न हो जाते हैं।

"भिक्षुओ! जैसे किसी आम के गुच्छे की टहनी (वृन्त) कट जाने से उस में लगे सभी आम के फल नीचे गिर जाते हैं; भिक्षुओ! वैसे ही अनित्य संज्ञा की भावना...।

"भिक्षुओ! जैसे किसी कूटागार के सभी धरण (शहतीर) कूट की तरफ ही आलम्बित रहते हैं, कूट की ओर ही झुके रहते हैं; उसी प्रकार अनित्य संज्ञा की भावना...।

"भिक्षुओ! जैसे सभी गन्धवृक्षों में रक्तचन्दन उत्तम समझा जाता है; वैसे ही अनित्य संज्ञा की भावना...।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, ये केचि पुप्फगन्धा, वस्सिकं तेसं अग्गमक्खायति; एवमेव खो, भिक्खवे, अनिच्चसञ्ञा...पे०...सब्बं अस्मिमानं समूहनति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, ये केचि कुट्टराजानो सब्बेते रञ्ञो चक्कवत्तिस्स अनुयन्ता भवन्ति, राजा तेसं चक्कवत्ति अग्गमक्खायति; एवमेव खो, भिक्खवे, अनिच्चसञ्ञा ...पे०... सब्बं अस्मिमानं समूहनति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, या काचि तारकरूपानं पभा सब्बा ता चन्दिमप्पभाय कलं नाग्घन्ति सोळसिं, चन्दप्पभा तासं अग्गमक्खायति; एवमेव खो, भिक्खवे, अनिच्चसञ्ञा...पे० ...सब्बं अस्मिमानं समूहनति।

